सूर्योदय : 6:03
सूर्यास्त : 6:20
अधिकतम तापमान : 37.0
न्यूनतम : 22.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-277 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 02 अप्रैल 2025
02 शव्वाल 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com



# बरेली में अब दंगा नहीं, सब चंगा: योगी

- मुख्यमंत्री योगी ने स्कूल चलो अभियान और संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ किया
- सपा मुखिया को गोबर से दुर्गंध आती, अपने कृत्यों से नहीं
- बरेली को नाथनगरी की दी पहचान : मुख्यमंत्री



**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को बरेली से स्कूल चलो अभियान और संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने बरेली कॉलेज मैदान में जनसभा को संबोधित किया।

उन्होंने सपा मुखिया अखिलेश यादव पर जमकर निशाना साधा। कहा कि सपा मुखिया को गोबर से दुर्गंध आती है। इनकी असलियत यही है, क्योंकि ये गोमाता को कसाइयों के हवाले करते थे। हमने कसाइयों को जहन्नुम भेजा तो इनको परेशानी हुई। योगी ने कहा कि हमारी सरकार गो संरक्षण का काम कर रही है। सीएम योगी ने कहा कि अब बरेली बदल चुका है। यह वही बरेली है, जहां 2017 के पहले दंगे हुआ करते थे। पिछले आठ वर्षों में यहां एक भी दंगा नहीं हुआ। बरेली में अब दंगा नहीं, सब चंगा है। दंगाई अब चूहे की तरह बिलबिलाते हैं, लेकिन बिल से बाहर निकलने का दुस्साहस नहीं कर पाते। उन्हें मालूम है कि दंगा करेंगे तो दुष्परिणाम क्या होगा। बाप-दादा ने जो कमाई की है, वो सब एक झटके में सरकार जब्त करके गरीबों में बांटने का काम करेगी। बरेली दंगा सिटी नहीं, अब स्मार्ट सिटी की पहचान बना चुकी है। उन्होंने कहा कि बरेली विकास के पथ पर अग्रसर हुआ है।

इंफ्रास्ट्रक्चर का नया मॉडल दे रहा है। पिछली सरकार ने बरेली को झुमका से जोड़ा था। हमने बरेली को नाथनगरी के रूप से नाथ कॉरिडोर देकर पुरानी पहचान दिलाने का काम किया है। विकास के नए मॉडल के रूप में बरेली को आगे बढ़ाया जा रहा है। यहां निवेश आ रहे हैं। इंडस्ट्री लग रही है। बरेली दंगा सिटी नहीं, अब स्मार्ट सिटी की पहचान बना चुकी है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि निराश्रित गोवंश समाजवादी पार्टी की देन है। इन लोगों ने गायों को लावारिस छोड़ दिया था। सपा मुखिया को गोबर से दुर्गंध आती हैं। इनको अपने कृत्यों से दुर्गंध नहीं आती। इनकी असलियत यही है, क्योंकि ये गोमाता को कसाइयों के हवाले करते थे। हमने कसाइयों को जहन्नुम भेजा तो इनको परेशानी हुई है। उन्होंने कहा कि हमारे मंत्री गो संरक्षण कर रहे हैं। प्रदेश में 7700 निराश्रित गो आश्रय स्थल बनवाए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश में वर्ष 2017 में 01 करोड़ 34 लाख बच्चों ने स्कूलों में अपना नामांकन कराया था। इनमें से 60 फीसदी बच्चे ऐसे थे, जो कभी स्कूल नहीं जाते थे। प्रदेश सरकार द्वारा स्कूलों का कायाकल्प कराए जाने के पश्चात गत वर्ष 01 करोड़ 91 लाख बच्चों के अभिभावकों के खाते में डी0बी0टी0 के माध्यम से 1,200 रुपये भेजने का काम किया गया। प्रदेश के 96 फीसदी स्कूलों में ऑपरेशन कायाकल्प के माध्यम से पेयजल, स्कूल फ्लोरिंग, स्मार्ट क्लासेस, डिजिटल लाइब्रेरी, फर्नीचर तथा बालक बालिकाओं के लिए अलग-अलग टॉयलेट की व्यवस्था की गई है।

# लोकसभा में वक्फ बिल विधेयक आज होगा पेश

- संसद में मौजूद रहें सभी सांसद, भाजपा ने जारी किया व्हिप




**नई दिल्ली।** संसद की एक संयुक्त समिति की रिपोर्ट के बाद संशोधित किये गए वक्फ विधेयक को लोकसभा में विचार और पारित किये जाने के लिए बुधवार को लाया जाएगा। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि विधेयक पर आठ घंटे की प्रस्तावित चर्चा के बाद, अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजीजू चर्चा का जवाब देंगे और इस विधेयक को पारित किये जाने के लिए सदन की मंजूरी लेंगे। सूत्रों ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) की बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा हुई। लोकसभा में वक्फ विधेयक के पेश होने से पहले भारतीय जनता पार्टी ने सभी लोकसभा सांसदों को कल यानी 02 अप्रैल को संसद में उपस्थित रहने के लिए व्हिप जारी किया है। पिछले साल विधेयक पेश करते समय सरकार ने इसे दोनों सदनों की एक संयुक्त समिति को भेजने का प्रस्ताव किया था। समिति द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत किये जाने के बाद, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इसकी अनुशंसा के आधार पर मूल विधेयक में कुछ बदलावों को मंजूरी दी थी। कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में विपक्ष ने विधेयक पर चर्चा के लिए 12 घंटे का समय मांगा, जबकि सरकार ने कहा कि मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने की निंदा करने वाले वैधानिक प्रस्ताव पर चर्चा कराई जाएगी, इसलिए वक्फ विधेयक के लिए आठ घंटे से अधिक समय नहीं दिया जा सकता।

### प्रयागराज में मकान ढहाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणी

# हमारी अंतरात्मा को झकझोर कर रख दिया : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार और प्रयागराज विकास प्राधिकरण की खिंचाई की। कोर्ट ने शहर में मकान ढहाने को अमानवीय और अवैध बताया। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि ध्वस्तीकरण की कार्रवाई अमानवीय तरीके से की गई। कोर्ट ने यह भी कहा कि देश में कानून का शासन है और नागरिकों के आवासीय ढांचों को इस तरह से नहीं ढहाया जा सकता। पीठ ने कहा, इसने हमारी अंतरात्मा को झकझोर कर रख दिया है। आश्रय का अधिकार, कानून की उचित प्रक्रिया जैसी कोई चीज होती है। इसके बाद शीर्ष अदालत ने प्राधिकरण को निर्देश दिया कि वह छह हफ्ते के अंदर मकान मालिकों को 10-10 लाख रुपये का मुआवजा दे। इससे पहले शीर्ष कोर्ट ने प्रयागराज में उचित कानूनी प्रक्रिया का पालन किए बिना ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार की खिंचाई की थी और कहा था कि इससे चौंकाने वाला और गलत संकेत गया है।

# बनासकांठा में पटाखा गोदाम में कई धमाके, 18 मजदूरों की जलकर मौत

- गोदाम की कई दीवारें ढही, दूर-दूर तक फैला मलबा
- दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़ने की संभावना




**बनासकांठा।** बनासकांठा के डीसा में धुनवा रोड पर एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट होने से भीषण आग लग गई। आग में 18 मजदूरों के मरने की खबर है। घटना की सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पाया।


एक के बाद एक कई धमाके होते ही गोदाम की कई दीवारें ढही और मलबा दूर-दूर तक फैल गया। घटना के बाद जांच के आदेश दिए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार फैक्ट्री में जब मजदूर पटाखे बना रहे थे, तभी जोरदार विस्फोट हुआ। इसके चलते कुछ श्रमिकों के शव दूर जाकर गिरे। घटना से अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मलबा हटाने का काम भी किया गया है। इस दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है। घटना के बारे में प्राप्त विवरण के अनुसार, डीसा के धुनवा रोड पर दीपक ट्रेडर्स नामक पटाखा फैक्ट्री स्थित है। आज आतिशबाजी बनाते समय विस्फोटक पदार्थ में अचानक विस्फोट हो गया, जिसके चलते आग लग गई। चूंकि यह एक पटाखा फैक्ट्री थी, इसलिए आग ने जल्द ही विकराल रूप ले लिया। घटना के समय फैक्ट्री में कितने श्रमिक मौजूद थे, इस बारे में फिलहाल कोई आधिकारिक जानकारी उपलब्ध नहीं है। आग जैसे ही फैली घटना से अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए हैं

# जिनपिंग ने भारत की ओर बढ़ाया दोस्ती का हाथ

## ड्रैगन-हाथी टैंगो के रूप में मजबूत हों रिश्ते

**बीजिंग।** चीन ने एक बार फिर भारत की ओर दोस्ती का हाथ बढ़ाया है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने मंगलवार को कहा कि चीन और भारत को और अधिक निकटता से मिलकर काम करना चाहिए। दोनों देशों रिश्ते को ड्रैगन-हाथी टैंगो का रूप लेना चाहिए। यह हमारे प्रतीकात्मक जानवरों के बीच नृत्य है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को चीन-भारत के राजनयिक संबंधों की शुरुआत की 75वीं वर्षगांठ पर बधाई संदेश में चीनी राष्ट्रपति ने यह बात कही। इस मौके पर राष्ट्रपति मुर्मू ने भी चीनी राष्ट्रपति को बधाई दी। कहा कि पड़ोसियों को शांतिपूर्ण ढंग से सह-अस्तित्व के तरीके ढूंढने चाहिए। वह प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मामलों में संचार और समन्वय को बढ़ाने, सीमावर्ती क्षेत्रों में संयुक्त रूप से शांति की रक्षा करने के लिए तैयार हैं।



# बरेली को मिली 932 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात, सीएम योगी ने किया लोकार्पण और शिलान्यास

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज बरेली में 932 करोड़ रुपये की लागत वाली 132 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इसके साथ ही, उन्होंने पूरे प्रदेश के लिए 2500 नई एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर योगी ने कहा कि इन नई एंबुलेंस से स्वास्थ्य सेवाएं और मजबूत होंगी। उन्होंने बताया कि 2017 से पहले 108 एंबुलेंस सेवा का रिस्पांस टाइम 17 से 19 मिनट था, जो अब घटकर 7 मिनट से कम हो गया है। इस सुधार के लिए 2500 नई एंबुलेंस को सेवा में शामिल किया गया है।

मुख्यमंत्री ने बरेली से ही स्कूल चलो अभियान और संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों की हालत बेहद खराब थी। कई स्कूल बंद होने की कगार पर थे, जहां न टॉयलेट थे, न पीने का पानी, न फर्नीचर और न ही फर्श।

स्मार्ट क्लास और डिजिटल लाइब्रेरी की तो कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। योगी ने कहा कि उस समय 1.34 करोड़ बच्चों ने नामांकन कराया था, लेकिन 60त्न बच्चे स्कूल नहीं आते थे। आज 1.91 करोड़ छात्रों के खाते में 1200 रुपये भेजे जा रहे हैं और दो यूनिफॉर्म के साथ पूरा ड्रेस सरकार की ओर से अनिवार्य रूप से दिया जा रहा है।

***गांव-गांव में स्कूलों का होगा विकास***

योगी ने कहा कि शिक्षक-छात्र अनुपात को बेहतर करने के लिए 1 लाख 25 हजार से अधिक शिक्षकों की भर्ती की गई है। अब गांव-गांव में स्कूलों को इंटीग्रेटेड स्कूल कॉम्प्लैक्स के रूप में



विकसित किया जाएगा। प्रदेश में 16 अटल आवासीय स्कूल शुरू किए गए हैं, जो श्रमिकों के बच्चों के लिए मॉडल स्कूल के रूप में काम करेंगे। हर जिले में मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालय खोले जाएंगे।

सीएम ने 100 नई एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाई और संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि इंसेफ्लाइटिस, डेंगू, मलेरिया, कालाजार और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से बचाव के लिए यह अभियान शुरू किया गया है। योगी ने इसे नाथ नगरी से शुरू करने की बात कहते हुए विश्वास जताया कि यह प्रयास कभी विफल नहीं होगा।

***बरेली को मिलीं ये बड़ी योजनाएं***

अटल आवासीय विद्यालय~ नवाबगंज में श्रमिकों के बच्चों के लिए 73.35 करोड़ रुपये की लागत से बने इस स्कूल का उद्घाटन।

**रामगंगा नदी पर कैलाशमणि सेतु**

शहर के ट्रैफिक को राहत देने वाला यह नया पुल।

बीडीए और आरटीओ भवन~ अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस प्रशासनिक भवनों का लोकार्पण।

**चार प्रमुख प्रवेश द्वारः** अलखनाथ, तपेश्वरनाथ, बनखंडी नाथ और महंत अवैद्यनाथ द्वार का भव्य उद्घाटन।

बहेड़ी में राजकीय महाविद्यालय~ शिक्षा के क्षेत्र में नई पहल।

स्पोर्ट्स स्टेडियमः सिंथेटिक रनिंग ट्रैक का निर्माण।

एसटीएफ फील्ड यूनिट~ सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए नया कार्यालय।

बरेली समेत 18 जिलों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए 100 नई एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाई गई। इस दौरान लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, टूलकिट और आर्थिक सहायता के चेक भी वितरित किए गए।

योगी ने 113 हेक्टेयर जमीन पर बनने वाली एमएसएमई टाउनशिप के मॉडल का अवलोकन किया। इससे 150 से अधिक उद्यमियों को प्लॉट मिलेगा और बरेली में व्यापार को बढ़ावा मिलेगा।

बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में पिछले आठ सालों में बड़ा बदलाव आया है। डिजिटल लर्निंग को बढ़ावा दिया जा रहा है और 1.35 लाख स्कूलों का कायाकल्प किया गया है।

वहीं पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह ने इसे राजनीति का स्वर्णयुग बताते हुए गौ संरक्षण और पशुपालन योजनाओं की जानकारी दी। बरेली में हुए इस आयोजन ने विकास, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में योगी सरकार की प्रतिबद्धता को मजबूती से प्रदर्शित किया।

# जिलाधिकारी ने बकाया भुगतान न होने पर चीनी मिल के प्रतिनिधियों को लगायी फटकार

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने सभी चीनी मिल प्रतिनिधियों को दिये गये आश्वासन के अनुसार नियमानुसार गन्ना मूल्य का भुगतान नहीं करने पर चीनी मिल प्रबन्ध तंत्र के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने तथा चीनी मिलों का गन्ना अन्य चीनी मिलों को व्यवर्तित करने की कड़ी चेतावनी दी है।

जिलाधिकारी मनीष बंसल आज कलेक्ट्रेट सभागार में बकाया गन्ना मूल्य भुगतान के संबंध में जनपद की चीनी मिल के प्रतिनिधियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बजाज ग्रुप की चीनी मिल गांगनौली पर सबसे अधिक 196.79 करोड़, चीनी मिल शेरमऊ पर, 55.99 करोड़, गागलहेडी चीनी मिल पर 33.79 करोड़, टोडरपुर चीनी मिल पर 37.84 करोड़, बिडवी चीनी मिल पर 23.40 करोड़, नानौता चीनी मिल पर 9.19 करोड़ एवं सरसावा चीनी मिल पर 10.41 करोड़ नियमानुसार किसानों का गन्ना मूल्य बकाया है।

जिलाधिकारी श्री बंसल चीनी मिल गांगनौली के प्रतिनिधि को कड़ी फटकार लगाते हुए तत्काल नियमानुसार बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान सुनिश्चित कराने तथा बकाया गन्ना मूल्य भुगतान की कार्ययोजना उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। चीनी मिल शेरमऊ द्वारा 30 अप्रैल, चीनी मिल गागलहेडी द्वारा 31 मई, चीनी मिल टोडरपुर द्वारा 31 अगस्त, चीनी मिल बिडवी द्वारा 31 मई, चीनी मिल नानौता एवं सरसावा द्वारा माह अप्रैल, नियमानुसार सम्पूर्ण देय गन्ना मूल्य का भुगतान करने का आश्वासन दिया गया। बैठक में जिला गन्ना अधिकारी सुशील कुमार सहित समस्त चीनी मिलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# नगर निगम ने की 64 करोड़ 31 लाख की रिकॉर्ड टैक्स वसूली

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** नगरायुक्त संजय चौहान के दिशा निर्देशन में नगर निगम ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में कर-करेत्तर में 64 करोड़ 31 लाख की रिकॉर्ड वसूली की है। जो गत वर्ष से करीब 13 करोड़ अधिक है। निगम ने कर (टैक्स) वसूली में 14.20 प्रतिशत अधिक वसूली कर न केवल सीएम ग्रिड में शामिल होने का अधिकार पा लिया है, बल्कि कर-करेत्तर में गत वर्ष के मुकाबले 25.26 प्रतिशत की वृद्धि कर नगर निगम केंद्र सरकार से विकास कार्यो के लिए डेढ़ सौ करोड़ पाने का अधिकारी भी हो गया है। महापौर डॉ. अजय कुमार ने नगरायुक्त व नगर निगम के टैक्स विभाग की टीम को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है। कर अधीक्षक सुधीर शर्मा ने बताया कि गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में कर के रुप में 32 करोड़ 20 लाख 70 हजार की वसूली की गयी थी। उसके मुकाबले वित्तीय वर्ष 2024-25 में 36 करोड़ 77 लाख 91 हजार की वसूली की गई है, जो गत वर्ष के मुकाबले 14.20 प्रतिशत अधिक है। इस वृद्धि से सहारनपुर नगर निगम सी एम ग्रिड में शामिल हो गया है। यानि सीएम ग्रिड में विकास के लिए प्रदेश सरकार से वित्तीय सहायता पाने का अधिकारी हो गया है। सीएम ग्रिड में शामिल होने के लिए कर मद में गत वर्ष के मुकाबले 10.31 प्रतिशत की वृद्धि आवश्यक थी। उन्होंने बताया कि कर मद में हाउस टैक्स, वाटर टैक्स, सीवर टैक्स व सर्विस टैक्स के रुप में की गयी वसूली शामिल की जाती है। कर अधीक्षक शर्मा ने बताया कि करेत्तर मद में गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में 19 करोड़ 12 लाख 60 हजार रुपये की वसूली की गयी थी। उसके मुकाबले वित्तीय वर्ष 2024-25 में 27 करोड़ 53 लाख 21 हजार की वसूली की गयी है जो गत वर्ष के मुकाबले 43.95 प्रतिशत अधिक है। करेत्तर मद में स्टाम्प शुल्क, जलकल निधि, जुर्माना, विज्ञापन, पार्किंग व डॉग लाइसेंस से प्राप्त धनराशि शामिल की जाती है। इस प्रकार गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में कर -करेत्तर में की गयी कुल 51 करोड़ 34 लाख 30 हजार की वसूली के मुकाबले वित्तीय वर्ष 2024-25 में 64 करोड़ 31 लाख 12 हजार रुपये की वसूली की गयी है। जो गत वर्ष की वसूली से 25.26 प्रतिशत अधिक है। 25 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि के साथ ही नगर निगम सहारनपुर विकास कार्यो के लिए केंद्र सरकार से डेढ़ सौ करोड़ प्राप्त करने का अधिकारी हो गया है। उन्होनें बताया 64 करोड़ 31 लाख की वसूली में शहर के टैक्स भवन स्वामियों के अलावा शहर के अनेक सरकारी कार्यालयों से की गयी वसूली का भी योगदान रहा है। इन विभागों में जिला अस्पताल से एक करोड़ 2 लाख, गन्ना विभाग से तीन लाख, जिलाधिकारी कार्यालय से 17 लाख, मण्डी समिति से 11 लाख 83 हजार, विकास भवन के विभागों से 20 लाख, वाणिज्य कर विभाग दिल्ली रोड से 21 लाख तथा पोस्टल टेऊनिंग सेंटर से 12 लाख रुपये के अलावा विद्युत विभाग द्वारा जमा कराया गया 4 करोड़ 80 लाख रुपया शामिल है। विद्युत विभाग पर पिछले कई वर्ष का कर बकाया था। महापौर डॉ.अजय कुमार ने नगरायुक्त व नगर निगम की टैक्स विभाग की टीम को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

## फेंड्स मॉर्निंग क्लब में चावला अध्यक्ष व कुक्कड़ बने कोषाध्यक्ष

**सहारनपुर।** कम्पनी बाग फेंड्स मॉर्निंग क्लब के वार्षिक चुनाव में सर्वसम्मति से समाज सेवी एमपी सिंह चावला को पुनः अध्यक्ष एवं सतीश कुक्कड़ को पुनः कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

कम्पनी बाग फेंड्स मॉर्निंग क्लब के पूर्व अध्यक्ष राकेश सचदेवा व राजेश गांधी द्वारा एमपी सिंह चावला को अध्यक्ष व सतीश कुक्कड़ को कोषाध्यक्ष बनाने की घोषणा की, तो क्लब के समस्त पूर्व पदाधिकारी एवं सदस्यों ने माल्यार्पण करके दोनों पदाधिकारियों का सम्मान किया। इस दौरान पूर्व कोषाध्यक्ष हरीश ईशपुजानी, गुरजीत मल्होत्रा, क्लब सदस्य अरविन्दर पाल सिंह चावला, नरेश मदान, संजय तनेजा, राजीव अरोड़ा, अजय ठकराल, विनोद वर्मा, आलोक, सन्नी कक्कड़, अंकित, डिम्पी, गौरव मारवाह, मंजीत सिंह, अनिल तुली, रवि अरोड़ा, हरीश भटेजा, गगन शर्मा, प्रवेश धवन, रम्मी धवन, प्रमोद, महेंद्र, सुनील आदि मौजूद रहे।

# मण्डलायुक्त ने किया विकास भवन का औचक निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** मण्डलायुक्त अटल कुमार राय ने विकास भवन में संचालित विभिन्न शासकीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया तथा निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाये गये अधिकारियों व कर्मचारियों का एक दिन का वेतन अवरूद्ध करते हुए कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। मण्डलायुक्त अटल कुमार राय आज सुबह सवा दस बजे विकास भवन पहुंचे, जहां उन्होंने संचालित विभिन्न शासकीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता लघु सिंचाई, जिला समाज कल्याण अधिकारी विकास, उप निदेशक समाज कल्याण, जिला युवा कल्याण अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता आरईडी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, सहायक निदेशक मत्स्य, अधीक्षण अभियन्ता आरईडी, जिला पंचायत राज अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता, जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय के 09 अधिकारी एवं 70 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गये।

मण्डलायुक्त ने मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन को अनुपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों का एक दिवस का वेतन अवरूद्ध करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए तथा संतोषजनक उत्तर प्राप्त होने की दशा में वेतन आहरण हेतु आख्या अपनी संस्तुति सहित एक सप्ताह के भीतर उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, पीडीडीआरडीए प्रणय कृष्ण, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ.एमपी संह गौड, जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक कुमार शर्मा, अधिशासी अभियन्ता आरईडी, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता आदि उपस्थित रहे।

# शराब की दुकान के विरोध में पार्षद के नेतृत्व में हुआ चक्का जाम व विरोध प्रदर्शन, आबकारी विभाग के नियमों की धज्जियां उड़ती दिखी

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** कहने को तो शासन की नीति के अनुसार मंदिर व स्कूल से 500 मीटर की दूरी तक किसी भी तरह की शराब की दूकानों को नहीं खोला जा सकता परन्तु ताजनगरी में कई जगह योगी सरकार के फरमान को नजर अंदाज कर जम कर कई वर्षो से मन्दिर व स्कूल के पास शराब की दुकानें चल रही है। अब इसे आबकारी विभाग की लापरवाही कहे या कुछ और। ऐसा ही एक मामला आज वार्ड 86 के मोतीलाल नेहरू रोड पर देखने को मिला जहां जनता के साथ खुद वार्ड 86 के पार्षद ऋषभ गुप्ता को सड़क पर उतरना पड़ा।

दरअसल विदेशी शराब, देसी शराब व बियर की दुकान को मंदिर एवं विद्यालय परिसर के सामने अवैध रूप से चलाई जाने के संबंध में कई बार शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसके बाद पार्षद ऋषभ गुप्ता के नेतृत्व में क्षेत्रीय निवासी सड़क पर उतर आए और जाम लगा कर विरोध प्रदर्शन शुरु कर दिया। क्षेत्रीय निवासियों की डीएम आगरा से मांग थी कि हम मोतीलाल नेहरू रोड मीणा बस्ती गली नंबर 1,2,3,4 व 22 / 141, 22/142,22/143, 22/144 बंगलिया बस्ती आदि मोतीलाल नेहरू रोड मार्केट व क्षेत्रीय निवासी हैं। विदेशी शराब देशी शराब, बीयर की दुकान जो जैन मंदिर से लगभग 50 मीटर, बंगलिया महादेव मंदिर से लगभाग 20 मीटर मुफीद ए आम इंटर कॉलेज से लगभग 45 मीटर, मीणा बस्ती महादेव मंदिर से लगभग 5 मीटर दूरी एवं विद्यालय परिसर की बाउंड्री से महज 25 मीटर पर धड़ल्ले से चलाया जा रहा है। जिससे स्कूली छात्राओं और भक्तजनों को व क्षेत्रीय निवासियों महिला बच्चे को उस मार्ग से गुजरा दुर्लभ हो गया है। रात्रि में शराबियों द्वारा शराब पीकर शोर शराबा करने से आसपास के निवासी परेशान है। व कही भी वाहन खड़ा करने से जाम लग जाता है। शराबी जगह-जगह शौच करते है खुले में व अश्लील हरकत करते है। बहन बेटियों को छेड़ना यह सब होता आ रहा है। मोतीलाल नेहरू रोड निवासी बहुत ही परेशान है व उनमें बहुत आक्रोश है। अपनी मांगों को लेकर पार्षद ऋषभ गुप्ता के साथ बीच सड़क पर बैठ गए। काफी देर तक हंगामा और नारेबाजी हुई। पार्षद ऋषभ गुप्ता का कहना है कि हंगामा और जाम लगने के बाद थाना हरिपर्वत पुलिस द्वारा आश्वासन दिया गया है अब यहां कोई शराब की दुकान नहीं खुलेगी। इसके साथ ही पुलिस द्वारा शराब की दुकान से सामान भी ले जाया गया। जिसके बाद यह विरोध प्रदर्शन समाप्त हुआ और रोड सुचारू रूप से चलना शुरू हुआ। पर यहां सोचने वाली बात है कि अन्य जगहों का क्या जहां नियमों को ताक पर रखकर दूकानों जम कर चल रही है जिन पर आबकारी विभाग का कोई ध्यान नहीं है।

## आगरा में पत्नी की गला काटकर हत्या कर पति फरार, 3 दिन बाद हुआ खुलासा

**आगरा।** देश प्रदेश में रिश्तों की हत्या करने के मामले तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। ताजा मामले में आगरा के नाई की मंडी में शक्ति अपनी पत्नी पार्वती के साथ रह रहा था। दोनों ने 3 साल पहले लव मैरिज की थी, पार्वती की बहन गीता लोहामंडी में रहती है। पिछले दिन दिन से गीता अपनी बहन पार्वती को फोन कर रही थी लेकिन फोन बंद था। उसने पार्वती के पति शक्ति को फोन किया और पार्वती से बात कराने के लिए कहा लेकिन उसने भी बात नहीं कराई। सोमवार रात को गीता अपने पति के साथ नाई की मंडी स्थित शक्ति के घर पहुंची। गीता अपने पति के साथ नाई की मंडी पहुंची, घर में पार्वती का शव चारपाई पर पड़ा था। उसकी गर्दन कटी हुई थी और हाथ की नस भी कटी हुई थी। पार्वती ने शोर मचा दिया, स्थानीय लोग आ गए। वही पुलिस पूछताछ में गीता ने बताया कि वह भोपाल की रहने वाली है, माता पिता की मौत होने के बाद पार्वती उसके पास ही रहने आ गई थी।

# आईपीएल पर सट्टा लगाने वालों पर बड़ी कार्यवाही, कैफे संचालक समेत 9 पकड़े

*अवधनामा संवाददाता*



**आगरा।** एक तरफ जहां दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग आईपीएल फैंस का भरपूर मनोरंजन कर रही है, तो वहीं दूसरी तरफ पुलिस के सक्रिय रहने के बावजूद खेल में धड़ल्ले से सट्टेबाजी भी जा रही है। जानकारी अनुसार मैच पर सोमवार रात आगरा के मारुति एस्टेट रोड स्थित क्लब स्क्वायर-8 कैफे में मोबाइल से सट्टेबाजी की जा रही थी। आगरा पुलिस की एसओजी और पुलिस टीमों ने सट्टेबाजी में कैफे संचालक समेत 9 बुकी गिरफ्तार किए हैं। मौके से 1.62 लाख रुपये की नकदी समेत अन्य सामान बरामद किया गया है। पुलिस की प्रारंभिक छानबीन में सामने आया है कि सटोरियों के तार दिल्ली और मुंबई से जुड़े हुए हैं इस बारे में छानबीन की जा रही है। आरोपी अमीरजादे हैं जो आईपीएल मैच में प्रति बॉल पर सटटा लगा रहे थे।

डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि आईपीएल के मैच की शुरूआत से ही आगरा में आईपीएल के मैचों पर ऑनलाइन और ऑफलाइन सट्टेबाजी का खेल कैफे, बार और रेस्टोरेंट में किए जाने की जानकारी मिल रही थी। आगरा में बुकी मैच की एक-एक गेंद और शॉट पर दांव लगाने की जानकारी मिली थी। जिस पर सोमवार देर रात एसीपी सदर विनायक भोंसले ने एसओजी टीम के साथ क्लब स्क्वायर 8 कैफे में छापा मारा। जहां पर मुंबई इंडियंस और केकेआर के बीच चल रहे क्रिकेट मुकाबले पर सट्टा लगाते लोग को दबोचा। यहां पर ग्राहकों के कॉल भी आ रहे थे जिन्हें सट्टेबाज अटेंड कर रहे थे। मोबाइल पर सट्टेबाजी की महफिल सजी थीं जिसमें दांव लगाए जा रहे थे। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो भगदड़ मच गई। डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने कैफे संचालक बबलू धाकड़ निवासी धाकरान, डोरीलाल निवासी धाकरान, विजय सिंह निवासी सुभाष कॉलोनी धाकरान, राकेश शर्मा और नितिन शर्मा निवासी नॉर्थ ईदगाह कॉलोनी, गौतम धाकड़ उर्फ रिंकू निवासी धाकरान, हर्ष स्वरूप धाकड़ और बिजेंद्र सिंह निवासी धाकरान को गिरफ्तार किया है। आईपीएल के हर मैच पर यहां पर सट्टा लगाया जा रहा था कैफे संचालक की मिलीभगत से ये खेल चल रहा था।

# पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी एसोसिएशन से जुड़े राज्य कर्मचारियों ने मण्डल अध्यक्ष नवनीत सैनी व पुरानी पेंशन बहाली कार्यक्रम के संयोजक आनंद त्यागी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन गंगोह विधायक चौ.किरत सिंह को सौंपकर एनपीएस व यूपीएस को समाप्त कर अविलम्ब पुरानी पेंशन बहाल किए जाने की मांग की। उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी एसोसिएशन से जुड़े राज्य कर्मचारी मण्डल अध्यक्ष नवनीत सैनी व पुरानी पेंशन बहाली कार्यक्रम के संयोजक आनंद त्यागी के नेतृत्व में एकत्र होकर गंगोह विधायक चौ.किरत सिंह के आवास पर पहुंचे, जहां एसोसिएशन के पश्चिमी क्षेत्र के प्रभारी धर्मेन्द्र धवलहार व मण्डल प्रभारी तरूण भोला ने बताया कि एनपीएस व यूपीएस को समाप्त करने व पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जनप्रतिनिधियों को सौंपे जा रहे है, ताकि उनकी आवाज प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री तक पहुंचायी जा सकें। उन्होंने बताया कि पश्चिम उत्तर प्रदेश मे पुरानी पेंशन बहाली हेतु कर्मचारी व शिक्षकों द्वारा सम्मेलन, अधिवेशन, बैठके एवं संगोष्ठी के माध्यम से जन जागरूकता के कार्यक्रम जारी रहेंगे। मंडल अध्यक्ष नवनीत सैनी व जनपद सयोजक आनंद त्यागी ने कहा कि यूपीएस के विरोध मे कार्यालय में संपर्क अभियान भोजन अवकाश के समय तथा बैठकों के माध्यम से संपन्न किए जाएंगे। इसके साथ ही सम्पर्क, सहयोग, सदस्यता के नाम से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कार्यक्रम जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि जनपद के प्रत्येक जिले में कर्मचारी व शिक्षको के सयुंक्त सम्मेलन एवं अधिवेशन करके पुरानी पेंशन बहाली के लिए केंद्र सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार से आग्रह करेंगे। उन्होंने कहा कि जब हमारे जनप्रतिनिधि पुरानी पेंशन का लाभ ले सकते है, तो कर्मचारी एवं शिक्षको को भी पुरानी पेंशन का लाभ देना चाहिये। इस दौरान सौरव गौतम, मानिक पाल, राजेश्वर दयाल, जितेंद्र कुमार, अरुण कुमार, गौरव कश्यप, सचिन मित्तल, मुकेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

## राजीव नामदेव बने जिलाध्यक्ष

**सहारनपुर।** संयुक्त समायोजित शिक्षक संघ उप्र के अध्यक्ष अरूण कुमार सिंह ने मुजफ्फराबाद विकास खंड में तैनात शिक्षक राजीव कुमार नामदेव को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश अध्यक्ष अरूण कुमार सिंह ने बताया कि जनपद सहारनपुर के मुजफ्फराबाद विकास खंड के कोठड़ी तुल्सी स्थित प्राथमिक विद्यालय में तैनात शिक्षक राजीव कुमार नामदेव को संयुक्त समायोजित शिक्षक संघ का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

## विमेंस जूडो लीग के विजेता खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत

**सहारनपुर।** सहारनपुर जिला जूडो एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित सहारनपुर विमेंस जूडो लीग के समापन समारोह में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। डॉ.बीआर अम्बेडकर स्पोर्टस स्टेडियम में आयोजित सहारनपुर विमेंस जूडो लीग प्रतियोगिता के 36 किग्रा भार वर्ग में रूहानी वधवा, 44 किग्रा भार वर्ग में श्रद्धा मित्तल, 48 किग्रा में दाक्षी गुप्ता, 57 किग्रा में प्रज्ञा वर्मा, 71 किग्रा भार वर्ग में वृत्तिका मालियान ने प्रथम स्थान हासिल किया। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि गीता ज्ञान संस्कार अकादमी गंगोह के प्रधानाचार्य संजय कुमार गुप्ता, विशिष्ट अतिथि महिला उपनिरीक्षक शिवानी व मोनिका यादव ने विजेताओं को मैडल पहनाकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि संजय गुप्ता ने बालिकाओं को आत्म रक्षा के लिए जूडो मार्शल आर्ट सीखने के लिए प्रेरित किया। महिला उपनिरीक्षक शिवानी ने उपस्थित बालिकाओं को आत्मरक्षा के टिप्स दिए और 112 व 1090 के लाभ भी विस्तार से बताए।

# विश्वकर्मा चौक पर खोली गयी शराब की दुकान के खिलाफ क्षेत्रवासियों ने खोला मोर्चा

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** आबकारी विभाग द्वारा भगवान विश्वकर्मा चौक पर खोली गयी शराब की दुकान के उद्घाटन पर क्षेत्रवासियों ने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। तत्पश्चात क्षेत्रवासियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर शराब के ठेके को अन्यत्र स्थानान्तरित किए जाने की मांग की।

भगवान विश्वकर्मा चौक पर शराब की दुकान खोले जाने के विरोध में क्षेत्रवासियों ने पार्षद गौरव कपिल, राजकुमार शर्मा, पार्षद कपिल धीमान व भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बोधराम धीमान के नेतृत्व में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय पार्षद गौरव कपिल ने कहा कि आबकारी अधिकारी से लगातार संपर्क के बावजूद अभी तक समस्या का कोई समाधान नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा के पास शराब की दुकान का आवंटन क्षेत्रवासियों की भावनाओं व आस्था को आहत करने वाला निंदनीय व रोष पूर्ण कार्य है। पार्षद कपिल धीमान ने कहा कि आबकारी विभाग द्वारा मानको के विपरीत दुकान खोलकर ठीक नहीं किया है। उन्होंने कहा कि शराब की दुकान खुलने से समाज की भावनाएं आहत होगी। पार्षद राजकुमार शर्मा ने कहा कि पूर्व में भी यहां पर शराब की दुकान आवंटित की गई थी, जिससे क्षेत्रवासियों के विरोध के चलते हटा दिया गया था। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि शराब की दुकान खुलने से क्षेत्र का वातावरण बिगड़ जाएगा। उनका कहना था कि यहां से शराब की दुकान को स्थानान्तरित न किया गया, तो इसका पुरजोर विरोध किया जायेगा। प्रदर्शनकारियों में मदन सिंह, अभिनंदन सैनी, पवन गांधी, अमित गोल्डी, हेमंत धीमान, श्रवण धीमान, अरुण धीमान, तरुण शर्मा, संजू धीमान, आशु धीमान, मीनू शर्मा, बिना देवी, आकांक्षा, रचना, सीमा, दयावती आदि उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जनपद जालौन के तत्वाधान में प्रेस वार्ता का आयोजन

**उरई (जालौन)।** होटल नवोदय सरोवर कालपी रोड उरई में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जनपद जालौन के तत्वाधान में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया ।जिला नेतृत्व की संतुति पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मा0 संदीप बंसल ने राजधानी लखनऊ मे स्थित विधायक निवास दारुलसफा में भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के सह संयोजक शिक्षक नेता उद्योगपति व्यवसाई श्री अशोक राठौर डायरेक्टर जय माँ कोल्ड स्टोरेज एवं स्क्र ग्रुप उरई को व्यापार मंडल का क्षेत्रीय संयोजक (कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र) मनोनीत किया। इसके लिए जिला नेतृत्व ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का धन्यवाद ज्ञापित और कहा कि व्यापारी समाज अर्थव्यवस्था की रीढ़ व सजग प्रहरी है। श्री अशोक राठौर जी के संगठन में आने से व्यापारी समाज मे नई ऊर्जा का संचार होगा। उसी के अंतर्गत आज उरई में आयोजित प्रेस वार्ता में श्री अशोक राठौर जी ने कहा की संगठन की नीतियों को व्यापारियों तक पहुंचाएंगे

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद-उल-फितर का पर्व

अवधनामा संवाददाता



- ईदगाह समेत विभिन्न मस्जिदों में पढ़ी गई ईद की नमाज, मांगी अमन चैन की दुआ

**उरई (जालौन)।** प्रमुख मुस्लिम पर्व ईद-उल-फितर हर्षोल्लास के साथ नगर क्षेत्र में मनाया गया। ईदगाह समेत नगर की तमाम मस्जिदों व इबादतगाहों में ईद की नमाज अदा कर अमन चैन की दुआ मांगी गई और लोगों ने गले लगकर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी।

मुकद्दस माहे रमजान के 29 रोजे पूरे होने तथा इफ्तार और मगरिब की नमाज बाद शब्बाल चांद दिखा तो मुस्लिमों में खुशियां छा गई। देर रात तक ईद की तैयारियों के लिए बाजारों में खरीददारी चलती रही। सुबह से ही मुस्लिम इलाकों में काफी चहल पहल रही। सुबह 8ः30 बजे महेशपुरा रोड स्थित ईदगाह पर हाफिज मौलाना सगीर अहमद कासमी ने हजारों लोगों को नमाज अदा कराई। नमाज के बाद मुल्क में अमन चैन और खुशहाली की दुआ मांगी गई। ईदगाह के अलावा नगर की एक दर्जन मस्जिदों जामा मस्जिद, मरकज मस्जिद, मस्जिद कुरैशियान, मस्जिद काजियान, आस्ताना-ए-कलंदरिया, दरगाह खुर्रम शाह आदि में भी ईद की नमाज अदा की गई और फिर ईद की मुबारकबाद देने का सिलसिला शुरू हुआ जो देर शाम तक चलता रहा। ईदगाह पर नगर पालिका द्वारा लगवाए गए पंडाल में पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, सीओ डॉ. देवेंद्र कुमार पचौरी, नायब तहसीलदार जितेंद्र सिंह पटेल आदि उपस्थित रहे। जिन्होंने मुस्लिम समाज के लोगों से मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। पूर्व राज्यमंत्री उप्र शासन हरिओम उपाध्याय, बार संघ अध्यक्ष रामशरण कुशवाहा, सपा नगर अध्यक्ष सभासद अमित यादव, कांग्रेस नगर अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी, बसपा नगर अध्यक्ष सभासद महेंद्र कुशवाहा, जनसत्ता दल नेता डॉ. ब्रजेश सिंह राजावत, ईदगाह कमेटी के सदर शमशाद खान, सभासद विनोद सोनी, रघुवीर कुशवाहा, मनोज इकड़या, अनिल वर्मा, आजादउद्दीन, आवेश जाटव, रिजवान कुरैशी, सपा छात्रसभा जिलाध्यक्ष रामानंद कुशवाहा, माजउल्ला खां गौरी, गुफरान अहमद सिद्दीकी, रामकिशोर पुरोहित, नवल किशोर जाटव, कार्तिक पटेल अंडा, श्रीनारायण दीक्षित, मोहम्मद अफजाल खान, काजी बशीर, सेठ नासिर, मोहम्मद अहमद, तारुफ हुसैन, रिजवान कुरैशी, डॉ. आनंद शर्मा, संजय सिंघाल, केबी निरजंन, डॉ. शिवम यादव, प्रतिपाल सिंह गुर्जर, सतीश परिहार, अजय बरार, राममिलन कुशवाहा, सद्दाम हुसैन, काजी सिराजुद्दीन, मोहम्मद वसीम सिद्दीकी, यूसुफ खान, ताहिर कुरैशी, जाहिद भाई, शकील अहमद आदि प्रमुख लोगों ने एक दूसरे से गले लगकर ईद की मुबारकबाद दी।

## फर्रुखाबाद में एयरपोर्ट की मांग रखते हुए भाजपा नेता विकास राजपूत ने सभी दलों से की अपील



अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** जिले के विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रमुख समाजसेवी एवं भाजपा नेता विकास राजपूत ने एयरपोर्ट की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि यदि फर्रुखाबाद को समग्र विकास की दिशा में आगे बढ़ाना है, तो यहां एक एयरपोर्ट का निर्माण आवश्यक है।

विकास राजपूत ने कहा कि यदि जनपद के सभी जनप्रतिनिधि एकजुट होकर इस मांग को केंद्र एवं प्रदेश सरकार तक पहुंचाएं, तो फर्रुखाबाद को जल्द ही एक एयरपोर्ट मिल सकता है। उन्होंने बताया कि एयरपोर्ट बनने से यहां के उद्योग एवं पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और जनता के लिए यह किसी वरदान से कम नहीं होगा।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई %उड़ान योजना% के तहत फर्रुखाबाद में एयरपोर्ट का निर्माण संभव है। इसके लिए सभी राजनीतिक दलों को एकजुट होकर इस विषय पर सरकार के समक्ष अपनी मांग रखनी होगी। हमारे संवाददाता से बातचीत में विकास राजपूत ने बताया कि वह पिछले दो वर्षों से इस दिशा में प्रयासरत हैं। उन्होंने इस संबंध में भारत सरकार के केंद्रीय उड्डयन मंत्री को कई पत्र लिखे हैं और सोशल मीडिया के माध्यम से भी निरंतर फर्रुखाबाद में एयरपोर्ट की मांग को उठाते रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि केंद्र एवं राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार जल्द ही इस जनपद को उड़ान योजना में शामिल करेगी और यहां एक भव्य एयरपोर्ट का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह परियोजना जिले के आर्थिक एवं सामाजिक विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

## मस्जिदों में लोगों ने अदा की नमाज़, मुल्क की तरक्की व अमन चैन की मांगी दुआ

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** ईद पर ईदगाहों और मस्जिदों में लोगों ने नमाज अदा की और खुशहाली, तरक्की और अमन के लिए दुआ भी मांगी। साथ ही बाढ़ पीड़ितों के लिए भी प्रार्थना की। नार्मल स्थित ईदगाह हजरत मुबारक खां



शहीद में मौलाना फैजुल्लाह कादरी व गाजी मस्जिद गाजी रौजा में मुफ्ती-ए-गोरखपुर मुफ्ती अख्तर हुसैन ने ईद के असल मकसद को समझने पर जोर दिया तो सफाई का महत्व भी समझाया। सुबह 6.30 बजे से शुरु हुआ नमाज का सिलसिला 10.30 बजे तक जारी रहा। नमाज के बाद ईद की मुबारकबाद का लंबा सिलसिला चला। ईदगाह के मैदानों और प्रमुख मस्जिदों के आसपास चहल-कदमी शुरू हो गई। नमाज का समय होने तक कई जगह मेले जैसा माहौल हो गया। नमाज के बाद मुल्क और कौम की तरक्की के लिए दुआ की गई और फिर गले मिलकर लोगों ने एक दूसरे को मुबारकबाद दी। बच्चों में भी खासा उत्साह था, वह भी एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। पर्व के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। भीड़ छंटने तक ईदगाह मैदानों और मस्जिदों के आसपास कड़ी सुरक्षा रही। ईदगाह के मैदानों और प्रमुख मस्जिदों पर ईद की नमाज को लेकर जहां नमाजियों की बेशुमार भीड़ जुटी, वहीं परिसरों के आसपास के मेले जैसे माहौल ने बच्चों को खूब लुभाया। पर्व के लिए खासतौर पर तैयार कराई पोशाकों से सजे-संवरे बच्चों ने मेले से खेल-खिलौनों की खरीदारी की। खुशी के मौके पर बड़े भी बच्चों की तोहफों से जुड़ी फरमाइशें पूरी करते नजर आए।

## संचारी रोग नियंत्रण की रैली को हरी झंडी दिखाई



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** आज जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान हेतु द्वितीय अंतर्विभागीय जनपद स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई,बैठक में सी एम ओ ने अवगत कराया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान 01 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलेगा व दस्तक अभियान 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलेगा, सभी गतिविधियों का माइक्रो प्लान तैयार हो गया है, सभी कर्मियों का प्रशिक्षण हो गया है,01 अप्रैल को कलेक्ट्रेट से फतेहगढ़ चौराहा होते हुये आवास विकास ,लकूला होते हुए लोहिया हॉस्पिटल तक निकलने बाली रैली को जिलाधिकारी द्वारा झंडी दिखाकर रवाना कर अभियान का शुभारंभ किया , रैली में सभी विभागो द्वारा प्रतिभाग किया गया बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी,जिला विकास अधिकारी,बेसिक शिक्षा अधिकारी व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## बच्चों को फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** मुख्य विकास अधिकारी द्वारा आज दिनांक 1 अप्रैल 2025 को प्राथमिक विद्यालय पापियापुर विकासखंड बढ़पुर में पहुंचकर स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत विद्यालय में नए पंजीकृत बच्चों को फूलमाला पहनकर स्वागत किया गया तथा विद्यालय के अध्यापिकाओं को शिक्षा के स्तर में सुधार करने के निर्देश दिए गए। विद्यालय की साफ सफाई संतोषजनक पाई गई विद्यालय में कायाकल्प के अंतर्गत समस्त 19 पैरामीटर पूर्ण पाए गए। इसके साथ ही विद्यालय के बच्चों को खीर, फल, पाठ्य पुस्तकों इत्यादि का वितरण भी कराया गया तथा पिछले वित्तीय वर्ष में प्रथम आए छात्रों को टिफिन बॉक्स देकर सम्मानित किया गया।

# बिजली के निजीकरण के विरोध में 09 अप्रैल को लखनऊ में विशाल रैली की तैयारी : पुष्पेंद्र

अवधनामा संवाददाता



- संघर्ष समिति ने निजीकरण की मंशा पर उठाए सवाल

**गोरखपुर।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने बिजली के निजीकरण की मंशा पर सवाल खड़ा करते हुए आगामी 09 अप्रैल को लखनऊ में बिजली कर्मचारियों और उपभोक्ताओं की विशाल रैली की तैयारी शुरू कर दी है। आज लगातार 125वें दिन बिजली कर्मियों ने प्रदेश भर में विरोध प्रदर्शन जारी रखा।

संघर्ष समिति के पदाधिकारियों पुष्पेन्द्र सिंह, जितेन्द्र कुमार गुप्त, रोहित राय, राघवेंद्र साहू, समीक्षा सेन, रंजना कन्नौजिया, प्रभुनाथ प्रसाद, संगमलाल मौर्य, संदीप श्रीवास्तव, विजय बहादुर सिंह, राकेश चौरसिया, करुणेश त्रिपाठी, श्री राम त्रिवेदी, गिरिजाशंकर चौहान, ओपी यादव, दिनेश पांडे, रामाश्रय पासवान,राजेश गुप्ता, राजेन्द्र सिंह, राजेश मिश्रा, ब्रजेश यादव, शिवेन्द्र एवं आयुष ने कहा कि निजीकरण के पीछे यदि बिजली व्यवस्था में सुधार है तो यह सुधार बिजली कर्मी बहुत तीव्र गति से कर रहे हैं। लेकिन निजीकरण के पीछे कोई और मंशा दिखाई देती है ।उन्होंने कहा कि प्रारंभ से ही निजीकरण की प्रक्रिया में कोई पारदर्शिता नहीं है और भ्रष्ट आचरण अपनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में जब माननीय योगी आदित्यनाथ जी की सरकार आई थी तब ए टी एंड सी हानियां 40 प्रतिशत से अधिक थी जो 31 मार्च 2024 तक घटकर 16.5 प्रतिशत रह गई हैं। राष्ट्रीय मानक 15त्न लाइन हानियों का है। कुछ ही महीनों में बिजली कर्मी लाइन हानियां 15 प्रतिशत से नीचे ले आएंगे। संघर्ष समिति ने कहा कि यह सब आंकड़े समय-समय पर उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा जी स्वयं ट्वीट कर कर देते रहे हैं। अतः जब लाइन हानियां राष्ट्रीय मानक से नीचे आने जा रही है तो उत्तर प्रदेश की 42 जनपदों की लाखों करोड़ रुपए की परिसंपत्तियों को कौड़ियों के दाम निजी घरानों को बेचने की कोशिश क्यों की जा रही है। संघर्ष समिति ने कहा कि यह पता चला है कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण हेतु नियुक्त किए गए ट्रांजैक्शन कंसलटेंट मेसर्स ग्रांट थॉर्टन के लोग पावर कारपोरेशन के निदेशक वित्त के कमरे से ही काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि यह सही है तो उत्तर प्रदेश सरकार की, माननीय योगी आदित्यनाथ जी की भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस और पारदर्शिता की नीति की खुल्लम-खुल्ला धज्जियां उड़ाई जा रही है। संघर्ष समिति ने कहा कि इसके पहले ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट की नियुक्ति के डॉक्यूमेंट में कनफ्लिक्ट आफ इंटरेस्ट (हितों के टकराव) के प्राविधान को हटा दियागया था। निजीकरण हेतु नियुक्त किए गए ट्रांजैक्शन कंसलटेंट ग्रांट थॉर्टन मध्यांचल विद्युत वितरण निगम में आरडीएसएस स्कीम के अंतर्गत स्मार्ट मीटरिंग का काम कर रही है। यह सीधे-सीधे कनफ्लिक्ट आफ इंटरेस्ट का मामला है। संघर्ष समिति ने कहा कि जिस स्टैंडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट के आधार पर पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम का निजीकरण किया जा रहा है उस ड्राफ्ट डॉक्यूमेंट को आज तक केंद्रीय विद्युत मंत्रालय ने अप्रूव्ड नहीं किया है। ड्राफ्ट डॉक्यूमेंट में प्रारंभ में ही लिखा हुआ है कि यह डॉक्यूमेंट भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय की नीति का प्रतिनिधित्व नहीं करता। संघर्ष समिति ने कहा कि यह तथा ऐसे अनेक सवाल है जिनसे निजीकरण की मंशा और तौर तरीकों पर प्रश्न चिन्ह खड़ा हो रहा है। संघर्ष समिति ने विगत चार माह में वाराणसी, आगरा, गोरखपुर, प्रयागराज, मेरठ, लखनऊ में बिजली महा पंचायत कर बिजली कर्मियों के साथ-साथ आम उपभोक्ताओं और किसानों के बीच निजीकरण से होने वाले दुष्प्रभावों पर विस्तृत चर्चा की है। इन बिजली महा पंचायत से यह निष्कर्ष निकलकर सामने आया है कि आम उपभोक्ताओं और किसानों की यह सुविचारित राय है कि उत्तर प्रदेश जैसे बड़े प्रांत में बिजली का निजीकरण आम जनता के हित में नहीं है। उन्होंने बताया कि आगामी 09 अप्रैल को लखनऊ में हो रही विशाल रैली में देश के सभी प्रांतों के बिजली कर्मियों का प्रतिनिधित्व होगा और भारी संख्या में आम उपभोक्ता भी सम्मिलित होंगे।

## चैत्र नवरात्रि में अष्टमी एवं राम नवमी के दिन होंगें धार्मिक आयोजन

**अलीगढ़।** प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए विशेष अभियान मिशन शक्ति 5.0 चलाया जा रहा है। इसी क्रम में चैत्र नवरात्रि में मॉ दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि विधान से पूजा की जाती है और महिलाओं एवं बालिकाओं की सहभागिता के साथ अनेक संस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें बालिकाओं एवं महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए महिलाओं की सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा लागू किये गये कानूनों का वृहद वृहद रूप से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। डीएम संजीव रंजन ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि चैत्र नवरात्रि में अष्टमी एवं श्रीराम नवमी के अवसर पर जिले के राम मंदिरों, हनुमान मंदिरों, देवी मंदिरों, वाल्मीकि मंदिरों व शक्ति पीठों का चयन करते हुए मंदिरों में सामाजिक मूल्यों व राष्ट्रीय मूल्यों के व्यापक प्रचार-प्रसार व जनसामान्य को इससे जोड़ते हुए अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन किया जाएगा।

# आयुर्वेद और जैव प्रौद्योगिकी के सामंजस्य से आएगा अभूतपूर्व परिवर्तन : डॉ. शासने

अवधनामा संवाददाता




**गोरखपुर।** राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान (एनबीआरआई) के निदेशक डॉ. अजीत कुमार शासने ने कहा कि आयुर्वेद और जैव प्रौद्योगिकी के सामंजस्य से समग्र स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन आएगा। आयुर्वेद विश्व की प्राचीनतम चिकित्सा पद्धति है। आज के दौर में इसे जैव प्रौद्योगिकी से समन्वित किया जाना समय की मांग है। आयुर्वेद में जैव प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग से वैश्विक चिकित्सा सेवा क्षेत्र को नई और सही राह दिखाई जा सकती है।

डॉ. शासने मंगलवार को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) द्वारा संचालित संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के तत्वावधान में सोसाइटी फॉर बायोटेक्नोलॉजिस्ट इंडिया (एसबीटीआई) के सहयोग से आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। 'आयुर्वेद एवं बायोमेडिकल विज्ञान में जैव प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग' विषयक सम्मेलन के समारोप में डॉ. शासने ने कहा कि आयुर्वेद ने लंबे कालखंड से स्वास्थ्य सेवा की है। उसकी उपादेयता हमेशा प्रासंगिक है। इसके साथ यह भी ध्यान रखना होगा कि विश्व प्रौद्योगिकी पर निर्भर हो रहा है। इस परिप्रेक्ष्य में स्वास्थ्य क्षेत्र को सुदृढ़ करने के लिए आयुर्वेद और जैव प्रौद्योगिकी को साथ-साथ आगे बढ़ना होगा। समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए एमजीयूजी के कुलपति प्रो. सुरिंदर सिंह ने कहा कि जैव प्रौद्योगिकी और आयुर्वेद का समागम स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में एक शक्तिशाली वदलाव का प्रतिनिधित्व करता है। आयुर्वेद के सदियों पुराने ज्ञान का सम्मान करके और इसे बायोटेक की प्रगति के साथ जोड़कर हम आधुनिक स्वास्थ्य चुनौतियों के लिए प्राकृतिक समाधान का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद और बायोमेडिकल साइंस में बायोटेक्नोलॉजी के अनुप्रयोग पर आयोजित यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन नवाचार और अनुसंधान को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करेगा।

## विद्यालय नूरपुर में बच्चों को किताबें भेंट की गयी

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा



संविलियन विद्यालय नूरपुर विकास खंड बढ़पुर पहुँचकर स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम जिलाधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा बरेली में स्कूल चलो अभियान के शुभारंभ का सजीव प्रसारण दिखाया गया व मा0मुख्यमंत्री जी के उदबोधन को सुना गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी द्वारा नवीन पंजीकृत बच्चों का माला पहनाकर व खीर खिलाकर स्वागत किया गया व बच्चों को किताबे व स्कूल को टैबलेट भेंट किये। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भाजपा, बेसिक शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी व संबंधित स्कूल के शिक्षक व बच्चें उपस्थिति रहे।

## शिक्षक कर्मचारियों ने मनाया काला दिवस

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश व एन.एम.ओ.पी.एस.के आह्वान पर अटेवा सिद्धार्थनगर इकाई ने प्रदेश संयुक्त मंत्री जनार्दन शुक्ल, प्रदेश आई टी सेल सह प्रभारी वीरेंद्र कुमार सक्सेना,मंडल अध्यक्ष बस्ती बलवंत चौधरी, मंडलीय सलाहकार वकील अहमद खान के निर्देशन में जिला अध्यक्ष बृजेश द्विवेदी, जिला संयोजिका सुश्री कल्पना, जिला महामंत्रीसंजय कर पाठक, जिला कोषाध्यक्ष श्री कृष्ण चौधरी के नेतृत्व में जनपद सिद्धार्थनगर के शिक्षक कर्मचारियों ने 13अप्रैल को बांह पर काली पट्टी बांध कर कार्य करते हुए विरोध जताया , जिसके पश्चात सभी शिक्षक कर्मचारियों ने जिला अधिकारी कार्यालय पर जिलाधिकारी महोदय को माननीय मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री जी को संबोधित ज्ञापन सौंपने के लिए इकट्ठा हुए। प्रदेश संयुक्त मंत्री जनार्दन शुक्ल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक कर्मचारी पुरानी पेंशन के अतिरिक्त कोई अन्य पेंशन योजना नहीं चाहता है सरकार इसे तुरन्त बहाल करे।

## पीएमश्री कम्पोजिट विद्यालय एलमपुर में सजीव प्रसारण कर जिलास्तरीय कार्यक्रम का आयोजन



**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** शिक्षा के महत्व को जन-जन तक पहुँचाने और सभी बच्चों को स्कूल से जोड़ने के उद्देश्य से पीएमश्री कम्पोजिट विद्यालय एलमपुर में ''स्कूल चलो अभियान'' का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत विजय सिंह, एमएलसी डॉ0 मानवेन्द्र प्रताप सिंह, विधायकगण अनिल पराशर, मुक्ता संजीव राजा, राजकुमार सहयोगी, जिला महामंत्री शिव नारायण शर्मा, चेयरमैन नगर पंचायत पिसावा ललित कुमार, डीएम संजीव रंजन, सीडीओ प्रखर कुमार सिंह उपस्थित रहे। यह अभियान विशेष रूप से उन बच्चों को शिक्षा से जोड़ने पर केंद्रित है, जो किसी कारणवश विद्यालय नहीं जा पा रहे हैं। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ ने बरेली से स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ किया, जिसका कार्यक्रम में एलईडी के माध्यम से सजीव प्रसारण भी दिखाया गया। एमएलसी डॉ0 मानवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि हर बच्चे को शिक्षा का अधिकार है और यह अभियान उन्हें स्कूल तक पहुँचाने का महत्वपूर्ण प्रयास है। पहले खाकी रंग का हाफ पैंट-शर्ट पहने हुए विद्यार्थी रेलवे कर्मचारी की भांति दिखते थे, पैर में चप्पल नहीं होती थी। विद्यालयों में बुनियादी सुविधाएं नहीं थी। आज परिवर्तन देखने को मिल रहा है अब विद्यालय भवन चाहरदीवारी, बिजली, पानी एवं अन्य सुविधाओं से युक्त हैं।



## कार्यालय ग्राम पंचायत राजेपुर (द्वितीय), वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर

### अल्पकालीन निविदा/टेन्डर

वित्तीय वर्ष 2025-26 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 02-04-2025 से 08-04-2025 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह दो बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 09-04-2025 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 02:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। सीमेन्ट वाला ईंट | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैर्क्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तेः** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**अनिल सरोज**
**ग्राम प्रधान- राजेपुर (द्वितीय)**
**वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

**राजेश कुमार चौधरी**
**ग्रा.वि.अधि.- राजेपुर (द्वितीय)**
**वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

# मसौली में ईद-उल-फित्र धूमधाम से मनाया, मुस्लिमो ने नमाज़ अदा की



अवधनामा संवाददाता

**मसौली बाराबंकी।** पवित्र माह रमजान के उनतीस रोजो के पश्चात रविवार को चांद का दीदार होने के बाद सोमवार को खुशियों का पर्व ईद-उल-फित्र धूमधाम से मनाया। मस्जिदों व ईदगाहों पर नमाज अता कर अमन की दुआएं मांगी। ईद की खुशी में क्षेत्र की सभी ईदगाहों पर मेला जैसा माहौल रहा। ईद की दो रकात नमाज अदाकर एक दूसरे से गले मिल कर मुबारकबाद दी। तथा पर्व पर सभी वर्गों के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। तथा एक दूसरे को मुबारकबाद दी। कस्बा बड़ागाँव ने स्थित ईदगाह में मौलाना सगीर अहमद ने ईद उल फ़ित्र की नमाज अदा करायी तथा कौमी एकता एव खुशहाली के लिए दुआये मांगी। सौहार्द के साथ समारोह कर भाइचारा का संदेश बिखेरा गया। इसी क्रम में कस्बा मसौली में हजरत गुलजार शाह वास्ती, कस्बा शहाबपुर मे मौलाना इमरान नदवी, सुरसंडा मौलवी समीमुद्दीन हशमती, कस्बा बांसा हफीज गुलाम मुस्तफा, कस्बा सआदतगंज में हाफ़िज़ सिराजुद्दीन, कस्बा रामपुर कटरा में मौलाना अरकम सैदनपुर पेश इमाम मसीउद्दीन, दादरा पेश इमाम नूर मोहम्मद, रसौली, जकरिया, उधौली की ईदगाहो में ईदुल फितर की नमाज अदा की गयी तथा इमाम द्वारा खुतबा करने के बाद अल्लाह से दुआये मांगी गयी। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक सफदरगंज सुधीर कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे।

## ईद का त्योहार एकता का संदेश देता है न गौरव रावत

**मसौली बाराबंकी।** आपसी एकता का त्यौहार है ईद, ईद के दिन हम सभी लोग गले मिलकर एक दूसरे से गिले शिकवे मिटाते हैं ईद का त्योहार एकता का संदेश देता है। सभी धर्म के लोग ईद में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं यही हमारी भारतीय संस्कृति है। उक्त विचार कस्बा मसौली में ईद मुबारक पर्व पर विधानसभा जैदपुर विधायक गौरव रावत ने व्यक्ति किया। ईद की खुशी में क्षेत्र की ईदगाहों पर खुशी का माहौल दिखाई दे रहा था। कस्बा मसौली की ईदगाह हज़रत गुलजार शाह वास्ती ने नमाज अदा कराईइसी तरह कस्बा शहाबपुर, बड़ागांव,बांसा आदि ग्रामीण इलाकों में ईद की नमाज अदा करने के बाद एक दूसरे को गले मिलकर मुबारकबाद दी।क्षेत्रीय विधायक गौरव रावत ने कस्बा मसौली बड़ागांव,बांसा क्षेत्र में पहुंचकर लोग से मिलकर ईद की बधाई दी। उक्त अवसर पर अखिलेश यादव, जमशेद किदवई,नबील अहमद, शादाब खान, मोहम्मद अहमद राईन,तुफैल राईन, कमालुद्दीन अंसारी,फरीद, खान, गुफरान अंसारी, पप्पू सलमानी,हबीब आलम, अली वारिस, निशाद अंसारी,शमीम अंसारी आदि के साथ साथ तमाम ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जिला चिकित्सालय में एक्स रे टैकनीशियन के खिलाफ शिवसैनिकों ने खोला मोर्चा

अवधनामा संवाददाता



**बाराबंकी।** शिवसेना उद्धव बाला साहब ठाकरे के शिवसैनिको ने पुरुष जिला चिकित्सालय में तैनात भ्रष्ट एक्स रे टैकनीशियन डिजिटल विजय कुमार के विरुद्ध कार्यवाही व बर्खास्तगी की की मांग को लेकर प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी शिव कुमार को सौंपा। इस अवसर पर शिवसेना नेता मनोज विद्रोही का कहा कि जिला चिकित्सालय पुरुष के एक्स रे टैकनीशियन डिजिटल विजय कुमार की अवैध वसूली के कई वीडियो वायरल हुए, थे जिसकी जांच जिलाधिकारी ने कराई थी विगत बीस नवंबर को तत्कालीन जिलाधिकारी ने कार्यवाही की संस्तुति करते हुए निदेशक प्रशासन (स्वास्थ्य) लखनऊ को पत्र भेजा था इसके बावजूद कोई कार्यवाही नहीं की गई शिवसेना की ओर से भी इस बाबत शिकायत की गई किंतु रिपोर्ट में प्रकरण शासन स्तर पर लंबित बताया गया अभी तक कार्यवाही में अपर निदेशक अयोध्या मंडल विजय पर आरोप तय नही कर सके है जिससे प्रतीत होता है कि किसी दबाव में प्रकरण को जान बूझ कर लटकाया जा रहा है और दोषी को बचाने का खेल चल रहा है जिससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है दोषी विजय कुमार आज भी जिला चिकित्सालय में कार्य कर रहा है जो सरकार के जीरो टालेंस भ्रष्टाचार की बात को मुंह चिढ़ा रहा है। प्रदर्शन के दौरान प्रदेश सचिव सविता श्रीवास्तव ,वरिष्ठ उप प्रमुख कमलेश सिंह चौहान, जिला उप प्रमुख दीपू वाल्मिकी उर्फ पंडित जी, जिला उप प्रमुख अजय गुप्ता,जिला प्रवक्ता कौशल शुक्ला, जिला मीडिया वाले सोमनाथ मिश्र, जिला प्रचारक राधेश्याम सैनी, युवासेना जिला प्रमुख मनोज सिंह मिंटू, जिला सचिव, धीरज, प्रवीन वर्मा, हेमेंद्र सोनी,बलवीर वर्मा, कुर्सी विधानसभा प्रमुख कमलेश राजपूत, निंद्रा ब्लाक प्रमुख राम प्रसाद निगम, परशुराम वर्मा त्यागी, भवानी सेना रामनगर प्रमुख जय देवी, राहुल गुप्ता, देशराज गौतम, राम सिंह, रमेश वर्मा, चंद्र शेखर, सरवन बाबा आदि उपस्थित थे।

## सीएम के दौरा को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों में हलचल

**महराजगंज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 5 अप्रैल को महराजगंज दौरा संभावित है। इसको लेकर जिलाधिकारी अनुनय झा ने कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित विभागों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान नौतनवा में राहिन बैराज का उद्घाटन किया जाएगा। साथ ही, 500 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण भी होगा। इसके अलावा, विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, डेमो चेक, किट, पोषण पोटली आदि का वितरण किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं। उन्होंने शिलान्यास एवं लोकार्पण की जाने वाली परियोजनाओं की सूची जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी कार्यालय को भेजने के निर्देश दिए। इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, अपर जिलाधिकारी डॉ. पंकज कुमार वर्मा, सीएमओ डॉ. श्रीकांत शुक्ला, अधीक्षण अभियंता विद्युत वाई.पी. सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# 41 वर्षो से कायम है मूर्खिस्तान सरकार की परंपरा

## महालण्ठ, अंगच्छवि बण्टाधार सम्मेलन में जुटे जिले के मूर्ख

अवधनामा संवाददाता



**बाराबंकी।** शहर के लखपेड़ाबाग लॉन में 41वीं मूर्खिस्तान सरकार का गठन हुआ, इससे पहले मूर्खाधिराज अशोक सैनी ने गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाला और महालण्ठ, अंगच्छवि बण्टाधार सम्मेलन व मशविरा किया गया। मूर्खिस्तान के मूर्खो को टमाटर गाजर-मूली से जमकर उनका स्वागत हुआ। अधिवेशन में नामचीन मूर्खो का जमावड़ा हुआ। सभा प्रारम्भ में तीखे शब्दों से सबको धिक्कारा गया, फिर कवियों ने अपनी रचनाओं से सबको मूर्ख बनायां। सभा का संचालन कर रहे रत्नेश कुमार ने राष्ट्रपति ने माइक छीन कर अपने हाथों में ले लिया और मूर्खिस्तान सरकार के मन्त्रियों के विभागों का बंटवारा करते हुए सभी को पदका दुरुपयोग करने की शपथ दिलाई। राष्ट्रपति के अभिभाषण में ही खूब जूतम पैजार हुआ और स्पीकर मा0 सबाह ने सदन को शान्त कराकर कार्यवाही को आगे बढ़ाया। राष्ट्रपति अशोक सैनी ने अपने सम्बोधन में देश की ऐतिहासिकता पर प्रकाश डाला। कहा कि शहर गधों से आबाद था बेगमगंज से लेकर सिविल लाइन, कचेहरी नहर कालोनी रेलवे स्टेशन गधों का चारागाह थी। नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को अपने पद का दुरुपयोग करना चाहिए और चारागाह खाली कराकर देश में स्थाई सरकार बनाना चाहिए। राष्ट्राध्यक्ष ने जद्दोजहद के बाद चुने गये मंत्रिमण्डल में विभागों का बंटवारा किया और सभी मंत्रियों को पद के दुरुपयोग करने की शपथ दिलाई गई।

## डॉ विवेक प्रधानमंत्री तो अशोक सैनी बने राष्ट्रपति

**बाराबंकी।** मूर्खिस्तान की नई सरकार गठित हुई। सर्वसम्मति से राष्ट्रपति पद पर मूर्खाधिराज अशोक सैनी व प्रधानमंत्री पद पर डा विवेक वर्मा चुने गये। शपथ ग्रहण समारोह में स्वास्थ्य विनाश और पोस्टमार्टम विकास मंत्री डा फिदा हुसैन ने कहा कि हम अस्पतालों को शीघ्र ही पोस्टमार्टम हाउस के रूप में विकसित करेंगे। देश में उद्यान उजाड़ मंत्री कवि अनिल कुमार श्रीवास्तव ''लल्लू'' ने कहा कि हमारा प्रयास होगा कि लोग हंसना-हंसाना भूलें, पर्यावरण का विनाश हो। वहीं देश की समस्याओं को रखते हुए अन्याय बढ़ाओ, कानून मिटाओ मंत्री हुमायू नईम ने कहा कि जजों की नियुक्ति का पैमाना बदलना चाहिए, ऐसा जज बनाया जाय जो अपने मन का काम करे कानून की बात न समझे। शिक्षा एवं संस्कृति बण्टाधार मंत्री डा अम्बरीश ''अम्बर'' ने कहा कि देश में शिक्षा और संस्कृति का विनाश ही मूर्खो का विकास कर सकता है। युवा विनाश मंत्री साहब नरायन शर्मा, सोहन आजाद महिला विगाड़ मंत्री, रमेशचन्द्र रावत श्रोता भड़काओ मंत्री, प्रेम वर्मा राजर्षि सौन्दर्य विनाश, शिवराम गुप्ता भ्रष्टाचार बढ़ाओ विभाग एवं रामानन्द गुप्ता साहित्य मिटाओ मंत्री बने और पद के दुरुपयोग की शपथ ली। वहीं कर्मचारी विनाश मंत्री बाबूलाल वर्मा ने शपथ ली और कहा कि जाति से जाति को लड़ाने में जिलाधिकारी कितनी मदद कर सकते हैं इस पैमाने को भी उनकी तैनाती में जोड़ा जाना चाहिए। गृहमंत्री शिवकरन सिंह ने कहा कि देश में अशान्ति कायम हो इसके लिए पूरा प्रयत्न किया जायेगा। कामचोर बेकारी बढ़ाओ मंत्री कन्हैया यादव एवं शिक्षा विनाश मंत्री रत्नेश कुमार ने भी शपथ ली और कहा कि हम युवाओं में आक्रोश भरने, उन्हें मार्ग से भटकाने का सफल कार्य करेंगे। कृषि मिटाओ मंत्री धीरेन्द्र वर्मा और सड़क विनाश मंत्री नवीन सिंह राठौर और बाल विनाश एवं परिवार घटाओ मंत्री दीनानाथ शर्मा, युवा विगाड़ मंत्री साहब नरायन शर्मा ने शपथ ली और कहा कि मूर्खों को हंसाने का काम करेंगे। एण्टीरोमियों बढ़ाओ मंत्री दीपक दिवाकर ने शपथ ली और गीत गाया। इसी प्रकार कवि सनत कुमार अनाड़ी ने परिवार बिगाड़ने का दायित्व लिया। जल जीवन घटाओ मंत्री दिनेशचन्द्र रावत, माफिया बढ़ाओ मंत्री धीरज गुलसिया, ग्राम्य विनाश मंत्री, अब्दुल खालिक ने शपथ ली। मूक बधिर विधवा बढ़ाओ मंत्री केपी सिंह, वन विनाश मंत्री शुभम सैनी, कानून विनाश मंत्री एडवोकेट बृजेश दीक्षित, मच्छर बढ़ाओ मंत्री आदर्श सैनी ने अपने-अपने विभागों की प्राथमिकताओं को रखा। अंत में स्पीकर मो सबाह सिंह ने मुर्खिस्तान जिन्दाबाद के नारे लगाते हुए सभी मंत्रियों को काम करने के लिए धिक्कारते हुए सभा का समापन किया गया।

## ईद के मौके पर सपा विधायक ने मुस्लिमो को दी बधाई, मिले गले



अवधनामा संवाददाता

**जैदपुर बाराबंकी।** खुशियों के पर्व ईद को लेकर नमाज के बाद लोग एक दूसरे को गले लगाकर ईद के पर्व की बधाई देते नजर आये वहीं इस मौके पर विधायक सहित अन्य नेताओं ने भी क्षेत्र में आकर खुशियों में चार चाँद लगा दिया।ज्ञात हो कि रमजान माह के बाद खुशियों का पर्व बहुत ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। ईद के दूसरे दिन भी सिवाईयों सहित विभिन्न प्रकार के पकवान बनाकर मेहमानों की आव भगत की गयी। वहीं विधायक गौरव रावत सहित तमाम नेताओं ने इस खुशी के माहौल में लोगों के घरों में जाकर बधाई देते नजर आये जबकि हिंदू मुस्लिम ने? एका का प्रतीक जैदपुर में सभी लोगों ने मिलकर पर्व को मनाया कोई गुलाब देकर एकता का सबूत देता रहा तो गले लगाकर खुशियों में शामिल सामिल रहे। वहीं सुरक्षा को लेकर जैदपुर पुलिस लगातार मेहनत करती रही। कोतवाल संतोष कुमार के साथ भारी संख्या में पुलिस बल क्षेत्र में गश्त कर लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाता रहा। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन रियाज़ अहमद चेयरमैन प्रतिनिधि दाऊद अलीम समाज सेवी? मो0 सालिम अबु उमेर अंसारी ताहिर अंसारी राम सिंह शाहे आलम, कासिम, सभासद,अल्ताफ सभासद, आलम ,सुफियान, शारूख,नसीम, शहाबुदीन सिद्दीकी आदि लोगों ने एक दूसरे को खुशियों के पर्व की बधाई दी है।

# नियम विरुद्ध चल रहे वाहनों पर पुलिस ने की कार्यवाही

अवधनामा संवाददाता



**महराजगंज।** कस्बे में मंगलवार को यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें यातायात पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटना में कमी लाने हेतु नगर क्षेत्र के चालकों और यात्रियों को तथा रोडवेज के चालक परिचालकों व यात्रियों को यातायात नियमों के संबंध में जागरूक किया गया कि शराब पीकर वाहन न चलाएं, सीट बेल्ट व हेलमेट जरूर लगाए अपने वाहन को तीव्र गति से ना चलाएं तथा सुरक्षित यात्रा करें। यातायात पुलिस द्वारा नगर क्षेत्र के ई रिक्शा चालकों को चेक किया जा रहा है तथा दोषी पाए जा रहे ई रिक्शा चालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। यातायात पुलिस द्वारा नगर क्षेत्र में चलने वाले ट्रैक्टर ट्राली के चालकों को जागरूक किया गया कि अपने वाहन को निर्धारित गति सीमा में चलाएं, बिना डीएल के वाहन ना चलाएं तथा अपने वाहन के सभी पेपर को कंप्लीट करा लें तथा निर्देशित किया गया कि नो एंट्री के समय में ट्रैक्टर ट्राली को नगर क्षेत्र में ना लेकर आए और नियम विरुद्ध पाए गये वाहन चालकों पर नियमानुसार कार्यवाही की गयी।

## बच्चो के झगड़े में बड़े ने पकड़ा तूल, जमकर हुई मारपीट

**जैदपुर बाराबंकी।** बच्चों की लड़ाई में हुये विवाद में लोगों ने मिलकर एक व्यक्ति को जमकर मारा पीटा, जिसकी शिकायत पीड़ित ने थाना जैदपुर में की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। इसरार पुत्र अलाउद्दीन मोहल्ला वसीनगर थाना व कस्बा जैदपुर जनपद बाराबंकी ने जैदपुर थाने में शिकायती पत्र देते हुये बताया कि दिनॉक 31-3-025 को समय करीब 3.30 बजे बच्चों के झगड़े के चलते मोहल्ले के ही सालिम व अलीम पुत्रगण सलीम व अतीक पुत्र लतीफ ने प्रार्थी के भाई मो0 सिराज को गन्दी गन्दी गालिया देते हुए लात-घूसों व डन्डो से मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी है।

## भूसा मशीन से प्रतिबंध हटवाने की मांग

अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** भूसा मशीन पर प्रतिबन्ध हटाने की मांग को लेकर मंगलवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। जिसमें भूसा मशीन स्वामियों ने भूसा मशीन नहीं चलवाने पर कई प्रकार की समस्याओं को बताया। मशीन स्वामियों ने कहा है कि भूसा मशीन से किसानों को काफी लाभ होता है। किसानों को भूसा मिलता है जिसे वह पूरे साल भर अपने पशुओं खिलाते हैं। उन्होंने कहा कि भूसा बनाते समय पर्याप्त सावधानी बरती जा रही है आग से बचाव के लिए सुविधाओं का भी रखा जा रहा है। इस दौरान वशिष्ठ उपाध्याय,रामनगीना यादव, उदयभान यादव, प्रमोद पटेल, अजय यादव, नितेश पटेल, प्रमोद, तपेश्वर यादव, संतोष यादव, कुलदीप पटेल, विद्यासागर प्रजापति, नाथु यादव सहित कई लोग मौजूद रहे।

# संचारी रोग नियंत्रण के लिए अभियान का हुआ शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता



**महराजगंज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सदर में मंगलवार को विधायक जयमंगल कन्नौजिया ने संचारी रोग नियंत्रण माह व दस्तक अभियान का उद्घाटन किया तथा हरि झंडी दिखा कर संचारी रोग नियंत्रण के प्रचार वाहन को रवाना किया। सदर विधायक श्री कन्नौजिया ने कहा कि इस अभियान के सफल संचालन के कारण ही आज हमारा तराई का जिला जेई एईएस जैसी खतरनाक बीमारियों से काफी हद तक सुरक्षित हो गया है। सीएमओ श्रीकांत शुक्ला ने समीक्षा करते हुए मातृ मृत्यु तथा शिशु मृत्यु को रोकने हेतु सभी योजनाओं को ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारी निभाने को कहा। चिकित्सा अधीक्षक डॉ उमेश चंद्रा ने सभी कर्मचारियों से जनता से इसका प्रचार प्रसार करने हेतु कहा। कार्यक्रम का संचालन करते हुए स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी श्रीभागवत सिंह ने उपस्थित एएनएम, आशा से कहा कि गांव की जनता को संचारी रोग के बारे मे पूरी जानकारी दे तथा इससे बचाव हेतु उपायों के बारे मे पूर्ण जानकारी दें । आज के उद्घाटन के अवसर पर ए सीएमओ डॉ राजेंद्र प्रसाद, डॉ राकेश कुमार डॉ प्रदीप कुमार, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. वीरेंद्र आर्या, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ के पी सिंह, डॉ वीवी सिंह, डॉ नीरज कन्नौजिया, अनिल कुमार, कौलेश्वर, बीपीएम सूर्य प्रताप सिंह, फिरोज, फार्मासिस्ट आशुतोष त्रिपाठी सहित सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ग्राम चौपालों के रोस्टर का हुआ एलान

**अयोध्या।** मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह ने जानकारी दी कि आयुक्त, ग्राम्य विकास, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार आगामी अप्रैल 2025 से प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपालों का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में किया जाएगा, और मासिक रोस्टर को जनपद के सांसद, विधायक, राज्यसभा सदस्य, विधान परिषद सदस्य एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराया जाएगा।अधिकारी ने बताया कि ग्राम चौपालों का आयोजन 04, 11, 18 और 25 अप्रैल 2025 को किया जाएगा। विकासखण्ड हरिंग्टनगंज के ग्राम पंचायत जाखा के हरीरामपुर, विकासखण्ड मिल्कीपुर के ग्राम पंचायत अंधियारी के खानपुर, विकासखण्ड तारून के ग्राम पंचायत सीहीपुर के करौंदी, विकासखण्ड पूराबाजार के ग्राम पंचायत रसड़ा के खानपुर, विकासखण्ड अमानीगंज के ग्राम पंचायत कोटिया के डीली सरैया, और विकासखण्ड मवई के ग्राम पंचायत अशरफपुर गंगरेला के बाबूपुर में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जाएगा।

# चैत्र रामनवमी मेले की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

अवधनामा संवाददाता



**अयोध्या।** आगामी चैत्र रामनवमी मेले की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने आई.जी. प्रवीण कुमार, एस.एस.पी. राजकरन नैय्यर, नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महासचिव चम्पत राय, ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र और गोपाल जी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में चर्चा की गई कि आगामी मेले के दौरान धूप और गर्मी को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर और दर्शन मार्ग पर श्रद्धालुओं को गर्मी से बचाने के लिए व्यापक प्रबंध किए जाएंगे। अधिकारियों और ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बताया कि श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए होल्डिंग एरिया तैयार किया जाएगा और वहां गर्मी से राहत देने के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं की जाएंगी। इसके अलावा, मंदिर परिसर और दर्शन मार्ग पर छाजन, दरी और कूलरों की व्यवस्था की जाएगी, ताकि श्रद्धालुओं को गर्मी से राहत मिल सके। श्रीराम जन्मोत्सव का लाइव प्रसारण दूरदर्शन के माध्यम से किया जाएगा और अयोध्या के प्रमुख स्थानों पर ट्रस्ट द्वारा लगाई गई स्क्रीन के अलावा सूचना विभाग द्वारा लगाए गए फिक्स एल.ई.डी. डिस्प्ले बोर्ड और एल.ई.डी. वैन से भी प्रसारण किया जाएगा।बैठक में आगे मंदिर परिसर, अंगद टीला, दर्शन मार्ग, निकास मार्ग और श्री हनुमान गढ़ी परिसर का निरीक्षण भी किया गया, जहां सुरक्षा और अन्य व्यवस्था के लिए मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस बैठक में अपर जिलाधिकारी कानून व्यवस्था इन्द्रकांत द्विवेदी, मंदिर मजिस्ट्रेट राजकुमार पांडेय, एस.पी. सुरक्षा बलरामाचारी दुबे, एस.पी. नगर मधुबन कुमार सिंह, अपर नगर आयुक्त नागेश कुमार शुक्ला, अशोक कुमार, सी.आर.पी.एफ. और एस.एस.एफ. सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## ईद की नमाज़ में मांगी गयी मुल्क की सलामती व मुल्क के लिये अमनों : अमान की दुआ

**अयोध्या।** ईद की नमाज़ सोमवार को मया बाजार के ईदगाह में अदा की गयी। ईद की नमाज़ मया बाजार जामा मस्जिद के पेश इमाम हज़रत मौलाना मोहम्मद मुस्तकीम क़ादरी ने पढ़ाई।और सदकये फित्र के बारे में बयानात पेश करते हुये सदकये फित्र की रकम को गरीबों, मिस्कीनों ,बेवाओं वा अपने आसपास के मदरसे में देने की बात कहीं। क्योंकि सदकये फित्र की रकम पर गरीबों, मिस्कीनों और बेवाओं का हक हुआ करता है।

## ई-रिक्शा व ऑटो रिक्शा के खिलाफ आरटीओ व यातायात पुलिस का संयुक्त अभियान

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री के आदेश पर अयोध्या में ई-रिक्शा और ऑटो रिक्शा के खिलाफ आरटीओ विभाग और यातायात पुलिस ने संयुक्त रूप से अभियान शुरू किया। यह अभियान रामपथ पर उदया चौराहे और पुष्पराज चौराहे से आरंभ किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने किराया सूची, फिटनेस और नाबालिग ड्राइवरों की जांच की।राम पथ पर एसपी यातायात एपी सिंह, आरटीओ प्रवर्तन विश्वजीत सिंह और एआरटीओ आरपी सिंह की मौजूदगी में अभियान का शुभारंभ हुआ। अधिकारियों ने अवैध ई-रिक्शा और ऑटो रिक्शा की जांच की और आवश्यक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों को सीज करने की कार्रवाई शुरू की। यह अभियान 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक निरंतर जारी रहेगा। इस दौरान रोड पर अवैध रूप से चल रहे ई-रिक्शा और ऑटो रिक्शा के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी ताकि यातायात व्यवस्था को बेहतर किया जा सके और शहरवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# एक ही दिन में दो हादसों से दहला परिवार

- अज्ञात कारणों से दो घरों की गृहस्थी हुई खाक
- पालतू पशु भी चपेट में आकर हुए घायल
- आग की खबर सुनते ही घर जाते समय पीड़ित का पुत्र सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल

**अयोध्या।** मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र स्थित थाना कुमारगंज अंतर्गत पूरबगांव-पारा धमधुआ,शिवहरिया के रहने वाले हरिवंश तिवारी, सदाशिव तिवारी पुत्र शिव बहादुर तिवारी दोनों भाइयों के घर, बीते रविवार शाम करीब 4:30 बजे के लगभग अज्ञात कारणों से आग लग गई। उस समय घर के सदस्य खेत पर काम करने गए थे। पास पड़ोस के लोगों ने घर से घना धुआ उठने देखा तो हल्ला गुहार लगाई, जिसे सुन गांव के लोग गौरव तिवारी, ब्रह्मदेव तिवारी, जटाशंकर तिवारी, मोहन तिवारी, चंद्रप्रकाश अग्रहरि, कोटेदार अमरनाथ, रमाकांत तिवारी, इत्यादि और खेत में काम कर रहे लोग मौके पर पहुंच आग बुझाने का प्रयास करने लगे। परंतु आग तेजी के साथ बढ़ती ही जा रही थी। आग की चपेट में आने पर एक गाय,एक बछिया, व एक पड़ीया गंभीर रूप से झुलस गए। गनीमत रही की कोई जनहानि नहीं हुई। इसी बीच आग लगने की सूचना ग्राम प्रधान द्वारिका प्रसाद तिवारी द्वारा अग्निशमन विभाग व पशु विभाग को दी गई। परंतु जब तक अग्निशमन विभाग के लोग पहुंचते दोनों घरों की गृहस्थी पूरी तरह से खाक हो चुकी थी। वहीं सूचना पर पहुंची पशु विभाग की टीम ने घायल पशुओं का इलाज किया। दूसरी ओर घटना की जानकारी होते ही क्षेत्रीय लेखपाल सुमित कुमार ठाकुर मौके पर पहुंच क्षति का आकलन कर रिपोर्ट तहसील प्रशासन को दी, तथा अपने पास से भी आर्थिक सहायता प्रदान करते हुए कोटेदार को राशन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। पीड़ित परिवार को भोजन व बिस्तर की व्यवस्था ग्राम प्रधान द्वारका तिवारी ने कराई। वहीं गांव के ही चंद्र प्रकाश अग्रहरि के द्वारा थाना कुमारगंज को सूचित किया गया, सूचना पर पहुंची थाना कुमारगंज की पुलिस ने हर संभव मदद का आश्वासन दिया। दूसरी ओर सूचना मिलते ही जिला पंचायत सदस्य अंकित पांडे भी मौके पर पहुंचे आर्थिक सहायता, कंबल, दरी,आदि से पीड़ित परिवारों की मदद की। वहीं दूसरी ओर रात्रि करीब 9:00 बजे के आसपास हरिवंश तिवारी के लड़के विपिन तिवारी जो की बलरामपुर में भागवत कथा का प्रवचन कर रहे थे, घर पर आग की सूचना पाकर आनन फानन में बलरामपुर से बाइक पर निकले, और टोल प्लाजा मीठे गांव के पास पहुंचे ही थे, की बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे विपिन तिवारी 30 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए स्थानीय लोगों के द्वारा जिला अस्पताल इलाज हेतु पहुंचाया गया। एक ही दिन में परिवार पर दो-दो बड़ी आपदाओं से दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

# अकीदत के साथ अदा की गई ईद उल फित्र की नमाज

## विभिन्न ईदगाहों व मस्जिदों में नमाज़ को लेकर रहा सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**अवधनामा संवाददाता**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** ईद उल फित्र की नमाज सोमवार को सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। नमाज को लेकर सुबह से ही लोग मस्जिदों व ईदगाहो में पहुंच रहे थे। नमाज को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के भी कड़े इंतजाम पुलिस प्रशासन द्वारा किए गए थे।

जानकारी के मुताबिक ईद उल फित्र की नमाज को लेकर सोमवार को हर्षोल्लास का माहौल डुमरियागंज तहसील क्षेत्र में देखने को मिला। विभिन्न जगहों पर भारी भीड़ के बीच उत्साह पूर्वक लोग नमाज में शामिल हुए। डुमरियागंज नगर पंचायत स्थित विभिन्न मस्जिदों व ईदगाह में जहां बड़ी तादाद में हर आयु वर्ग के लोग शामिल हुए वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी खुशी का माहौल देखने को मिला। नमाज के बाद लोग एक दूसरे से गले मिलकर बधाई दी।

स्थानीय स्तर पर मस्जिदों व ईद



गाहों के सामने बच्चों के खरीदारी के लिए बाजार भी लगाए गए थे। नमाज बाद सेवई खिलाने का भी दौर लोगों के घरों में देखा गया जो देर शाम तक चलता रहा। डुमरियागंज नगर पंचायत स्थित जामा मस्जिद में सुबह 8:30 बजे ईद उल फित्र की नमाज़ मौलाना मुफ्ती एहसानुल्लाह कासमी ने पढ़ाया।

### हल्लौर के ईदगाह में पढी गई ईद उल फित्र की नमाज

**डुमरियागंज।** तहसील क्षेत्र के कस्बा हल्लौर के उत्तर दिशा स्थित कुला की बाग में बनी ईदगाह में ईदुल फित्र की नमाज सुबह 8-30 बजे शिया जामा मस्जिद के मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी ने अदा कराई। इस दौरान अंजुमन यादगार हुसैनी के सचिव ज़मीर हसन व वक्फ बोर्ड शाह आलमगीर सानी के मोतव्वली नौशाद हैदर रिजवी गुड्डू ने बताया कि नमाज से पूर्व सारी तैयारी पूरी कर ली गई थी निर्धारित समय पर नमाज अदा की गई। इसके अलावा सुन्नी समुदाय के लोगों ने हल्लौर स्थित पोखरवा पर बनी ईदगाह में नमाज सुबह 8 बजे अदा की।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह त्यौहार एकता व भाईचारे के साथ लोग मनाए। ईद का त्यौहार मोहब्बत व इंसानियत का पैगाम देता है। टाउन के सुन्नी अकबरी मस्जिद, रोडवेज वाली मस्जिद, दारुल उलूम कासिमिया का मैदान, बैदौला स्थित मस्जिद सहित क्षेत्र के बेवा, हल्लौर, शाहपुर, मोतीगंज, बयारा, वासा दरगाह सोनहटी आदि जगहों पर भी ईद को लेकर हर्षोल्लास का माहौल देखा गया। ईद की शांति व्यवस्था के लिए एसडीएम डॉ0 संजीव दीक्षित तहसीलदार रवि कुमार यादव, पुलिस क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा की गाड़ियां दौड़ती नज़र आयी वहीं नमाज को लेकर जगह-जगह पुलिस बल सक्रिय दिखी। प्रत्येक मस्जिद ईदगाह में पुलिस बल की तैनाती सुबह से ही की गई थी। तमाम मस्जिदों में नमाज सुबह 8 बजे तक पढ़ ली गई थी।

# मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर डीएम, एसपी ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दौरे को लेकर जिला व पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। तहसील क्षेत्र के भारतभारी नगर पंचायत क्षेत्र में स्थित गुरु गोरक्षनाथ ज्ञानस्थली स्कूल वृंदावन देवरिया के उद्घाटन व शुभारंभ कार्यक्रम में 4 अप्रैल दिन शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहेंगे। इसी को लेकर डीएम डा. राजा गणपति आर. और एसपी डा. अभिषेक महाजन ने विधायक श्यामधनी राही, पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम स्थल, हेलीपैड, पार्किंग स्थल, इंट्री प्वाइंट आदि का बारीकी से निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था व अन्य बिंदुओं का जायजा लिया। नगर पंचायत भारतभारी क्षेत्र में कक्षा 8 तक संचालित गुरु गोरक्षनाथ ज्ञानस्थली विद्यालय के उद्घाटन व शुभारंभ कार्यक्रम में 4 अप्रैल दिन



शुक्रवार को दिन में 2 बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विद्यालय का उद्घाटन करने आ रहे हैं। इसी को लेकर मंगलवार को डीएम डा. राजा गणपति आर. और एसपी डा. अभिषेक महाजन ने विद्यालय व कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। डीएम ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग बांसी विवेक राय को हेलीपैड का समय से निर्माण कराने का निर्देश दिया। उनके द्वारा वीआईपी वाहनों, अन्य वाहनों के लिए पार्किंग स्थल को देखा गया साथ ही पार्किंग स्थल का बैरिकेटिंग कराने का निर्देश दिया गया। डीएम ने उपजिलाधिकारी डा. संजीव दीक्षित, क्षेत्राधिकारी बृजेश कुमार वर्मा व अन्य संबंधित को निर्देश दिया कि सभी तैयारियां समय से पूर्ण करा लिया जाए।

इस दौरान एडीएम गौरव श्रीवास्तव, एएसपी सिद्धार्थ, एसडीएम डा. संजीव दीक्षित, पुलिस क्षेत्राधिकारी बृजेश कुमार वर्मा, एक्सईऐन पी.डब्लू.डी विवेक राय, जेई संजय श्रीवास्तव, अवनीश चौधरी, तहसीलदार रविकुमार यादव, ईओ राजन गुप्ता, महेश प्रताप श्रीवास्तव, आशुतोष सिंह, प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर तिवारी, चेयरमैन चंद्र प्रकाश उर्फ चंदू चौधरी, अंकित श्रीवास्तव, लवकुश ओझा, रमेश लाल श्रीवास्तव, राजन अग्रहरि आदि मौजूद रहे।

# शांति व सौहार्द के वातावरण में अदा की गयी ईद

**अवधनामा संवाददाता**

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** ईदुल फितर का त्योहार नगर व क्षेत्र में सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। त्योहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक अमला काफी सतर्क रहा। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं व प्रशासनिक अधिकारियों ने क्षेत्र का भ्रमण कर लोगों को ईद की बधाई दी।



नगर स्थित वाजिदपुर पुरानी ईदगाह में ईदुल फितर की नमाज़ कारी मोहम्मद तैयब की कयादत में अदा की गई। मौलाना हबीबुर्रहमान नूरी ने खुतबे के दौरान मुल्क में अमन चैन व देश की समृद्धि के लिए दुआएं मांगी।मगुराडिला स्थित नयी ईदगाह में कारी मोहम्मद जकरिया ने ईद की नमाज अदा कराई। सराय चौक स्थित वक्फ मस्जिद रौज-ए-हजरत कासिम में ईद की नमाज मौलाना रहबर रज़ा सुल्तानी की कयादत में अदा की गई। मदीना मस्जिद में कारी गयासुद्दीन ने ईदुल फितर की नमाज पढ़ाई। जामा मस्जिद उर्दू बाजार में कारी आफाक अहमद, जाफराबाद स्थित बड़ी मस्जिद में मौलाना मीसम रज़ा,छोटी मस्जिद में मौलाना मोहम्मद हैदर,हैदरी मस्जिद में मौलाना रईस हैदर, अखाड़ा मस्जिद में मौलाना जैगम अब्बास बाकरी,दुमदुमी मस्जिद में मौलाना रमज़ान अली साबरी, उस्मानपुर में मौलाना सईद हसन रजाई व मौलाना करार हुसैन तुराबी ने ईदुल फितर की नमाज़ अदा कराई।पुरानी ईदगाह के समीप लगे मेले में बच्चों ने मेले का लुत्फ उठाया। मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में पूरे दिन दावतों का दौर चलता रहा।ईद के मौके पर मशहूर खास व्यंजन सेवई का लोगों ने खूब लुत्फ उठाया। त्योहार को सकुशल संपन्न कराने में उपजिलाधिकारी पवन कुमार जायसवाल,पुलिस क्षेत्राधिकारी अनूप कुमार सिंह , कोतवाल संतोष सिंह दलबदल के साथ मुस्तैद रहे।

# छात्र-छात्राओं ने निकाली जागरुकता रैली

**अवधनामा संवाददाता**

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** विकास खंड बढ़नी क्षेत्र के बरसाती यादव इन्टरमीडिएट कालेज पथरदेइया शिक्षक व छात्र छात्राओं ने मंगलवार को जागरुकता रैली निकालकर शिक्षा के स्तर को बढ़ाने, लोगों को शिक्षा के महत्व को बताने तथा बच्चों को स्कूल भेजने के उद्देश्य से नए सत्र 2025-26 के प्रारंभ होने पर सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत स्कूल चलो जागरूकता अभियान निकाल कर क्षेत्र के ढेकहरी, मजगवां, बढ़नी, ढेबरूआ, तुलसियापुर, कठेला, झकहिया आदि क्षेत्रों में जाकर स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित कर शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए अभिभावकों से मिलकर उनके बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया गया। जिसमें विद्यालय के प्रबंधक राम मूरत यादव संचालक राम सूरत यादव, प्रधानाचार्य रेनू यादव, अध्यापक हरिश्चंद्र यादव, राधेश्याम, रोहित विशाल पाण्डेय, रोहित यादव एनसीसी (एएनओ) संजय, विनोद, किशन, संत कुमार, सुभाष चन्द्र, रामसिंह, शकील, माधव,अजय पाण्डेय व अध्यापिका कल्पना पाण्डेय, सोनाली, नेहा, खुश्बू, गीता, सुप्रिया आदि लोगों की सहभागिता रही।



■ क्षेत्रवासियों को सर्व शिक्षा अभियान अंतर्गत स्कूल चलो अभियान के तहत किया जागरूक

## संक्षिप्त समाचार

### स्कूल चलो अभियान के तहत निकली रैली

**जलालपुर अंबेडकरनगर।** कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय ताजूपुर में स्कूल चलो अभियान की रैली निकाली गई तथा कक्षा 8 उत्तीर्ण करने वाले बच्चों का विदाई समारोह काआयोजन किया गया रैली को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधाना ध्यापक सन्तोष कुमार मिश्रा ने कहा कि शिक्षा अमूल्य निधि है बच्चे देश के भविष्य हैं इसलिए अभिभावकों को चाहिए कि अपने बच्चों की शिक्षा के प्रति सचेत रहें उन्होंने कहा कि बिना शिक्षा के जीवन अधूरा है शिक्षा से ही मानसिक विकास होता है श्री मिश्र ने अभिभावकों का आवाहन किया की शत-प्रतिशत बच्चों को विद्यालय भेजें और उनकी पढ़ाई के प्रति ध्यान दें इस अवसर पर असद हबीब स अ विनोद पटेल स अ शत्रुघ्न स अ रिंका देवी स अ, सुमन यादव शि मि सुमनलता शि मि रमावती देवी शि मि कुसुमलता शि मि के अतिरिक्त संकुल शिक्षक राजकपूर ज्ञानेन्द्र मणि मिश्र तथा बिपिन कुमार एवं प्रधान ताजूपुर विद्यालय प्रबन्ध समिति सदस्य एवं रसोइया कर्मी एवं विद्यालय के बच्चे रैली में शामिल हुए।



### नेत्र चिकित्सा में क्रांति 15000 से ज़्यादा सर्ज़री कर चुके अमित पटेल ने अभिभावकों से की अपील अपने बच्चो की समय समय जाँच अवश्य कराते रहें

**अंबेडकरनगर दानिश मेहदी।** राजकीय मेडिकल कॉलेज अंबेडकरनगर के प्रोफेसर एवं नेत्र विभागाध्यक्ष डॉ. अमित कुमार पटेल ने नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में क्रांतिकारी योगदान दिया है। एमबीबीएस और नेत्र विज्ञान की पढ़ाई करने के बाद, उन्होंने BRD मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर में 2006 से 2009 तक अध्ययन किया और फिर 2009-2011 तक वहीं सीनियर रेजीडेंट के रूप में कार्य किया। वर्ष 2011 से वे राजकीय मेडिकल कॉलेज अंबेडकरनगर में अपनी सेवाएँ दे रहे हैं और वर्तमान में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक की भी जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। डॉ. अमित कुमार पटेल अब तक 15,000 से अधिक नेत्र सर्जरी सफलतापूर्वक कर चुके हैं। इनमें प्रमुख रूप से मोतियाबिंद, ग्लूकोमा और पलक संबंधी सर्जरी शामिल हैं। उनके नेतृत्व में हर साल करीब 1000 सर्जरी होती हैं। डॉ. पटेल ने अभिभावकों और शिक्षकों से अपील की है कि यदि किसी बच्चे को क्लासरूम में ब्लैकबोर्ड पर लिखे अक्षर साफ नहीं दिखते तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएँ। साथ ही ग्रामीणों से आग्रह किया कि खेतों में काम करने के दौरान आँख में चोट लगने पर लापरवाही न करें और तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें, क्योंकि सही समय पर इलाज न मिलने से आँखों का अल्सर बढ़ सकता है, जिससे रोशनी जाने का खतरा रहता है। डॉ. पटेल के अनुसार, सर्दियों में हर दिन लगभग 40-50 मोतियाबिंद के मरीज मेडिकल कॉलेज आते हैं, जिन्हें जाँच के बाद ऑपरेशन के लिए तिथि दी जाती है। मौसम का मोतियाबिंद सर्जरी पर असर नहीं पड़ता, लेकिन गर्मियों में थोड़ी ज्यादा सावधानी बरतनी होती है।



### स्कूल चलो अभियान -प्रवेशोत्सश और परीक्षा फल वितरण के साथ शुरू हुआ नवीन सत्र

**अमेठी।** मंगलवार को नवीन शैक्षिक सत्र शुरू हुआ। स्कूल चलो अभियान की शुरुआत के क्रम में कई स्कूलों में प्रवेशोत्सव आयोजित किए गए। परीक्षा फल वितरण का काम भी हुआ। इंटर कालेजों में कक्षा नौ और ग्यारह में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षाओं का भी आयोजन हुआ। मंगलवार को जिले के सभी स्कूल परिवर्तित समय के अनुसार सुबह आठ बजे से दो बजे तक संचालित हुए। परिषदीय विद्यालयों में रोली और टीका लगाकर बच्चों का स्वागत किया गया। मध्यान्ह भोजन के पहले बच्चों को स्वादिष्ट पकवान के रूप में हलुआ और खीर खिलाया गया। प्राइवेट स्कूलों में रिजल्ट कार्ड भी बच्चों को बांटे गए।

# हृदय रोगियों के लिये बढ़ता तापमान खतरनाक: डॉ आशुतोष

**अवधनामा संवाददाता**

**अम्बेडकरनगर।** जलवायु परिवर्तन एक गंभीर समस्या बन चुका है. बढ़ता तापमान, असंतुलित मौसम और प्रदूषण न सिर्फ पर्यावरण को प्रभावित कर रहे हैं, बल्कि हमारी सेहत पर भी गंभीर असर डाल रहे हैं. हाल ही में ऑस्ट्रेलिया में हुई एक स्टडी में दावा किया गया है कि बढ़ते तापमान और जलवायु परिवर्तन से दिल की बीमारियों का खतरा तेजी से बढ़ रहा है. ज्यादा गर्मी हार्ट की हेल्थ के लिए ठीक नहीं है. जनपद अंबेडकर नगर के माने जाने हॉट विशेषज्ञ डॉक्टर आशुतोष शुक्ला का कहना है कि तापमान बढ़ने पर शरीर पर असर देखने को मिलता है. इससे हमारा शरीर गर्म होने लगता है. ऐसे में शरीर को ठंडा रखने के लिए दिल को ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है. यह स्थिति उनके लिए ज्यादा खतरनाक होती है, जो पहले से ही किसी तरह की समस्या से जूझ रहे



हैं. बढ़ती गर्मी से ब्लड प्रेशर असंतुलित हो सकता है, जिससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक या अन्य हार्ट का खतरा बढ़ जाता है. डॉक्टर आशुतोष शुक्ला का कहना है कि मौसम विभाग ने इस साल ज्यादा गर्मी पड़ने की आशंका जताई है. मार्च में ही कई हिस्सों में तापमान बढ़ा हुआ है.कई जिले में तो मार्च में ही तापमान 40 डिग्री के आसपास बना हुआ है. भीषण गर्मी से कई समस्याएं हो सकती हैं. डॉ आशुतोष शुक्ला द्वारा बताया गया जो व्यस्क हैं उन्हें दिन भर में 3 से 4 लीटर पानी पीना चाहिए, वहीं बच्चे को 1 से 2 लीटर पानी पीना चाहिए. इसके अलावा दही, छाछ, लस्सी, फलों के जूस का सेवन से हाइड्रेशन मेंटेन रहता है।

### सीतू सिंह के भजनों से झूम उठे श्रद्धालु

**उरई (जालौन)।** जिला मुख्यालय से करीब 55 किमी दूर बीहड़ में यमुना नदी के तट पर पांडवो द्वारा स्थापित माँ जालौन देवी परिसर में आयोजित नवरात्रि महोत्सव में झाँसी की भजन गायिका सीतू सिंह व सुनील पांचाल उरई के भजनों से उपस्थित भक्त जमकर झूमे और मैया के जमकर जयकारे लगाए। माँ जालौन देवी परिसर में ब्लाक प्रमुख रामपुरा अजीत सिंह सेंगर द्वारा आयोजित चैत्र नवरात्रि महोत्सव 2025 में कन्याओ के पूजन के बाद कलश स्थापना कर माता रानी की पूजा अर्चना की गई। इसके उपरांत मन्दिर परिसर में पहुंच रहे सभी भक्तों के लिए अखण्ड भंडारे का शुभारंभ किया गया जो अनवरत नौ दिन तक सुबह दस बजे से शाम छह बजे तक जारी रहेगा। यमुना नदी के किनारे घने जंगल में स्थित जालौन माता मंदिर लोगों की अटूट आस्था का केंद्र है। मंदिर एक ऊंचे टीले पर बना हुआ है। नवरात्र में यहां मध्य प्रदेश, इटावा, औरैया, जालौन व झांसी सहित कई जिलों के श्रद्धालु जवारे लेकर आते हैं।

# अप्राशिक्षित के भरोसे चल रहे मेडिकल स्टोर कैसे मिले सही दवाये

**अवधनामा संवाददाता**

**अंबेडकरनगर।** जनपद मुख्यालय के मालीपुर जाफरगंज खजूरी मरैला क्षेत्र में चल रहे मेडिकल स्टोर्स में से अधिकतर दुकानें लंबे समय से अप्रशिक्षित के भरोसे चल रही हैं। इन दुकानों पर टंगे लाइसेंस किसी ओर के नाम से हैं, जबकि यहां दवाओं की बिक्री किसी ओर के भरोसे की जा रही है। खास बात तो यह है कि मेडिकल स्टोर्स संचालक के यहां उपस्थित व्यक्ति द्वारा बिना परिचय के डॉक्टर द्वारा लिखे पर्चे के बगैर दवाई दी जाती हैं और मरीज के इलाज भी किए जाते हैं। इसके बाद इन्हीं लाइसेंस के आधार पर इन दवा की दुकानों का संचालन अन्य व्यक्ति कर रहे हैं।ऐसे में यह अप्रशिक्षित आमजन के स्वास्थ्य को खतरे में भी डाल सकते हैं। नियमों की अनदेखी के बावजूद क्षेत्र के किसी भी मेडिकल स्टोर पर विभाग की ओर से समय-समय पर सख्ती से कार्रवाई तक नहीं की जा रही। किसी भी दवा दुकान पर दवाओं की बिक्री करने के लिए खुद फार्मासिस्ट का होना बेहद जरूरी है, लेकिन सत्तर प्रतिशत दुकानों पर अप्रशिक्षित ही दवाएं बेच रहे हैं। इन दुकानों पर दवाएं बेचने का खेल भी खूब चलता है। अस्पताल प्रशासन व विभागीय अधिकारियों से साठगांठ होने के कारण मेडिकल संचालक बेखौफ होकर अपनी दुकानें चला रहे हैं। सीएचसी में सेटिग कर यह मेडिकल संचालक गांव देहात से आने वाले मरीज के तीमरदारों को जमकर दवाओं के नाम पर लूटते हैं,अधिकांश मेडिकल स्टोर संचालक ग्राहकों को पक्का बिल नहीं देते हैं। किसी के पास कम्प्यूटर नहीं है तो किसी के पास बिल बुक नहीं रहता है। ग्राहक मांगने पर पहले तो टहलाया जाता है। जब नही मानता है तो दवा के कागज के लिफाफे पर ही कीमत लिख दी जाती है। बिल न मिलने के कारण ग्राहकों को दवा वापसी करने में दिक्कत आती है।मेडिकल संचालक चिकित्सक के परामर्श पर मिलने वाली दवाएं भी लोगों को बेरोक टोक बेचते हैं। इसके बदले ग्राहकों से मुंहमांगी कीमत वसूल की जाती है। मेडिकल स्टोर से दवा खरीदने पर कोई बिल या पर्ची नहीं दी जाती यदि कोई मांगता भी है तो उसे दवा छीनकर भगा दिया जाता है।कुछ दिन तक फार्मासिस्ट के पास काम सीखने के बाद वे भी किराए के लाइसेंस पर दुकान का पंजीयन करवा लेते हैं ओर किसी ओर की डिग्री के आधार पर ही दुकान का संचालन करते हैं। इन सबके बावजूद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ठोस कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। कभी कभार विभागीय अधिकारी जांच के लिए आते है तो इन मेडिकल संचालकों के द्वारा उनकी जेब गर्म की जाती है, जिसके बाद नाश्ता कर बिना कार्रवाई के लौट जाते है। लोगों का कहना है कि शिकायत करने पर कार्रवाई के लिए तो आते है लेकिन यहां आकर मिलीभगत कर जेब गर्म कर बिना कार्रवाई के ही लौट रहे हैं।

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण/दस्तक अभियान माह का फीता काटकर शुभारम्भ

**अवधनामा संवाददाता**

**बस्ती।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता, मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल ने अटल बिहारी बाजपेयी प्रेक्षागृह परिसर में विशेष संचारी रोग नियंत्रण/दस्तक अभियान माह का फीता काटकर शुभारम्भ करते हुए जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह रैली संचारी रोगों से बचाव/रोकथाम के लिए आम जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से निकाली गयी। संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक तथा दस्तक अभियान 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचालित किया जाएगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगों को बुखार के समुचित इलाज की शपथ भी दिलाया। उन्होने कहा कि दिमागी बुखार जानलेवा हो सकता है या रोग के बाद शारीरिक और



मानंसिक विकलांगता भी ला सकता है। इसलिए बुखार होने पर तत्काल नजदीक के सरकारी अस्पताल में ले जाये। जनपद के प्रत्येक सीएचसी/पीएचसी पर बुखार के समुचित इलाज की व्यवस्था है। इस अवसर पर सभी ने अपने गॉव, ब्लाक, जनपद और प्रदेश को दिमागी बुखारमुक्त करने के लिए संकल्प लिया। उन्होने इसकी प्रतिबद्धता दोहराई कि शौचालय का प्रयोग करेंगे और अन्य लोगों को भी प्रयोग करने के लिए प्रेरित करेंगे। व्यक्तिगत साफ-सफाई का ध्यान रखेंगे, अपने घर के आस-पास साफ-सफाई रखेंगे। यदि कोई बच्चा बुखार से पीड़ित होगा तो उसके परिवार को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल जाने हेतु प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर सीएमओ डा. राजीव निगम, विधायक प्रतिनिधि हरैया सरोज बाबा, सदर के मो. सलीम, नगरपालिका अध्यक्षा प्रतिनिधि अंकुर वर्मा, रोटरी क्लब के अध्यक्ष एल.के. पाण्डेय तथा विभागीय चिकित्साधिकारीगण उपस्थित रहें।

# आने वाली गर्मी में हीट वेव का खतरा, प्रशासन ने शुरू की विशेष तैयारी, जागरूकता अभियान का ऐलान

**अवधनामा संवाददाता**

**बस्ती।** गर्मी के बढ़ते तापमान के साथ हीट वेव का खतरा बस्ती जिले में मंडराने लगा है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग की चेतावनी के अनुसार, इस वर्ष गर्मी पिछले वर्षों की तुलना में कहीं अधिक तीव्र होने वाली है। इस संकट से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने विशेष तैयारियां शुरू कर दी हैं और आम जनता को जागरूक करने के लिए एक व्यापक एडवाइजरी जारी की है। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) प्रतिपाल सिंह चौहान ने मंगलवार को यह जानकारी दी। चौहान ने बताया कि जिले में हीट वेव के खतरों से बचाव के लिए प्रशासन ने ठोस कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। इसके तहत जिले की चारों तहसीलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने जिला आपदा प्रबंधन



विशेषज्ञ रंजीत रंजन को निर्देश दिया है कि वे सभी तहसीलों का दौरा करें और प्रशासनिक अधिकारियों, राजस्व विभाग के कर्मचारियों तथा गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) के सहयोग से इन कार्यक्रमों को सफल बनाएं। जागरूकता कार्यक्रमों के शेड्यूल में 04 अप्रैल को हरैया तहसील, 07 अप्रैल भानपुर तहसील, 08 अप्रैल रूधौली तहसील, 11 अप्रैल सदर तहसील सामिल हैं। इन कार्यक्रमों के दौरान नागरिकों को हीट वेव से बचाव के लिए जरूरी सुरक्षा उपायों की जानकारी दी जाएगी। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि लोगों को अधिक से अधिक पानी पीने, हल्के और ढीले कपड़े पहनने, दोपहर के समय तेज धूप में बाहर निकलने से बचने और गर्मी से संबंधित बीमारियों के लक्षणों को पहचानने की सलाह दी जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे इस गर्मी के मौसम में सतर्क रहें और अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। जिला आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ रंजीत रंजन ने कहा, ÷हमारा लक्ष्य है कि जिले का हर व्यक्ति हीट वेव के खतरों से अवगत हो और समय रहते जरूरी कदम उठा सके। खास तौर पर बुजुर्ग, बच्चे और कमजोर स्वास्थ्य वाले लोग इस दौरान अधिक जोखिम में रहते हैं। इन्हें विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है।÷ उन्होंने बताया कि जागरूकता अभियान के तहत स्कूलों, ग्राम पंचायतों और सार्वजनिक स्थानों पर भी कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसके अलावा, स्थानीय मीडिया और सोशल मीडिया के जरिए भी लोगों तक यह संदेश पहुंचाया जाएगा। प्रशासन द्वारा जारी एडवाइजरी में कई महत्वपूर्ण सुझाव शामिल हैं। लोगों से आग्रह किया गया है कि वे गर्मी के दौरान अपने और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए सावधानी बरतें।

### यूपीएस और एनपीएस के विरोध में अटेवा ने मनाया काला दिवस

**इटावा।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश एवं NMOPS के शीर्ष नेतृत्व एवं प्रान्तीय अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु के आव्हान पर जनपद में शिक्षकों एवं कर्मचारियों के द्वारा अपने कार्यस्थल पर काली पट्टी बांधकर कार्य करते हुए विरोध दर्ज कराया गया तथा प्रधानमंत्री जी और मुख्यमंत्री को जिला अधिकारी के माध्यम से ज्ञापन देकर सरकार से पुरानी पेंशन बहाली की मांग की गई। मालूम हो कि उत्तर प्रदेश में 1 अप्रैल 2005 को पुरानी पेंशन व्यवस्था बंद कर नई पेंशन व्यवस्था लागू की गई थी। अब दिनांक 01 अप्रैल से एक और व्यवस्था UPS लागू करने जा रही है UPS के रूप में यह शिक्षकों, कर्मचारियों व अधिकारियों के साथ बहुत बड़ा आघात है।यह काला कानून है,अटेवा प्रतिवर्ष 1 अप्रैल को NPS के विरुद्ध काला दिवस मनाता रहा है।इसी क्रम में इस वर्ष भी 1 अप्रैल को सभी शिक्षक, कर्मचारी व अधिकारी अपने-अपने कार्य स्थलों पर या जहां भी रहे बॉह में काली पट्टी बांध कर काले कानून का विरोध दर्ज कराया

# संघ के संस्कारों का सवाल

यह आरएसएस का शताब्दी-वर्ष है। करीब 24 साल बाद भारत के प्रधानमंत्री संघ मुख्यालय गए। पहले वर्ष 2000 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी संघ मुख्यालय गए थे। अब मौजूदा प्रधानमंत्री मोदी नागपुर मुख्यालय गए। भाजपा के दोनों ही प्रधानमंत्री आरएसएस प्रचारक थे, उनकी राजनीतिक-सामाजिक-वैचारिक जड़ें संघ से ही जुड़ी थीं, लिहाजा संघ की शरण में जाना स्वाभाविक है। ऐसी व्याख्याएं गलत और भ्रामक हैं कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व को कोई चुनौती है या भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर कोई विरोधाभास हैं अथवा संघ भाजपा से कुछ मुद्दों पर नाराज है, लिहाजा संबंधों में तनाव है। भाजपा संघ का ही एक मातृ संगठन है, लिहाजा निर्देश और संस्कार संघवाले ही हैं। उन्हें चुनौती नहीं दी जा सकती या उनका विरोध करने का दुस्साहस संभव नहीं है। संघ और भाजपा के संबंध एक विराट परिवार सरीखे हैं। वे आपस में विमर्श करते हैं और फिर एक साझा निष्कर्ष पर पहुंचते हैं। करीब 90 फीसदी नेता और कार्यकर्ता आरएसएस की पृष्ठभूमि के होते हैं, जो बाद में भाजपा के लिए काम करते हैं। आरएसएस में करीब 60 लाख स्वयंसेवक हैं। उन्हीं में से प्रचारक बनते हैं। जिन्हें भाजपा में भेजा जाता है, वहां वे सांसद, मंत्री और फिर प्रधानमंत्री बन सकते हैं। 1951 में जब 'जनसंघ' का गठन किया गया था, तब पार्टी प्रमुख डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अटल बिहारी वाजपेयी, सुंदर सिंह भंडारी, दीन दयाल उपाध्याय सरीखे चेहरों को आरएसएस से ही मांगा था। दरअसल आज हम संघ के स्तुतिगान के पक्ष में नहीं हैं और न ही इतिहास बताना चाहते हैं। कुछ संवेदनशील और राष्ट्रीय चेतना के स्तर के मुद्दे हैं, जो संघ के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, बंधुत्व, हिंदुत्व, एकता-अखंडता, सेवा-संस्कार और सामाजिकता के बिल्कुल विलोम हैं।

एक तरफ प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में संघ को महान, अक्षय और आधुनिक 'वटवृक्ष' माना है, लेकिन दूसरी तरफ झारखंड के हजारीबाग में भाजपा सांसद मनीष जायसवाल ने सरेआम तलवारें, लाठियां और डंडे कार्यकर्ताओं और समर्थकों में बांटे हैं। दरअसल बहुसंख्यक सांप्रदायिकता बेहद खतरनाक और हिंसक होती है, लिहाजा सांसद का यह कारनामा अक्षम्य है। दलील दी गई कि ये 'राम नवमी' त्योहार के उपलक्ष्य में बांटे गए हैं। प्रभु श्रीराम के नाम पर किसी पर्व या समारोह के लिए 'हथियार' कब बांटे गए हैं? क्या सनातन की भी ऐसी कोई परंपरा है? एक संकेत मिलता है कि भाजपा सांसद ने 'राम नवमी' की शोभा-यात्रा के दौरान किसी संभावित उपद्रव या हमले के मद्देनजर अपनी फौज तैयार की है। हजारीबाग में ही 'मंगला जुलूस' पर पथराव किया गया था। ऐसे पथराव बंगाल, बेंगलुरु, कानपुर, अलीगढ़ आदि शहरों में भी होते रहे हैं। क्या देश भर में भाजपा की ऐसी फौज तैयार और तैनात की जा सकती है? क्या आरएसएस के बुनियादी संस्कार और विचार यही हैं? सरेआम तलवारें बांटी गईं और नेतृत्व बिल्कुल खामोश है। क्या उसी की खामोश सहमति रही है? अब यह नाजुक दौर है, जब संघ और भाजपा नेतृत्व को देश के सामने साफ करना चाहिए कि क्या उनका विचार और संस्कार हिंदू बनाम मुसलमान का ही है?

## मोदी का वादा, योगी से आशा!


के. विक्रम राव

पिछले दिनों बलूचिस्तान के स्वाधीनता सेनानियों ने इस्लामी पाकिस्तान के खिलाफ अपनी जंगे-आजादी की मुहिम को तेज कर दिया। इस संघर्ष में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक संदर्भ का जिक्र भी हो। नरेंद्र मोदी ने लाल किले के प्राचीर से (15 अगस्त 2016) इस वायदे को किया था। बलूचिस्तान का हवाला अलग किस्म से पेश किया। प्रधानमंत्री ने गिलगिट और पेशावर की भांति बलूचिस्तान पर पाकिस्तान के जबरन कब्जे की भर्त्सना भी की थी। एक दशक बीत जाने पर भी बलूची स्वाधीनता सेनानियों की भारत मदद नहीं कर पाया।

बलूचिस्तान को पाकिस्तान का अन्दरूनी मसला भारत मानता रहा है, भले ही कश्मीर का अन्तर्राष्ट्रीयकरण पाकिस्तान करता आया हो। बलूच जनता के साथ भारत की यह कृतघ्नता है। पाकिस्तान के सरकारी अभिलेखों के अनुसार अंग्रेजों के पलायन के पश्चात आजाद भारतीय संघ में बलोचिस्तान रहना चाहता था, जैसे पश्चिमोत्तर प्रांत में सीमांत गांधी अब्दुल गफ्फार खान के पठान अनुयायी। बलूच गांधी और स्वतंत्रता सेनानी खान अब्दुल समद खान अचकजाई के नेतृत्व में बलूच सत्याग्रही महात्मा गांधी के आंदोलन में सक्रिय रहे। भौगोलिक दूरी के कारण, बल्कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेताओं की सत्ता प्राप्ति की जल्दबाजी से बलुचिस्तान भारत से कट गया। जुड़ना संभव नहीं हो पाया था। अतः पाकिस्तान के विरूद्ध बलूच जनता अपने स्वतंत्र गणराज्य का संघर्ष चलाती रही। जवाब में मोहम्मद अली जिन्ना ने थल और वायुसेना भेजकर (27 मार्च 1948) राजधानी क्वेटा पर कब्जा कर लिया। रियासतों के सारे नवाबों, खासकर कलाट के नवाब मीर अहमद यार खान ने, जिन्ना के विलय प्रस्ताव पर दस्तखत करने से इन्कार कर दिया था। स्वयं मोहम्मद अली जिन्ना इस दमन प्रक्रिया का दिग्दर्शन करने क्वेटा गये। मगर गंभीर रूप से वहाँ बीमार पड़ गये और कराची लौट आये। उसी हफ्ते उनका निधन हो गया। बलूच आजादी की लड़ाई को पाकिस्तानी वायुसेना ने कुचल दी। ऐतिहासिक तथ्य यह भी है जो बलूची नेता श्रीमती नईला कादरी ने कहा भी था कि पाकिस्तान तो ब्रिटिशों द्वारा पैदा करवाया टेस्ट ट्यूब बच्चा है। बलूचिस्तान का कुछ हिस्सा अंग्रेजों को लीज पर दिया गया था। पर ब्रिटिश बलूचिस्तान, ब्रिटिश हिंदुस्तान से बिल्कुल अलग था। ब्रिटेन ने 1947 में उनके अधीन बलूचिस्तान के इलाकों को मुक्त कर दिया था।

मुक्त बलूचिस्तान में भारत का गंभीर सरोकार इसलिए भी है क्योंकि इक्यावन शक्तिपीठों में से एक माता हिंगलाज देवी का सिद्धपीठ बलूचिस्तान में है। हिंदू धर्म ग्रन्थों के अनुसार भगवान परशुराम के पिता महर्षि जमदग्नि ने यहां घोर तप किया था। उनके नाम पर रखा गया आसाराम स्थान अब भी यहां मौजूद है, जो भगवान परशुराम के नाम से जाना जाता है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम भी यात्रा के लिए इस सिद्ध पीठ पर आए थे।



तारीफ करनी होगी शतवर्षीय लालचंद किशनचंद आडवाणी की जिन्होंने सबसे पहले माता हिंगलाज सिद्ध पीठ को उनके भक्तों के खोलने की मांग की थी। उनकी मांग का आधार था कि अमृतसर स्वर्ण मंदिर के निकट पाकिस्तानी भू-भाग पर श्री करतारपुर साहिब का गुरुद्वारा है। वहां भारतीय धर्मार्थी लोग दर्शन के लिए अनुमति पा चुके हैं। जवाहरलाल नेहरू से सरदार मनमोहन सिंह तक सारे कांग्रेसी प्रधानमंत्री बलूचिस्तान जनता के संघर्ष से कटे रहे, दूर रहे। नरेंद्र मोदी सक्रिय रहे। एक विशिष्ट बात यह भी है कि इस देवी मंदिर के पास ही गुरु गोरखनाथ का एक सरोवर भी है जहां माता हिंगलाज देवी स्नान करने आती थीं। इस संदर्भ में योगी आदित्यनाथ से अपेक्षा है कि सिद्ध पीठ हिंगलाज देवी की तीर्थ यात्रा का अधिकार भारतीयों को दिलवाएंगे। प्रधानमंत्री पर दबाव डालेंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

**इतना शानदार इतिहास होने के बावजूद, भारत में वक्फ बोर्ड अनियमितताओं और कुप्रबंधन के आरोपों में घिरे हुए हैं। रिपोर्ट बताती हैं कि कानूनी प्रक्रियाओं को दरकिनार करते हुए वक्फ संपत्तियों को अक्सर अवैध रूप से बेचा जाता है या निजी संस्थाओं को औने-पौने दामों पर पट्टे पर दे दिया जाता है। बड़े पैमाने पर हुए इस भ्रष्टाचार ने मुस्लिम समुदाय के भीतर बढ़ती अशांति को जन्म दिया है क्योंकि अतिक्रमण, अवैध भूमि लेनदेन और कानूनी विवादों के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। हालांकि, भले ही इस समस्या को व्यापक रूप से पहचाना जाता है, लेकिनअधिकांश समुदाय के सदस्य सामाजिक प्रतिक्रिया और साथियों के दबाव के डर से बोलने से बचते हैं।**

# वक्फ बोर्ड भूमि घोटाले में मुख्य पीड़ित बने मुसलमान


हर्ष रंजन

देश में सेना और रेलवे के बाद तीसरी सबसे बड़ी भूमि वक्फ़ की है। भारतीय वक्फ संपत्ति प्रबंधन प्रणाली (वामसी) पोर्टल के मुताबिक भारत में वक्फ संपत्तियों का कुल क्षेत्रफल 37.39 लाख एकड़ से अधिक है। भारत में 28 राज्य और 7 केंद्र शासित प्रदेश हैं, जिनमें से 32 वक्फ़ बोर्ड विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में काम करते हैं। कुल 8,72,802 वक्फ संपत्तियों के साथ, भारत में वक्फ संपत्तियों का आकार बहुत बड़ा है। इसके अलावा, 4,02,089 'वक्फ बाय यूजर' हैं, लेकिन उनके लिए कोई उचित दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं। इतनी बड़ी संपत्ति होने के बावजूद, केवल 1,088 वक्फ डीड पंजीकृत की गई हैं और 26,676 निजी वक्फ (वक्फ अल औलाद) संपत्तियां हैं।

**भारत में वक्फ का इतिहास और वर्तमान संकट :** भारत में वक्फ संपत्तियों का प्रशासन कई विधायी परिवर्तनों के माध्यम से विकसित हुआ है, जिसका उद्देश्य प्रशासन में सुधार और कुप्रबंधन को रोकना है। 1894 में प्रिवी काउंसिल के आदेश के बाद से, मुस्लिम वक्फ अधिनियम संशोधन (1913, 1923, 1930), वक्फ अधिनियम 1954 और इसके बाद हुए संशोधनों सहित विभिन्न कानूनों ने वक्फ प्रशासन को आकार दिया है। वक्फ अधिनियम, 1995 ने विनियामक तंत्र को और मजबूत किया, जिसमें 2013 में एक प्रमुख संशोधन ने इसके दायरे का विस्तार किया। इतना शानदार इतिहास होने के बावजूद, भारत में वक्फ बोर्ड अनियमितताओं और कुप्रबंधन के आरोपों में घिरे हुए हैं। रिपोर्ट बताती हैं कि कानूनी प्रक्रियाओं को दरकिनार करते हुए वक्फ संपत्तियों को अक्सर अवैध रूप से बेचा जाता है या निजी संस्थाओं को औने-पौने दामों पर पट्टे पर दे दिया जाता है। बड़े पैमाने पर हुए इस भ्रष्टाचार ने मुस्लिम समुदाय के भीतर बढ़ती अशांति को जन्म दिया है क्योंकि अतिक्रमण, अवैध भूमि लेनदेन और कानूनी विवादों के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। हालांकि, भले ही इस समस्या को व्यापक रूप से पहचाना जाता है, लेकिनअधिकांश समुदाय के सदस्य सामाजिक प्रतिक्रिया और साथियों के दबाव के डर से बोलने से बचते हैं।

**बड़े पैमाने पर अतिक्रमण और कानूनी विवाद :** वक्फ संपत्तियों के एक बड़े हिस्से पर अतिक्रमण है, जिस कारण कई कानूनी लड़ाइयां हो रही हैं। वामसी पोर्टल के अनुसार, वर्तमान में वक्फ संपत्तियों पर अतिक्रमण के 58,890 मामले हैं। वक्फ संपत्तियों से संबंधित कुल मुकदमेबाजी के मामलों की संख्या 31,999 है, जिनमें से 16,140 मामले विशेष रूप से अतिक्रमण से संबंधित हैं। इनमें से 3,165 मामले मुस्लिम याचिकाकर्ताओं द्वारा दायर किए गए हैं। मुस्लिम समुदाय के कई लोगों का मानना है कि वक्फ बोर्डों में पारदर्शिता और जवाबदेही की कमी




के चलते भ्रष्ट अधिकारियों और निहित स्वार्थी लोगों के लिए इन संपत्तियों का दोहन करना संभव हुआ है, जिससे समुदाय को उसके सही संसाधनों से वंचित किया जा रहा है।

**बोलने का डर और आंतरिक संघर्ष :** इस मुद्दे ने समुदाय के भीतर आंतरिक कलह को जन्म दिया है क्योंकि लोगों को तेजी से एहसास हो रहा है कि वक्फ संपत्तियों का कुप्रबंधन मुख्य रूप से मुसलमानों को नुकसान पहुंचाता है। हालांकि, सामाजिक दबावों के कारण खुलकर आलोचना करना दुर्लभ है। कई सामाजिक कार्यकर्ताओं, प्रमुख मुस्लिम हस्तियों, शिक्षाविदों और विचारकों ने वक्फ कानून सुधारों की तत्काल आवश्यकता पर बढ़ती लेकिन अव्यक्त आम सहमति को उजागर किया है। हालांकि, उन्होंने कहा कि कई समुदाय के प्रभावी लोग धार्मिक और राजनीतिक समूहों से प्रतिक्रियाओं के डर से इस मुद्दे पर सार्वजनिक रूप से बोलने में हिचकते हैं।

**पूरे भारत में मुकदमेबाजी और शिकायतें :** अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय को पूरे भारत में वक्फ संपत्तियों पर अतिक्रमण के बारे में कई शिकायतें और अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं। इन अतिक्रमणों का पैमाना खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है, जिसमें अक्सर वक्फ बोर्ड की प्रत्यक्ष संलिप्तता होती है। विभिन्न शहरों में कई मामले संकट की सीमा को उजागर करते हैं।

भोपाल में सरकारी जमीन पर अवैध रूप से एक वक्फ कॉम्प्लेक्स बनाया गया था और 125 पंजीकृत कब्रिस्तानों में से 101 रहस्यमय तरीके से गायब हो गए हैं। हैदराबाद में अकेले 2021 में अतिक्रमणकारियों को 765 नोटिस जारी किए गए, जबकि भारत के सबसे अमीर लोगों में से एक तेलंगाना के वक्फ बोर्ड के पास 5 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति है, फिर भी इसकी 75त्न जमीन पर अतिक्रमण है। मुंबई में, महाराष्ट्र की 60त्न से अधिक वक्फ भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है, परेल में मूल रूप से 72 एकड़ में फैली लाल शाह बाबा दरगाह, अब वक्फ भूमि पर बने आवासीय टावरों से घिरी हुई है। उत्तर प्रदेश सरकार ने बताया है कि लखनऊ मेंवक्फ बोर्ड द्वारा दावा की गई 78त्न भूमि वास्तव में सरकारी स्वामित्व वाली है और 1989 के सरकारी आदेश को रद्द कर दिया गया है, जिसने अवैध रूप से गैर-खेती योग्य भूमि को वक्फ संपत्ति के रूप में पंजीकृत किया था। पटना में, बिहार सुन्नी वक्फ बोर्ड ने हिंदू बहुल गांव गोविंदपुर, फतुहा में भूमि के स्वामित्व का दावा करते हुए एक नोटिस जारी किया, जिससे सात हिंदू परिवार प्रभावित हुए।

**वक्फ संशोधन विधेयक 2024 सुधार प्रक्रिया का हिस्सा है :** वक्फ संशोधन विधेयक 2024 सुधार प्रक्रिया का हिस्सा है। इसके माध्यम से मुसलमानों के साथ अन्याय करने का दावा भ्रामक है, क्योंकि इसका एकमात्र उद्देश्य समुदाय के लाभ के लिए बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करना है। मुस्लिम बुद्धिजीवियों और कानूनी विशेषज्ञों का तर्क है कि सामुदायिक संपत्तियों के आगे दुरुपयोग को रोकने के लिए वक्फ बोर्डों को पूरी तरह से बदलना चाहिए। कुछ लोगों का सुझाव है कि वक्फ संपत्तियों को सख्त सरकारी निगरानी के तहत लाया जाना चाहिए, जिसमें निर्णय लेने में समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करने वाले तंत्र हों। वक्फ मामलों में विशेषज्ञता रखने वाले कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए वक्फ अधिनियम में संशोधन की आवश्यकता है, क्योंकि सामुदायिक कल्याण के लिए बनाई गई संपत्तियां भ्रष्टाचार और व्यक्तिगत लाभ का साधन नहीं बननी चाहिए।

**वक्फ संशोधन विधेयक 2024 की मुख्य विशेषताएं :** वक्फ संशोधन विधेयक 2024 को वक्फ संपत्तियों से जुड़ी लंबे समय से चली आ रही समस्याओं के समाधान के रूप में सराहा जा रहा है। इस विधेयक का उद्देश्य वक्फ बोर्डों के भीतर प्रशासनिक अक्षमताओं को दूर करना है। सबसे बड़ी समस्याओं में से एक रिकॉर्ड को डिजिटल बनाना और उन्हें वामसी पोर्टल पर अपलोड करने में विफलता रही है। संशोधन में यह अनिवार्य किया गया है कि सभी वक्फ संपत्तियों को छह महीने के भीतर ऑनलाइन पंजीकृत किया जाए।

# संघ-भाजपा में तालमेल से जुड़े सुखद संकेत

**प्रधानमंत्री मोदी के संघ मुख्यालय के दौरे पर जहां विपक्ष बौखला रहा है वहीं इस यात्रा ने संघ के भीतर भी कई लोगों को सुखद आश्चर्य में डाल दिया है। मोदी दीक्षाभूमि भी गए, जहां डॉ. बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर ने 1956 में अपने हजारों अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म अपनाया था। उन्होंने दीक्षाभूमि की सामाजिक न्याय और दलितों को सशक्त बनाने के प्रतीक के रूप में सराहना करते हुए डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के सपनों के भारत को साकार करने के लिए और भी अधिक मेहनत करने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहरा कर सबका दिल जीत लिया।**


ललित गर्ग

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के 25 साल बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय के अंगने में पहुंचकर संघ के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार और दूसरे सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर (गुरुजी) के स्मारक स्मृति मंदिर में श्रद्धांजलि दी, जिससे संघ एवं भाजपा के बीच एक नई तरह की ऊर्जामयी सोच एवं समझ विकसित हुई है। एक नई प्राणवान ऊर्जा का सूरज उगा है, नये संकल्पों को पंख लगे हैं। संघ के सौ वर्ष पूरे करने के ऐतिहासिक अवसर पर मोदी ने सही कहा कि संघ भारत की अमर संस्कृति का आधुनिक अक्षय वट है, जो निरंतर भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना को ऊर्जा प्रदान कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने 34 मिनट की संबोधन में देश के इतिहास, भक्ति आंदोलन, इसमें संतों की भूमिका, संघ की निःस्वार्थ कार्य प्रणाली, देश के विकास, युवाओं में धर्म-संस्कृति, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, शिक्षा, भाषा और प्रयागराज महाकुंभ की चर्चा करते हुए जहां नये बन रहे भारत की बानगी प्रस्तुत की, वही संघ की उपयोगिता एवं महत्व को चार-चांद लगाये। प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी की संघ के मुख्यालय की इस पहली यात्रा के गहरे निहितार्थ भी हैं तो दूरगामी परिदृश्य भी है। जो इस बात का संकेत है कि पिछले आम चुनाव के दौरान संघ व भाजपा के रिश्तों में जिस खटास को अनुभव किया गया था, वह संवाद, समझ, सकारात्मक सोच व संपर्क से दूर कर ली गई है। जो इस बात का भी संकेत है कि आने वाले वक्त में भाजपा व सरकार के अहम फैसलों में संघ की भूमिका बढ़ेगी, जिससे देश हिन्दू राष्ट्र के रूप में सशक्त होते हुए विश्व गुरु बनने के अपने संकल्प को पूरा कर सकेगा। वसुधैव कुटुम्बकम के भारत के उद्घोष को अधिक सार्थक करते हुए दुनिया के लिये एक रोशनी बनेगा।




यह सर्वविदित है कि मोदी भी संघ की पृष्ठभूमि से आते हैं। साथ ही वे संघ की रीति-नीतियों से भली-भांति परिचित हैं। लेकिन पिछले आम चुनाव के दौरान भाजपा के कुछ वरिष्ठ नेताओं के कुछ अतिश्योक्तिपूर्ण एवं अहंकारी बयानों से भाजपा का कद संघ से बड़ा बताने की कोशिशें हुई थी, जिसके चलते संघ व भाजपा के रिश्तों में कुछ कसक एवं खटास देखी गई। जिसका असर लोकसभा चुनाव में चार सौ पार के लक्ष्य पर पड़ा, उसके मूल में संघ कार्यकर्ताओं की उदासीनता रही है। बाद में दोनों के रिश्ते सामान्य होने के बाद हरियाणा, महाराष्ट्र,छत्तीसगढ़ एवं दिल्ली के विधानसभा चुनाव में भाजपा को जो आशातीत सफलता हाथ लगी, कहा जा रहा था कि उसमें संघ कार्यकर्ताओं का समर्पण व सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण घटक रहा। अब संघ मुख्यालय में प्रधानमंत्री की यात्रा से यह तथ्य भी उजागर हुआ कि दोनों की रीतियों-नीतियों फिर से बेहतर तालमेल स्थापित हुआ है। इसका असर आने वाले दिनों में भाजपा अध्यक्ष के चुनाव में संघ की भूमिका को लेकर देखने को मिलेगा, ऐसा ही असर बदलते वक्त के साथ पार्टी के अन्य फैसलों पर भी नजर आ सकता है। आने वाले समय में भाजपा के लिये संघ का सहयोग पंजाब, केरल और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में अपनी जमीन मजबूत करने एवं जड़े जमाने में मील का पत्थर साबित होगा। इन राज्यों में संघ अपनी आधार भूमि को विस्तार दे रहा है। यानी दोनों अब सामंजस्य, सहयोग व सहजता के साथ आगे बढ़ेंगे। अर्थात भाजपा अब अपने वैचारिक एवं ऊर्जा स्रोत के साथ बेहतर तालमेल करके चलना चाहेगी। मोदी की नागपुर यात्रा के अनेक शुभ संकेत देखे जा रहे हैं, इसको औरंगजेब, राणा सांगा, संभल विवाद के बीच हिन्दुत्व की राजनीति को नई धार देने की कोई योजना के साथ जोड़कर भी देखा जा रहा है, नरेन्द्र मोदी और संघ प्रमुख मोहन भागवत की इस मुलाकात को 2029 के चुनावों की कोई नई पटकथा तैयार करने की पृष्ठभूमि में भी देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के संघ मुख्यालय के दौरे पर जहां विपक्ष बौखला रहा है वहीं इस यात्रा ने संघ के भीतर भी कई लोगों को सुखद आश्चर्य में डाल दिया है। मोदी दीक्षाभूमि भी गए, जहां डॉ. बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर ने 1956 में अपने हजारों अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म अपनाया था। उन्होंने दीक्षाभूमि की सामाजिक न्याय और दलितों को सशक्त बनाने के प्रतीक के रूप में सराहना करते हुए डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के सपनों के भारत को साकार करने के लिए और भी अधिक मेहनत करने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहरा कर सबका दिल जीत लिया। मोदी की ओर से नागपुर में अपने संबोधन के दौरान संघ की भरपूर प्रशंसा को अपने वैचारिक मार्गदर्शक के प्रति भाजपा के रुख में आये बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। मोदी ने संघ की 'राष्ट्र निर्माण और विकास में रचनात्मक भूमिका' को रेखांकित करके अपनी '2047 तक विकसित भारत' की योजनाओं में संघ की भूमिका के महत्व को भी दर्शाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रयागराज में हाल ही में संपन्न महाकुंभ मेले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए भी स्वयंसेवकों को श्रेय दिया था। इसके अलावा, हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारियों पर आरएसएस द्वारा की जाने वाली सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने पर लगाए गए प्रतिबंध को भी हटा दिया गया था।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने जीवन-संकल्पों एवं विचार-ऊर्जा के जिस आंगन में आठ वर्ष की आयु में कदम रख कर जीने की कला सीखी। उस संघ से संस्कार ग्रहण कर ही उनके दिल में राष्ट्रभक्ति की ज्योति प्रज्ज्वलित हुई। उसी संघ के आंगन में नरेन्द्र मोदी के जाने पर अलग-अलग कयास लगाने एवं स्तरहीन राजनीति करने की जरूरत नहीं है। इस पर ज्यादा आश्चर्य भी जताने का कोई औचित्य इसलिये नहीं है कि कोई अपने घर, अपने संस्कार-भूमि एवं अपनी पवित्र पाठशाला में गया है। संघ उनकी राजनीति की आत्मा तो है ही, जीवन-संस्कारदाता भी है। उनका संघ से रिश्ता दशकों पुराना है। नरेन्द्र मोदी के साथ संघ भी हमेशा चट्टान की तरह खड़ा रहा है। खुद को संघ के प्रचारक मानने वाले मोदी समय-समय पर संघ की तारीफ करने में नहीं चूकते। हाल ही में तीन बड़े मौके आये जब मोदी ने अपने जीवन को सही मार्गदर्शन देने के लिए संघ का आभार जताया और इस सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठन की भरपूर प्रशंसा की। प्रधानमंत्री ने नागपुर में भी संघ को एक ऐसे संगठन के रूप में संदर्भित किया जिसने 'समर्पण और सेवा के उच्चतम सिद्धांतों को कायम रखा।' निश्चित ही संघ दुनिया का सबसे बड़ा स्वयंसेवी गैर-राजनीतिक संगठन है। हिन्दू धर्म एवं संस्कृति की रक्षा उसका मूल उद्देश्य है।

# सहकारिता के क्षेत्र में बड़े बदलाव की तैयारी

**सहकारी समिति एक स्वैच्छिक संगठन है जहां साझा ज़रूरतों वाले व्यक्ति आम आर्थिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक साथ आते हैं। ये समितियां स्व-सहायता और पारस्परिक सहायता के सिद्धांतों पर आधारित हैं, जिनका मुख्य उद्देश्य लाभ कमाने के बजाय समाज के वंचित वर्गों के हितों की सेवा करना है।**


डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

भारत में सहकारिता आंदोलन की जड़ें बहुत गहरी हैं, जो वसुधैव कुटुम्बकम के प्राचीन भारतीय लोक व्यवहार से प्रेरणा लेती हैं, जिसका अर्थ है समस्त विश्व एक परिवार है। एकता और आपसी सहयोग के इस स्थायी सिद्धांत ने सहकारी समितियों के विकास को महत्वपूर्ण संस्थाओं के रूप में बढ़ावा दिया है जो स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाती हैं और जमीनी स्तर पर विकास को आगे बढ़ाती हैं।

सहकारिता क्षेत्र में व्यापक बदलाव की तैयारी है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का मानना है कि देश को पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में सहकारी संस्थाओं की प्रमुख भूमिका होगी। सहकारिता की मूल भावना है- 'एक सबके लिए, सब एक के लिए।' इसी भावना पर चलते हुए सहकारिता आंदोलन के जरिए देश में कई उद्यमों ने कीर्तिमान कायम किए हैं। लेकिन एक तथ्य यह भी है कि निजीकरण की बाढ़ में पिछले सालों में सबसे ज्यादा चोट सहकारी आंदोलन को ही पहुंची है। संतोष की बात यह है कि अब केन्द्र सरकार दो बड़े क्षेत्रों में सहकारिता को दाखिल कराने जा रही है। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहकारिता मॉडल की टैक्सी सर्विस और कोऑपरेटिव इंश्योरेंस कंपनी की शुरुआत का ऐलान किया है। सहकारी समिति एक स्वैच्छिक संगठन है जहां साझा ज़रूरतों वाले व्यक्ति आम आर्थिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक साथ आते हैं। ये समितियां स्व-सहायता और पारस्परिक सहायता के सिद्धांतों पर आधारित हैं, जिनका मुख्य उद्देश्य लाभ कमाने के बजाय समाज के वंचित वर्गों के हितों की सेवा करना है। सदस्य अपने संसाधनों को एकत्रित करते हैं और साझा लाभ प्राप्त करने के लिए उनका सामूहिक रूप से उपयोग करते हैं, जिससे सहकारी संरचना सामुदायिक कल्याण पर अपने जोर में विशिष्ट बन जाती है।

भारत में सहकारी समितियां कृषि, ऋण और बैंकिंग, आवास और महिला कल्याण जैसे विभिन्न क्षेत्रों में काम करती हैं। वे किसानों और छोटे उद्यमियों को ऋण प्रदान करके वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने में सहायक हैं, जिन्हें पारंपरिक बैंकिंग सेवाओं तक पहुंचने में कठिनाई हो सकती है। ये समितियां ग्रामीण विकास, स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने और सामाजिक-आर्थिक असमानताओं को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कृषि, ऋण, डेयरी, आवास और मत्स्य पालन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में 800,000 से अधिक सहकारी समीतियों के साथ भारत का सहकारिता नेटवर्क विश्व के सबसे बड़े नेटवर्कों में से एक है। भारत में आधुनिक सहकारी आंदोलन 19वीं सदी के उत्तरार्ध के संकट और



उथल-पुथल के जवाब में आकार लेने लगा। औद्योगिक क्रांति के बाद ग्रामीण आबादी का व्यापक विस्थापन हुआ, जिसमें कई लोगों ने आजीविका के एकमात्र साधन के रूप में कृषि की ओर रुख किया। हालाँकि, भूमि विखंडन जैसे मुद्दों से कृषि कार्य प्रणालियां बाधित हुई, जिसने खेती को अलाभकारी, और भूमि राजस्व के संग्रह को कठोर बना दिया। किसानों को अनियमित वर्षा, खराब फसल उपज और साहूकारों पर बढ़ती निर्भरता जैसी चुनौतियों का बार-बार सामना करना पड़ा, जो अक्सर उच्च ब्याज वाले ऋण देते थे या शोषणकारी कीमतों पर फसल खरीदते थे। इन कठोर परिस्थितियों ने किफायती ऋण की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया, जिससे किसानों और ग्रामीण समुदायों के लिए वित्तीय सहायता के वैकल्पिक साधन के रूप में सहकारी आंदोलन को औपचारिक रूप देने का मार्ग प्रशस्त हुआ।

प्रथम पंचवर्षीय योजना (1951-56) में व्यापक सामुदायिक विकास के लिये सहकारी समितियों को बढ़ावा दिया गया। बहु-राज्य सहकारी समिति अधिनियम, 2002 बहु-राज्य सहकारी समितियों के गठन एवं उसकी कार्यप्रणाली हेतु प्रावधान किया गया। वर्ष 2021 में केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय की स्थापना की कई। इस मंत्रालय ने सहकारी मामलों की ज़िम्मेदारी संभाली, जिसकी देख-रेख पहले कृषि मंत्रालय करता था।

6 जुलाई 2021 को स्थापित सहकारिता मंत्रालय (एमओसी) ने भारत में सहकारिता आंदोलन को पुनर्जीवित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसने इस क्षेत्र की उन्नति के लिए एक मजबूत प्रशासनिक, कानूनी और नीतिगत ढांचा बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं और पहलों का नेतृत्व किया है। एमओसी बहु-राज्य सहकारी समितियों को बढ़ावा देने और सहकारी समितियों के लिए कारोबार को सुगम बनाने को बढ़ाने के लिए प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने पर विशेष जोर दे रहा है। मंत्रालय के प्रयास सहकारी समितियों के आधुनिकीकरण और सुदृढ़ीकरण, कम्प्यूटरीकरण के माध्यम से पारदर्शिता को बढ़ावा देने और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने पर केन्द्रित हैं। इसके अतिरिक्त, समावेशी विकास सुनिश्चित करने पर विशेष रूप से वंचित ग्रामीण समुदायों पर जोर दिया जाता है। अपनी पहलों के माध्यम से, एमओसी का उद्देश्य हर गांव को सहकारी समितियों से जोड़ना है, सहकार से समृद्धि के बैनर तले आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा देना है, जो देश के समग्र विकास में योगदान देता है। भारत में सहकारिता आंदोलन के इतिहास पर नजर डालें तो सहकार के जरिए कारोबार का सबसे बड़ा उदाहरण गुजरात की दुग्ध क्रांति को कहा जा सकता है। त्रिभुवन पटेल और डॉ. वर्गीज कुरियन के नेतृत्व में यह आंदोलन एक बड़ी सफलता बनकर उभरा और आज दुग्ध व दुग्ध उत्पादों का बड़ा उद्योग देशभर में इस आंदोलन के जरिए खड़ा हो गया है। इस सहकारिता क्रांति ने न केवल दूध उत्पादकों को सशक्त किया, बल्कि भारतीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती देने का काम किया है, इसमें संशय नहीं है। पिछले सालों में केन्द्र सरकार के 'सहकार से समृद्धि' कार्यक्रम के तहत भी सहकारिता के क्षेत्र में कई गतिविधियां हुई हैं जिनसे किसानों व महिलाओं को बड़ी संख्या में सहकारिता आंदोलन से जोड़ा गया है। फिर भी चिंता की बात यह है कि आज के वैश्विक व्यापारिक परिदृश्य में छोटे उद्योगों और असंगठित क्षेत्र के लिए चुनौती दिन-प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। इसकी वजह कारोबारी प्रतिस्पर्धा में पिछड़ना भी रहा है। सहकारिता के माध्यम से टैक्सी सर्विस शुरू होने पर बड़े असंगठित वर्ग को सुरक्षा कवच मिलेगा, यह उम्मीद की जानी चाहिए। निजी क्षेत्र की टैक्सी सेवाओं में इनसे जुड़े लोगों का कितना शोषण होता है।

अवधनामा



# दूसरे दिन भी चला ईद मिलन कार्यक्रमों का सिलसिला



**गुरसहायगंज, कन्नौज अवधनामा संवाददाता।** दूसरे दिन भी ईद मिलन कार्यक्रम का सिलसिला जारी रहा। पूर्व विधायकों सहित जनप्रतिनिधियों एवं लोगों ने कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर आयोजकों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्र में हर त्यौहार आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ मनाया जाता है। मंगलवार को गांधीनगर स्थित आवास कार्यालय पर पूर्व विधायक जमालुददीन सिददीकी, ताहिर हुसैन सिद्दीकी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिद्दीकी आदि ने ईद मिलन समारोह में एक दूसरे को ईद त्यौहार की बधाई दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि हर त्यौहार हमें बुराइयां छोड़कर अच्छाइयों को अपने जीवन में धारण करने का संदेश देता है गंगा जमुनी तहजीब के साथ हर त्यौहार मनाना चाहिए। नगर में पूर्व सभासद एवं प्रसपा नेता मुनीर कुरेशी द्वारा ईद मिलन कार्यक्रम में पहुंचे वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष चतुर्वेदी ने कहा कि त्योहार हमें आपकी भाईचारा एवं सौहार्द बनाए रखने का संदेश देते हैं। भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी, रिजवान अहमद, किसान नेता मारूफ खान, शबनूर खान, जिला सचिव धर्मेंद्र सिंह उर्फबबलू ठाकुर आदि ने लोगों को गले मिलकर बधाई दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि हर त्यौहार हमारे क्षेत्र में गंगा जमुनी तहजीब के साथ आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ मनाया जाता है। हमारा क्षेत्र इस बात के लिए प्रसिद्ध भी है।

# धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाया गया ईद-उल-फितर का पर्व

**अवधनामा संवाददाता**

**उन्नाव।** ईद उल फित्तर का पर्व नगर समेत पूरे जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह होते ही बच्चे, बूढे और नौजवान रंग-बिरंगे परिधानों में ईदगाह पहुंचे। जहाँ ठीक 8.30 बजे शहर काजी ने ईद उल फित्तर की नमाज अदा कराई। नमाज के बाद मुल्क की सलामती और भाईचारे की दुआ कराई। बाद नमाज ईदगाह के बाहर लोगों ने गले मिलकर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी।

इस दौरान जमीअत उलेमा ए हिंद के जिला सदर फैसल बिलाल जामई ने रमजान औंर ईद उल फित्तर त्यौहार के महत्व पर प्रकाश डाला। जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक के द्वारा ईद उल फित्तर की नमाज के समय शांति व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था के उद्देश्य से क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर



सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा थाना कोतवाली सदर क्षेत्र में स्थित ईदगाह सहित कई स्थानों पर शांति व्यवस्था हेतु लगाई गई ड्यूटियों को चेक किया गया तथा ड्यूटी पर मौजूद पुलिस बल को विशेष सतर्कता बरतने एवं सतर्क दृष्टि रखने हेतु निर्देशित किया गया। बांगरमऊ में भी ईद का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया गया। नगर के पश्चिमी छोर स्थित ईदगाह में हाजी अब्दुल मन्नान, मौलाना अनस कमर नदवी, पूर्व विधायक बदलू खान, मोहम्मद खालिद, कुर्बान अली, हाजी लईक, पूर्व पालिका अध्यक्ष इजहार खान, दाऊद खान, अरकान सिद्दीकी, शहन्शाह खान व मौलाना अब्दुल रहमान आदि सहित हजारों लोगों ने ईद उल फित्तर की नमाज अदा की।

ईदगाह के अलावा नगर के नानामऊ तिराहा स्थित मस्जिद आलिम शाह, सैयदवाड़ा स्थित दरगाह यासीनिया वाली मस्जिद, मोहल्ला पुरबिया स्थित नूरी मस्जिद, नसीमगंज स्थित मस्जिद फारूक-ए-आज़म व मुकरियाना स्थित मदीना मस्जिद आदि

**डीएम-एसपी ने भ्रमण कर सुरक्षा का लिया जायजा**

में भी ईद उल फित्तर की नमाज अदा की गई। सपा नेता डॉक्टर शशांक शेखर शुक्ला, संजीव कुमार त्रिवेदी एडवोकेट, डॉक्टर मुन्ना अल्वी, सुरेश पाल मोहम्मद इमरान सिद्दीकी, नगर पालिका अध्यक्ष रामजी गुप्ता व मुफीस अहमद वारसी आदि ने शिविर लगाकर लोगों का मुंह मीठा कराया और ईद की शुभकामनाएं दी। इसी क्रम में कस्बा गंजमुरादाबाद, ग्राम फत्तेहपुर खालसा, फत्तेहपुर हमजा, रघुरामपुर, नेवल, सुल्तानपुर, हयात नगर, चहोलिया, खमोली, मदारपुर, जोगीकोट, रसूलवापुर सुरसैनी, आसत, भठियापुर, अतरधनी व मदार नगर आदि गांवो में भी ईद उल फित्तर की नमाज अदा की गई। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से ईदगाहों तथा मस्जिदों के आसपास भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

# चैत्र नवरात्रि के तृतीय दिवस पर हुई मां चंद्रघंटा की पूजा



**अवधनामा संवाददाता**

**गुरसहायगंज कन्नौज।** चैत्र नवरात्रि के तृतीय दिवस पर सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। पालिकाध्यक्षा सहित भक्तों ने मां चंद्रघंटा की आराधना करते हुए श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। वहीं देवी मंदिरों में जय माता दी के जयकारे गूंज उठे।

मंगलवार को नगर के गंगेश्वर नाथ मंदिर, काली देवी मदिर, संतोषी माता मंदिर, मनसा देवी मंदिर में सुवह से भक्तों की कतारें लग गई। उधर नगर के सर्विस रोड स्थित सती माता मंदिर में पालिकाध्यक्षा मुन्नी देवी गुप्ता ने श्रद्धालुओं के साथ मां चंद्रघंटा के चरणों में दुग्ध, पुष्प, फल और मिष्ठान अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया और सुख-समृद्धि की कामना की। वही मंदिर के महंत पं. दीपबन्धु पाठक द्वारा वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ मां चंद्रघंटा की कृपा प्राप्ति के लिए प्रार्थना की गई और मां चंद्रघंटा के स्वरूप की महिमा का बखान करते हुए भक्तों को उनकी शक्ति और कृपा के विषय में बताया। साथ ही भजन संध्या के दौरान महिला श्रद्धालुओं भक्ति गीतों को गाकर भक्ति की बयार बहा दी। इस दौरान राघव पाठक, मनोज गुप्ता, गंगा सिंह, अजय दीक्षित, कुलदीप बाथम, फूल सिंह सहित तमाम महिला श्रद्धालु मौजूद रही।

# आओ स्कूल चलें हम.... नवीन शैक्षिक सत्र में नामाकंन बढ़ाने पर जोर

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** नवीन शैक्षिक सत्र 2025-26 को लेकर पहली अप्रैल से परिषदीय विद्यालय खुल गये हैं। परिषदीय विद्यालयों में अधिक से अधिक नामाकंन कराने के लिए शासन के निर्देशानुसार प्रशासन काफी संजीदा है। विद्यालयों में नामाकंन को सकुशल तरीके से बढ़ाने के लिए गांव-गांव में जागरूकता अभियान शुरू किये जा रहे हैं।

इसी क्रम में नवीन शैक्षिक सत्र के प्रथम दिवस पूर्व माध्यमिक विद्यालय नदनवारा में स्कूल चलो अभियान को लेकर जागरूकता रैली निकाली गयी। यह रैली विद्यालय से शुरू होकर गांव की गलियों से होकर निकाली गयी। रैली में शिक्षक-शिक्षिकाओं व छात्र-छात्राओं ने स्कूल चलो अभियान के तहत नारे लगाते हुये जयघोष किया। बच्चों ने गांव में निकाली गयी रैली के




दौरान अभिभावकों से आह्वान किया कि वह अपने बच्चों को आवश्यक रूप से परिषदीय विद्यालय में नामाकंन करायें। पूर्व माध्यमिक विद्यालय नदनवारा की प्रधानाचार्या श्रीमती मनीषा बानो ने कहा कि अभिभावकों को आवश्यक रूप से अपने छह वर्ष की आयुवर्षता पूर्ण करने वाले बच्चों का विद्यालय में नामाकंन आवश्यक रूप से कराना चाहिए। बताया कि नामाकंन होने के बाद बच्चों को सरकार की ओर से गणवेश, जूता-मोजा के लिए आर्थिक मदद की जाती है। इसके अलावा मध्याह्न भोजन योजना के तहत मीनू के अनुसार सप्ताह के प्रत्येक दिवस में सुपाच्य भोजन बच्चों को वितरण किया जाता है। इसके अलावा पुस्तकें भी विद्यालय से ही निःशुल्क उपलब्ध करायीं जाती हैं, ताकि ग्रामीण अंचलों में भी शिक्षा का स्तर सुधारा जा सके। इस दौरान प्रधानाचार्या श्रीमति मनीषा बानो, सहायक अध्यापिका शिल्पी गुप्ता, अनुदेशक फरीदा खातून, अनुदेशक सरिता श्रीवास्तव, सहायक अध्यापक मनीष जैन मौजूद रहे।

## कार्यवाही न होने से नाराज प्रदर्शनकारियों ने कराया मुण्डन

**ललितपुर अवधनामा संवाददाता।** घंटाघर परिसर में नागरिक विकास मोर्चा, सनातनी संगठन के बैनर तले भूमि संरक्षण विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरोध में आंदोलन चल रहा है, जो कि अब भूख हड़ताल में तब्दील हो रहा है। यही नहीं, मुंडन कराने की भी घोषणा की गई थी, जिसके चलते आज मंगलवार को आन्दोलनकारियों ने मुंडन कराया है। जिससे आंदोलन और तेज होने की उम्मीद जताई जा रही है। नागरिक विकास मोर्चा के अध्यक्ष हरीबाबू शर्मा ने आरोप लगाया कि भूमि संरक्षण विभाग में किसानों की योजनाओं में बंदरबाट किया जा रहा है, इससे किसानों को विभिन्न योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। कई योजनाएं तो कागजी बनकर रह गई हैं। इसके विरोध में घंटाघर परिसर में आंदोलन किया जा रहा है, इसके बाद भी जिला प्रशासन बेपरवाह बना हुआ है। इससे दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो पा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि एक अप्रैल से क्रमिक अनशन को भूख हड़ताल में बदला जा रहा है। साथ ही आंदोलनकारियों द्वारा मुंडन कराया जाएगा। इस मौके पर नागरिक विकास मोर्चा अध्यक्ष हरीबाबू शर्मा, पार्षद एड.मनमोहन चौबे, हरपाल सिंह चंदेल, अवनीश कुमार सुलेरे, सच्चिदानंद गोलवानी, सुरेंद्र सिंह परमार, अभिषेक वाजपेई, सीताराम पटेल आदि उपस्थित रहे।



## झांसी विभाग संयोजक पर लूट के इरादे से हमले का आरोप

**ललितपुर।** सहकार भारती के झांसी विभाग संयोजक अंचल अरजरिया पर हमला करने वालों पर सख्त कार्यवाही की मांग को लेकर जिलाध्यक्ष विभूति भूषण चौरसिया के नेतृत्व में एक पत्र मुख्यमंत्री को भेजा गया है। पत्र में बताया कि झांसी विभाग संयोजक पर एक दर्जन से अधिक आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों द्वारा एकराय होकर लाठियों व सरियों से प्राणघातक हमला कर लूट की घटना को अंजाम दिया गया है। आरोप लगाया कि लूट के इरादे से की गयी इस मारपीट में उन्हें मरणासन्न कर छोड़ कर भाग गये। अब संगठन ने झांसी विभाग संयोजक पर हमला करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग उठायी है।

# तहबाजारी वसूली को लेकर आमने सामने हुये सभासद व चेयरमैन

**अवधनामा संवाददाता**

**कन्नौज।** सौरिख नगर पंचायत पर बगैर बोली लगाए ठेका देने का आरोप लगाते हुये सभासदों ने सब्जी मंडी में हंगामा खड़ा कर दिया। सभासदों का आरोप है कि बगैर प्रक्रिया अपनाए गुपचुप तरीके से ठेका चहेतों को दे दिया गया। जबकि अधिशासी अधिकारी ने कहा कि टेंडर प्रक्रिया आनलाइन है नियमों के तहत ही ठेका दिया गया है।

मंगलवार की सुबह 10 बजे सौरिख नगर पंचायत के 11 सभासदों में से 09 सभासदों ने सब्जी मंडी में पहुंच कर तहबाजारी की वसूली को लेकर जमकर हंगामा काटा। सभासदों का आरोप है कि नगर पंचायत ने बगैर बोली लगाए तहबाजारी का ठेका अपने चहेतों को दे दिया और ठेकेदार मनमाने तरीके से वसूली कर रहे हैं। सभासद शुभम यादव, गुलाम मुस्तफा, इजहार अहमद, सभासद प्रतिनिधि जीवन



- **लामबंद सभासदों ने बहुमत मे होने का किया दावा**
- **बगैर बोली लगाए गुपचुप तरीके से ठेका देने का आरोप**

मिश्रा, नवीन अहमद सहित 09 सभासदों ने पहुंच कर दूकानदारों को तहबाजारी के पैसे देने से मना कर दिया तथा नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी सचिन देव पर मनमानी का आरोप लगाते हुए कहा कि तहबाजारी की खुली नीलामी नहीं कराई गई और न ही सभासदों से अनुमोदन लिया गया। सभासदों को इसकी भनक भी नहीं लगी सभी प्रक्रिया गुपचुप तरीके से अपनाई गई और अपने चहेतों को ठेके दे दिए गए। जबकि अधिशासी अधिकारी सचिन देव ने कहा कि टेंडर का प्रकाशन समाचार पत्रों में किया गया और सभी प्रक्रियाएं आनलाइन पूरी की गई। सभासदों को अगर ऐतराज है तो टेंडर प्रक्रिया निरस्त कर नये सिरे से बोली लगाई जाएगी।

## पानी पीने गया था आठ वर्षीय बच्चा, सांप ने डसा

**बिलग्राम, हरदोई अवधनामा संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के कोईलरा गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां आठ वर्षीय रौनक नाम का बच्चा घर के बाहर खेल रहा था। वह प्यास लगने पर नहाने की हौजीया में पानी पीने गया। इसी दौरान होजीया में छिपे सांप ने बच्चे के हाथ की उंगली में काट लिया। बच्चे की चीख पुकार सुनकर परिजन तुरन्त मौके पर पहुंचे। उन्होंने बच्चे को तत्काल सीएचसी बिलग्राम में भर्ती कराया। जहां रौनक के पिता गंभीर ने बताया कि घटना के समय हौदिया में सांप छिपा हुआ था, जिसकी जानकारी किसी को नहीं थी। सीएचसी बिलग्राम में मौजूद डॉक्टर रविकांत ने बताया कि बच्चे की हालत अब स्थिर है। कहा कि कुछ देर में ही बच्चे को घर भेज दिया जाएगा। हालांकि परिवार के लोग अभी भी सहमे हुए हैं और किसी अनहोनी की आशंका से परेशान हैं।



## ईद उल फितर की नमाज शांतिपूर्वक संपन्न

**संभल अवधनामा संवाददाता।** सोमवार को शहर मे ईद उल फितर की नमाज ऐतिहसिक शाही जामा मस्जिद ईद गाह समेत शहर की अन्य मस्जिदो में अमनो आमान के साथ अदा की गयी पुलिस प्रशासन ने नमाज के दौरान जामा मस्जिद व ईदगाह मे नमाज अदा करने के लिए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये थे नमाज के दौरान डी एम राजेन्द्र पेंसिया पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार सी ओ अनुज कुमार चौधरी उप जिलाधिकारी वंदना मिश्रा के साथ भारी संख्या में पुलिस मौजूद रही नूरियो सराय सिरसी इकरोटिया सिरपुडा बुकनाला मे शिया समाज के लोगो ने ईद की नमाज अदा की नूरियो सराय स्थित शिया जामा मस्जिद में मौलाना मीसम अब्बास ने सुबह नौ बजे नमाज अदा करायी इस दौरान मौलाना ने कहा कि ईद से पहले ही फितरा निकाल देना चाहिए जिससे फितरा लेने वाले के घर भी ईद मनाई जा सके मौलाना कहा कि वफ्फ संपत्ति अल्लाहा की है इस पर किसी दूसरे का अधिकार नही हो सकता दुनिया मे जिस तरह से आज हालात हैं उसी तरह के हालात आज देश मे पैदा किये जा रहे हैं इस लिए समझादारी के साथ आपसी एकता भाईचारा बनाए रखें।

## दूसरी शादी के लिए पति ने पत्नी पर किया जानलेवा हमला

**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** शहर के मुहल्ला समदनगर में दूसरी शादी करने के लिए युवक ने पत्नी पर सिलेंडर से जान लेवा हमला कर दिया, जिससे पत्नी गंभीर रूप से घालय हो गई, परिजनों ने उसे जिला अस्पताल महोबा में भर्ती कराया। जहां पर उसका उपचार चल रहा है। पत्नी द्वारा लगाए गए आरोप पति ने निराधार बताए है। मौदहा डिवीजन के कुनहेटा टयूबबेल में ऑपरेटर के पद में काम कर रहे पंकज ने निशा नाम की युवती से प्रेम विवाह किया था, लेकिन शादी के बाद से पंकज ने उसे अपने घर में नही रखा दोनो अलग अलग रहते थे, इस दौरान पंकज ने दूसरी शादी करने का प्रयास किय। भनक लगने पर पत्नी ने शिकायती पत्र देकर शादी रुकवा दी, इसके बाद दोनो किराए का मकान लेकर एक साथ रहने लगे। निशा ने आरोप लगाया कि मंगलवार को पति ने उसे बेरहमी से पीटा और सिलेंडर उठाकर उसके सिर पर वार किया, जिससे महिला खून से लथपथ होकर गिर गई।

# माटीकला जागरुकता अभियान एवं टूल किट वितरण कार्यक्रम सम्पन्न

**अवधनामा संवाददाता**

**उन्नाव।** लोकनगर में उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड के तत्वावधान में एक

**सदर विधायक ने कारीगरो को बांटे 17.60 लाख के उपकरण**

दिवसीय माटीकला जागरूकता कार्यक्रम एवं निःशुल्क टूल किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक सदर पंकज गुप्ता ने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। तदोपरांत जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी सत्येंद्र कुमार और जिला पर्यटन अधिकारी संतोष कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ प्रदान कर स्वागत किया। स्वागत उद्बोधन में जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग सभी कुशल कारीगरों की क्षमता संवर्धन के लिए आवश्यक सभी प्रयास कर रहा है। माटी कला बोर्ड के



माध्यम से कुशल कारीगरों को सब्सिडी के साथ ऋण, विभिन्न टूल किट को सब्सिडाइज्ड दरों पर अथवा निःशुल्क उपलब्ध कराना, समय समय पर प्रशिक्षण उपलब्ध कराना एवं सीएफसी की स्थापना हेतु 10 लाख रुपए का अनुदान उपलब्ध कराने जैसे कार्य बड़े पैमाने पर जनपद उन्नाव में किए जा रहे हैं। माटी कला बोर्ड से आए डॉ सुरेंद्र प्रजापति ने माटी कला की बारीकियों से सभी को परिचित कराया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सदर ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार अनवरत पिछली पंक्ति में खड़े लोगों को आगे लाने के लिए कार्य कर रही है। विभिन्न उपक्रमों के माध्यम से सरकार ने कुशल कारीगरों की क्षमता संवर्धन के अनवरत प्रयास किए हैं। पाश्चात्य सभ्यता के प्रभाव में हम अपना मूल भूलकर पीछे चले गए। जड़ों से जुड़कर ही आगे बढ़ा जा सकता है। गांव आत्मनिर्भर होंगे तो हमारी उन्नति असंभव है। जिस दिन गांव का प्रत्येक व्यक्ति रोजगार की मुख्य धारा से जुड़ जायेगा, उस दिन से हम विकास के पथ पर आगे बढ़ जाएंगे। वर्तमान में प्लास्टिक से होने वाले नुकसान को देखते हुए मिट्टी की बनी वस्तुओं की डिमांड बाजार में अनवरत बढ़ रही है जो हमारे कारीगरों के लिए सुखद संदेश है।

# वफ्फ बोर्ड के फैसले से पूर्व अलर्ट हुई पुलिस

## कोतवाल ने दल-बल के साथ पैदल भ्रमण कर कड़ी की सुरक्षा व्यवस्था



**अवधनामा संवाददाता**

**गुरसहायगंज कन्नौज।** वफ्फबोर्ड के महत्वपूर्ण फैसले से पूर्व प्रशासन सतर्क नजर आया। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद कर दिया। विशेष रूप से भीड़भाड़ वाले बाजार, धार्मिक स्थलों और प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। बताते चलें कि बुधवार को वफ्फबोर्ड के संबन्ध में महत्वपूर्ण फैसला आने पूर्व उच्चाधिकारियों के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुवे ने नगर के तिराहा, चौराहा, तिर्वारोड, सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर भारी पुलिस बल के साथ पैदल भ्रमण कर जहां एकओर नागरिकों को सुरक्षा का अहसास कराया वहीं दूसरी ओर अफवाहों से बचनें की अपील करते हुये कहा कि सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है। किसी भी भ्रामक सूचना पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होने आम जनता से अफवाहों पर ध्यान न देने और शांति बनाए रखने की अपील करते हुये कहा कि फैसले के बाद भी पुलिस मुस्तैद रहेगी और स्थिति को नियंत्रित रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इस दौरान निरीक्षक वीके तिवारी, शैलेन्द्र सिंह, कस्वा प्रभारी ज्ञानेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक देवीरण साहू, कांस्टेवल सतेन्द्र सिंह, गगन कुमार, विनय कुमार, गजेन्द्र सिंह, दीपांशु गंगवार, अमन सिंह सहित तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री के आदेश पर अवैध ई रिक्शा और वाहनों के विरुद्ध अभियान जारी

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन के निर्देशों के क्रम में परिवहन आयुक्त द्वारा माह अप्रैल 2025 में अवैध रूप से संचालित ई-रिक्शा वाहनों के विरूद्ध अभियान चलाये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

इस संबंध में लखनऊ से प्रकाशित हिंदी दैनिक समाचार पत्र अवधनामा में खबर प्रकाशित हुई थी जिस पर उत्तर प्रदेश सरकार ने संज्ञा लेते हुए उक्त निर्देश के अनुपालन में मनोज कुमार यादव, अपर पुलिस अधीक्षक (यातायात), मथुरा के नेतृत्व में राजेश राजपूत सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन-प्रथम) मथुरा, मनोज प्रसाद वर्मा, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन-द्वितीय) मथुरा, अनिल कुमार, क्षेत्राधिकारी (यातायात), मथुरा, संदीप चौधरी, यात्रीकर अधिकार, मथुरा, शौर्य कुमार,



(यातायात निरीक्षक) मथुरा तथा अन्य यातायात निरीक्षकों के साथ, संयुक्त टीम द्वारा वृन्दावन-मथुरा क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित ई-रिक्शा एवं अन्य वाहनों के विरूद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया तथा 39 ई-रिक्शा के चालान तथा 27 निरूद्ध किये गये। इसके अतिरिक्त 06 ऑटो बिना वैध प्रपत्रों के अभियोग में चालान / बंद की कार्यवाही की गयी।

इस चेकिंग अभियान के दौरान वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों एवं यातायात नियमों का पालन किये जाने हेतु जागरूक किया गया तथा श्री राजेश राजपूत, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन-प्रथम) मथुरा, द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी ई-रिक्शा चालकों को अपने वाहनों के प्रपत्रों को पूर्ण करा कर ही संचालित करे एवं अपंजीकृत ई-रिक्शाओं को डिस्मेंटल / नष्ट किया जायेगा एवं उनके खिलाफ विधिक कार्यवाही भी की जायेगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी वाहन स्वामी की होगी। यह अभियान पूरे माह नियमित रूप से संचालित रहेगा।

# यूपीयूएमएस में हृदय रोगी की सर्जरी कर किया गया सीआरटी-डी इम्प्लांटेशन



**सैफई, इटावा अवधनामा ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के हृदय रोग विभाग के डॉक्टर्स की टीम द्वारा 47 वर्षीय गंगादयाल की सर्जरी कर सीआरटी-डी डिवाइस को इम्प्लांटेशन कर उन्हें नया जीवन प्रदान किया गया।मुख्यमंत्री असाध्य रोग योजना के तहत रोगी का इलाज भी नि-शुल्क हुआ।कार्डियोलॉजी विभागध्यक्ष प्रो.डॉ सुभाष चंद्रा ने बताया कि गंगादयाल की आर्थिक स्थिति सही नहीं थी और यह डिवाइस को लगवाने का लगभग खर्च ?.6 लाख रुपए था लेकिन इस योजना के तहत उनका इलाज नि-शुल्क हुआ और हमारे डॉक्टर्स डॉ विजय गैरोला,डॉ प्राची व टेक्नीशियन स्टाफ श्री राकेश ठाकुर,ऋषि कुशवाहा के संयुक्त प्रयास से सर्जरी कर इस डिवाइस को इम्प्लांटेशन किया गया,मरीज भी अब बेहतर सुधार की तरफ बढ़ रहा है।कार्डियोलॉजी विभाग के द्वारा की गई सफल सर्जरी के लिए कुलपति प्रो डॉ.पीके जैन,प्रतिकूलपति डॉ.रमाकांत,चिकित्सा अधीक्षक डॉ.एसपी सिंह ने डॉक्टर की टीम को बधाई दी और मरीज के बेहतर स्वास्थ्य के लिए शुभकामनाएं दी।

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण माह अभियान का शुभारंभ

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** मुख्यमंत्री द्वारा गत वर्ष 2024 की भांति वर्ष 2025 में भी संचारी रोगों की रोकथाम हेतु व्यापक अभियान चलाने के निर्देश दिये गये है इस के क्रम मे मुख्य सचिव महोदय, उ0प्र0 शासन,चिकित्सा अनुभाग-5 लखनऊ द्वारा दिए गये निर्देशों के क्रम में दिनांक 1 से 30 अप्रैल 2025 तक अन्तर्विभागीय सहयोग से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान ( दिनांक 11 से 30 अप्रैल 2025 तक) जनपद में चलाया जाना है, इसके अंतर्गत दिनांक 01 अप्रैल 2025 को जनपद मुख्यालय पर मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय परिसर से जिला पंचायत अध्यक्ष किशन सिंह चौधरी के द्वारा एक विशाल रैली को हरी झण्डी दिखाकर शुभारंभ किया गया। इस रैली में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों आशा कार्यकत्री , ए एन एम के साथ साथ बाल विकास सेवा विभाग की आंगनवाडी कार्यकत्रियों, नगर निगम मथुरा वृन्दावन के कर्मचारियों द्वारा बडे पैमाने पर बढ चढ कर भाग लिया गया।




इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी के साथ साथ मुख्य चिकित्सा अधिकारी, प्रभारी जिला पंचायतीराज अधिकारी अरुण कुमार उपाध्याय ए जिला कार्यक्रम अधिकारी ;आई सी डी एस श्रीमती बुद्धी मिश्रा ए नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गोपाल गर्ग ए अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आलोक कुमार ए डॉ अनुज चौधरी ,पब्लिक हेल्थ एक्सपर्ट डॉ रोहिताश तेवतिया एनोडल एन यू एच एम डॉ पीयूष सोनी,जिला मलेरिया अधिकारी आर0के0 सिंह , नगरीय मलेरिया अधिकारी डॉ भूदेव सिंह, चिकित्सा अधिकारी डॉ रोहिताश मीना एवं शहरी क्षेत्र के चिकित्सा अधिकारीगण एवं वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक संतोष तिवारी, मलेरिया निरीक्षक राहुल सिंह सिसौदिया,अनिल कुमार वर्मा, नितिन रस्तोगी, श्रीमती आश्रिता सिंह एवं मलेरिया कर्मचारी आदि उपस्थित रहे। रैली ने समापन के वाद एक सभा का रूप ले लिया जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा संचारी रोगों से वचाव एवं हीट रिलेटिड ईलनेस से बचाव हेतु विस्त्रित दिशा निर्देश दिये गये तथा जिला मलेरिया अधिकारी द्वारा संचारी रोगों से बचाव हेतु शपथ दिलायी गयी।

# नील नितिन मुकेश को नहीं मिल रहा काम

**मैं काम के लिए लोगों को मैसेज करता हूं। वो फौरन रिप्लाई करते हैं और कहते हैं कि हम आपको ध्यान में रखेंगे और जैसे ही कुछ आता है बताएंगे।**

बॉलीवुड अभिनेता नील नितिन मुकेश जिन्होंने न्यूयॉर्क, जॉनी गद्दार, 7 खून माफ और प्रेम रतन धन पयो जैसी फिल्मों में काम किया है, उन्हें इन दिनों काम नहीं मिल रहा है। नील नितिन मुकेश ने हिंदी रश के साथ बातचीत में कहा है कि उन्हें अभी भी काम नहीं मिल रहा है। उन्होंने बताया है कि वह काम पाने के क्या करते हैं। नील नितिन मुकेश ने बताया है कि कैसे हर अभिनेता इंडस्ट्री में अच्छा काम पाने की कोशिश कर रहा है। वह हर फिल्म के बाद काम ढूंढना शुरू कर देते हैं। मैं काम के लिए लोगों को मैसेज करता हूं। वो फौरन रिप्लाई करते हैं और कहते हैं कि हम आपको ध्यान में रखेंगे और जैसे ही कुछ आता है बताएंगे। ये मेरा काम है कि मैं उनको याद दिलाउं कि मैं हूं। नील नितिन मुकेश ने कहा कि %जब मैंने डेब्यू किया था तब शायद कुछ ही नए लोगों को लांच किया जाता था। लेकिन अब हर दूसरे हफ्ते नए लोगों को लॉच किया जा रहा है। इसका नतीजा चे हुआ है कि आप एक विकल्प की तरह रह गए हैं। नील नितिन मुकेश ने अपने करियर के बारे में कहा कि मैंने अपने करियर में 30 से ज्यादा फिल्में की हैं। देश के सबसे अच्छे निर्देशकों के साथ काम किया है। लेकिन हमारा संघर्ष खत्म नहीं हुआ है। यह कारोबार है। आपको दिखना होता है, लेकिन बहुत ज्यादा नहीं। मुझे लगता है कि मेरी त्वचा का रंग आज बनाई जा रही फिल्मों से नहीं मिलता। शायद निर्देशकों को लगता है कि मैं गांव वाली फिल्मों के रोल में फिट नहीं बैठता क्योंकि लोग कहते हैं कि मेरा स्किन टोन हॉलीवुड जैसा है। नील नितिन मुकेश हाल ही में %हिसाब बराबर% फिल्म में नजर आए थे। फिल्म में आर माधवन लीड रोल में थे। इसमें कीर्ती कुल्हाड़ी, रश्मी देसाई और फैसल राशिद भी थे। यह फिल्म एक टिकट चेकर पर आधारित है। टिटक चेकर छोटे-मोटे बैंक लेन-देन में विसंगतियों को उजागर करता है, इसके बाद बड़े भ्रष्टाचार को उजागर करता है।



# 25वीं सालगिरह पर फिर से होगी रिलीज होगी हेरा फेरी

अक्षय कुमार, परेश रावल और सुनील शेट्टी की हेरा फेरी बॉलीवुड की सबसे मशहूर कॉमेडी कल्ट-क्लासिक्स में से एक है। इस महीने के आखिर में 31 जनवरी को यह फिल्म अपनी रिलीज के 25 साल पूरे होने का जश्न मनाएगी। री-रिलीज के दौर में निर्माता फिरोज ए. नाडियाडवाला ने हाल ही में खुलासा किया कि क्या वह भी फिल्म को फिर से बनाने की योजना बना रहे हैं? निर्माता फिरोज ए. नाडियाडवाला ने बॉलीवुड हंगामा से बताया कि क्या हेरा फेरी के समर्पित प्रशंसक को देखते हुए वह फिल्म को सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज करेंगे। उन्होंने कहा, %यह एक ऐसा फैसला है, जो मैं अकेले नहीं लूंगा। कागजों पर मैं फिल्म का मालिक हूं, लेकिन नैतिक रूप से अक्षय जी, परेश जी और सुनील जी भी फिल्म के उतने ही मालिक हैं, इसलिए हम मिलकर फैसला लेंगे। साथ ही उन्होंने आगे यह स्वीकार करते हुए अपना विश्वास व्यक्त किया कि जब भी वे इसे फिर से रिलीज करेंगे, उन्हें यकीन है कि यह कॉमेडी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाका मचा देगी। नाडियाडवाला ने %फिर हेरा फेरी% (2006) को 19 साल और हेरा फेरी को रिलीज हुए 25 साल हो चुके हैं। उन्होंने इस बात का जिक्र करते हुए कहा कि लोगों के बीच फिल्म का आज भी लोकप्रिय बने रहना, बहुत अच्छी बात है और इसके लिए उन्होंने कुछ नहीं किया है। यह अपने आप हुआ है। हेरा फेरी% और %फिर हेरा फेरी% ने मीम्स की दुनिया में भी पंथ का दर्जा हासिल कर लिया है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए नाडियाडवाला ने लेखक नीरज वोरा को उनके मजाकिया संवादों में उनकी मासूमियत के लिए श्रेय दिया। उन्होंने उनसे सीखी गई मूल्यवान सीख के बारे में बात की और कहा कि कोई क्या कह रहा है यह महत्वपूर्ण है, लेकिन कोई इसे कैसे कह रहा है यह उससे भी अधिक महत्वपूर्ण है।




# बेवजह परिवारवाद के शिकार हुए अभिषेक बच्चन



बॉलीवुड के शहंशाह अमिताभ बच्चन अपने बेटे अभिषेक बच्चन की तारीफ करने का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। बिग बी अक्सर ही अभिषेक के काम और उनकी एक्टिंग स्किल की तारीफ करते रहते हैं। सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहने वाले बिग बी ने अब सोशल साइट एक्स पर एक यूजर की पोस्ट पर कमेंट किया और अभिषेक को नेपोटिज्म को लेकर फैली नकारात्मकता का शिकार बताया है। दरअसल, एक्स पर एक पोस्ट में एक यूजर ने लिखा, अभिषेक बच्चन बेवजह परिवारवाद की नकारात्मकता का शिकार हुए हैं, जबकि उनके करियर में अच्छी फिल्मों की संख्या काफी ज्यादा है। इसी पोस्ट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए बिग बी ने लिखा, मुझे भी ऐसा ही लगता है और सिर्फ इसलिए नहीं, क्योंकि मैं उनका पिता हूं। एक और पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए महानायक ने अभिषेक बच्चन की आने वाली फिल्म 'बी हैप्पी' में उनके काम की तारीफ की है। बिग बी ने लिखा, अभिषेक आप कमाल हैं। आप हर फिल्म के किरदार के साथ जिस तरह से तालमेल बिठाते हैं और किरदार में बदलाव लाते हैं, वो शानदार है। इससे पहले अमिताभ ने अभिषेक की फिल्म %आई वांट टू टॉक% में भी उनके काम की तारीफ की थी। उस दौरान बिग बी ने फिल्म को लेकर एक नोट में लिखा था, %कुछ फिल्में आपका मनोरंजन करती हैं, कुछ फिल्में आपको उससे जुड़ने के लिए आमंत्रित करती हैं, %आई वांट टू टॉक% बस यही करती है। अभिषेक, आप अभिषेक नहीं हैं, आप फिल्म के अर्जुन सेन हैं। लोग जो कुछ भी कह रहे हैं, वो कहने दो। अभिषेक की आगामी फिल्म 'बी हैप्पी' का ट्रेलर हाल ही में रिलीज किया गया है। डांस पर आधारित ये फिल्म कॉमेडी, ड्रामा, सपने और जुनून के भावों से भरपूर है। फिल्म एक अकेले पिता और बेटी के बीच प्यार, ख्याल और भावुक रिश्ते को दर्शाती है। फिल्म एक बेटी के अपने करियर को लेकर समर्पण और जुनून को दिखाती है। कैसे एक पिता अपनी बच्ची के सपनों को पूरा कराने के लिए उसका भरपूर साथ देता है। फिल्म में अभिषेक बच्चन के साथ नोरा फतेही भी मुख्य किरदार में नजर आएंगी। यह फिल्म 14 मार्च को ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

# क्या कोरियन सिंगर ने चुराया आलिया की फिल्म का गाना





सोशल मीडिया पर बॉलीवुड के फैंस का दावा है कि ब्लैकपिंक की गायिका जेनी किम का आगामी सॉन्ग 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में अभिनेत्री आलिया भट्ट के किरदार रानी के थीम गीत से काफी मिलता-जुलता है। यह विवाद तब शुरू हुआ जब गाने को सुनने वालों ने जेनी के ट्रैक और साल 2023 की फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में आलिया के इंट्रोडक्शन सॉन्ग के बीच काफी समानता पाई। इस थीम सॉन्ग को प्रीतम ने रचा है।

इस बीच संगीतकार खुद को एक और साहित्यिक चोरी विवाद के बीच में पाते हैं, लेकिन इस बार, नेटिजन्स का मानना है कि वह इसके शिकार हैं। रेडिट पर यूजर्स के एक ग्रुप ने यह भी पूछा कि क्या रानी थीम गीत ओरिजिनल है या इसे कहीं से कॉपी किया गया है? सोशल मीडिया अब दोनों गानों की तुलना से भर गया है। दोनों के फैंस के बीच सोशल मीडिया पर तीखी बहस देखने को मिल रही है। एक सोशल मीडिया यूजर ने लिखा, ÷मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं आलिया और जेनी को यहां देखूंगा।÷ एक अन्य ने लिखा, ÷गर्ल जेनी का नया गाना मुझे रॉकी और रानी की प्रेम कहानी से रानी (आलिया भट्ट) के इंट्रो सॉन्ग की याद दिलाता है! जैसा कि मेरे भारतीय लोग इसे समझते हैं?÷ एक और यूजर ने लिखा, ÷इन दोनों ट्रैक के बीच शायद ही कोई समानता हो, गायक के नाम को दोहराने के हिस्से को छोड़कर, जो पहले कई गानों में कई बार किया गया है। आलिया के प्रशंसकों ने इसे नकल करने वाला कहने की कोशिश की और के-पॉप प्रशंसक आलिया पर बदला लेने के लिए जहरीले हैं। दोनों प्रशंसक बेवकूफ हैं,÷ एक टिप्पणी में लिखा था, ÷भले ही उन्होंने नकल की हो, चर्चा करने का क्या मतलब है, इंडिया फिल्म्स विदेशी फिल्मों से बहुत सी चीजें कॉपी करती हैं, किसी से सवाल करने की कोई जरूरत नहीं है। इस बीच प्रीतम ने अभी तक विवाद पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। वहीं, कोरियन पॉप सिंगर जेनी अपने बहुप्रतीक्षित सोलो एल्बम के रिलीज के लिए तैयार हैं। यह 7 मार्च को रिलीज होगा। इस बीच संगीतकार खुद को एक और साहित्यिक चोरी विवाद के बीच में पाते हैं, लेकिन इस बार, नेटिजन्स का मानना है कि वह इसके शिकार हैं। रेडिट पर यूजर्स के एक ग्रुप ने यह भी पूछा कि क्या रानी थीम गीत ओरिजिनल है या इसे कहीं से कॉपी किया गया है? सोशल मीडिया अब दोनों गानों की तुलना से भर गया है। दोनों के फैंस के बीच सोशल मीडिया पर तीखी बहस देखने को मिल रही है। एक सोशल मीडिया यूजर ने लिखा, ÷मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं आलिया और जेनी को यहां देखूंगा।÷ एक अन्य ने लिखा, ÷गर्ल जेनी का नया गाना मुझे रॉकी और रानी की प्रेम कहानी से रानी (आलिया भट्ट) के इंट्रो सॉन्ग की याद दिलाता है!

## नमस्ते लंदन री-रिलीज होने के लिए तैयार

हर्षवर्धन राणे और मावरा हुसैन की फिल्म सनम तेरी कसम पिछले महीने री-रिलीज हुई है। फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा रिस्पांस मिला है। री-रिलीज के बाद फिल्म ने 33 करोड़ रुपये की कमाई की है। इस फिल्म की जबरदस्त कमाई को देखते हुए कई दूसरे फिल्म मेकर्स भी पुरानी फिल्में री-रिलीज कर रहे हैं। इस कड़ी में अक्षय कुमार की फिल्म नमस्ते लंदन का नाम जुड़ चुका है। अक्षय कुमार और कटरीना कैफ की फिल्म नमस्ते लंदन री-रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म होली के दिन रिलीज होने वाली है। अक्षय ने इसके बारे में एक्स पर जानकारी दी है। अक्षय कुमार ने एक्स पर लिखा है होली पर 14 मार्च को नमस्ते लंदन री-रिलीज होने वाली है। इसके जादू को फिर से जीने के लिए तैयार हो जाइए। न भूलाए जाने वाले गाने, मशहूर डॉयलॉग और कटरीना कैफ के साथ लंबे रोमांस। मिलते हैं आपसे फिल्म में। आपको बता दें कि नमस्ते लंदन पहले से ही एक हिट फिल्म है। ये फिल्म साल 2007 में रिलीज हुई थी। उस वक्त फिल्म ने 37.39 करोड़ रुपयों का कारोबार किया था। हाल के सालों में हम आपके हैं कौन, दिल तो पागल है, लैला मजनू और कई फिल्में री-रिलीज हुई हैं।

# आरसी 16 के लिए शिवा राजकुमार का लुक टेस्ट पूरा, 3 मार्च से राम चरण की फिल्म की शूटिंग करेंगे अभिनेता



गेम चेंजर के बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप होने के बाद राम चरण ने अपनी अगली फिल्म पर ध्यान केंद्रित कर लिया है। वह बुची बाबू सना द्वारा निर्देशित अपनी अगली फिल्म के निर्माण में जुटे हुए हैं। फिल्म की शूटिंग तेजी से चल रही है। समय-समय पर फिल्म से जुड़ी नई जानकारियां भी सामने आ रही हैं। वहीं, अब फिल्म में एक और कलाकार के शामिल होने की खबरें सामने आई हैं। टीम ने हाल ही में साउथ शिवा राजकुमार के लिए लुक टेस्ट पूरा किया है, जो जल्द ही शूटिंग में शामिल होने के लिए तैयार हैं। इस अवसर को खास बनाने के लिए निर्माताओं ने एक विशेष बिहाइंड-द-सीन वीडियो जारी किया, जिसमें प्रशंसकों को उनके ट्रांसफॉर्मेशन की एक झलक दिखाई गई। अपने शानदार स्क्रीन प्रेजेंस के साथ शिवा राजकुमार से फिल्म में एक अहम मोड़ जोड़ने की तैयारी कर रहे हैं, जिससे राम चरण के साथ उनका पहला सहयोग और भी रोमांचक हो जाएगा। इससे पहले अपनी आगामी फिल्मों के बारे में अपडेट साझा करते हुए शिवा राजकुमार ने %आरसी 16% में अपने किरदार के बारे में भी जानकारी साझा की थी। उन्होंने कहा था कि मैं राम चरण की फिल्म %आरसी 16% में एक स्पेशल परफॉर्मेंस कर रहा हूं। मैं 3 मार्च से अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग फिर से शुरू करूंगा। मैं 5 मार्च को हैदराबाद में राम चरण की आरसी 16 की टीम में शामिल हो जाऊंगा और 8 मार्च तक शूटिंग करूंगा। निर्माता जल्द ही फिल्म के शीर्षक से भी पर्दा उठाने की योजना बना रहे हैं। फिलहाल इस फिल्म का अस्थाई नाम %आरसी 16% रखा गया है और कहा जा रहा है कि यह एक स्पोर्ट्स ड्रामा है, जिसमें क्रिकेट मुख्य विषय होगा। हाल ही में क्रिकेट से जुड़े कुछ मुख्य दृश्यों की शूटिंग एक विशेष रूप से बनाए गए स्टेडियम सेट में की गई। इस फिल्म में राम चरण बिल्कुल नए लुक में नजर आएंगे, जिसका संगीत एआर रहमान ने दिया है। इस फिल्म में जान्हवी कपूर को मुख्य भूमिका में लिया गया है, जो राम चरण के साथ उनकी पहली फिल्म है। इस फिल्म का निर्माण पुष्पा के बैनर मैत्री मूवी मेकर्स द्वारा किया जा रहा है। अपने शानदार स्क्रीन प्रेजेंस के साथ शिवा राजकुमार से फिल्म में एक अहम मोड़ जोड़ने की तैयारी कर रहे हैं, जिससे राम चरण के साथ उनका पहला सहयोग और भी रोमांचक हो जाएगा। इससे पहले अपनी आगामी फिल्मों के बारे में अपडेट साझा करते हुए शिवा राजकुमार ने %आरसी 16% में अपने किरदार के बारे में भी जानकारी साझा की थी। उन्होंने कहा था कि मैं राम चरण की फिल्म %आरसी 16% में एक स्पेशल परफॉर्मेंस कर रहा हूं।




## ब्लैक आउटफिट में रुबीना दिलैक ने जीता फैंस का दिल

## नयनतारा ने छोड़ी लेडी सुपरस्टार की उपाधि

साउथ सिनेमा की लोकप्रिय अभिनेत्री नयनतारा को साउथ की लेडी सुपरस्टार भी कहा जाता है। वहीं, अब अभिनेत्री ने इस उपाधि पर बात की और अपने फैंस को उन्हें लेडी सुपरस्टार न कहने की सलाह दी। दरअसल, नयनतारा ने कहा कि उपलब्धियां और सम्मान अमूल्य हैं, लेकिन वे कभी-कभी ऐसी छवि बना देते हैं, जो कलाकारों को उनके काम से दूर कर देती है। नयनतारा ने %लेडी सुपरस्टार की उपाधि छोड़ने की घोषणा की, जो उन्हें दी गई थी। श्री राम राज्यम, अनामिका%, चंद्रमुखी%, %गजनी% और जवान जैसी फिल्मों के लिए मशहूर नयनतारा ने मंगलवार को प्रशंसकों, मीडिया और फिल्मी दुनिया के लोगों के लिए एक बयान में यह घोषणा की। बयान में उन्होंने लिखा, %आप में से कई लोगों ने मुझे %लेडी सुपरस्टार% कहकर पुकारा है। यह उपाधि आपके असीम स्नेह के कारण मिली है। मुझे इस तरह के मूल्यवान खिताब से सम्मानित करने के लिए मैं आप सभी की बहुत आभारी हूं।

# यूजर ने जावेद पर लगाया रोहित शर्मा को मोटा कहकर बदनाम करने का आरोप



दिग्गज गीतकार और बॉलीवुड पटकथा लेखक जावेद अख्तर ने मंगलवार, 4 मार्च को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम इंडिया की शानदार जीत के बाद क्रिकेटर विराट कोहली को बधाई दी। हालांकि, विराट कोहली की प्रशंसा करने के बाद उन्होंने एक बार फिर सोशल मीडिया यूजर पर निशाना साधा। दरअसल, दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराने के बाद भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई संदेश मिल रहे हैं। जावेद अख्तर उन कई बॉलीवुड हस्तियों में शामिल थे, जिन्होंने ऐतिहासिक जीत की सराहना की।

बुधवार को अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर अख्तर ने लिखा, एक बार फिर विराट ने साबित कर दिया है कि वह आज के भारतीय क्रिकेट की इमारत का सबसे मजबूत स्तंभ है। सलाम। हालांकि, उन्होंने किसी अन्य क्रिकेटर का नाम नहीं लिया। उनके पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए एक यूजर ने लिखा, अगर विराट सबसे मजबूत स्तंभ हैं तो रोहित शर्मा कौन हैं? सबसे भारी स्तंभ? भारतीय कप्तान को मोटा कहने के लिए जावेद साहब आपको शर्म आनी चाहिए। जावेद अख्तर ट्रोल्स और झूठ को अनदेखा करने के मूड में नहीं थे। यूजर द्वारा पोस्ट शेयर करने के कुछ ही मिनटों बाद गीतकार ने जवाब दिया, चुप हो जाओ कॉकरोच। मैं रोहित शर्मा और टेस्ट इतिहास के सभी महान भारतीय क्रिकेटरों का बहुत सम्मान करता हूं। तुम किस तरह के नीच और दयनीय आदमी हो कि तुम दावा कर रहे हो कि मैंने कभी रोहित जैसे महान खिलाड़ी की गरिमा के खिलाफ एक शब्द भी कहा है। कभी सोचो तुम इतने घटिया और गंदे आदमी क्यों हो। यह मामला कांग्रेस प्रवक्ता शमा मोहम्मद की विवादित टिप्पणी और रोहित शर्मा को मोटा कहने पर बड़े पैमाने पर हुए विवाद के बाद आया है।इस बीच एक अन्य यूजर ने जावेद अख्तर से पूछा, %क्या आप फिर से अपना राष्ट्रवाद साबित करने के लिए तैयार हैं?% इस पर उन्होंने जवाब दिया, %मैं एक क्रिकेट प्रेमी हूं और आप जैसे बौने मुझे अपनी खुशी दिखाने से नहीं रोक सकते जब मेरी टीम जीतती है या हमारा कोई खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन करता है। जहां तक राष्ट्रवाद का सवाल है तो मैं आप जैसे लोगों के सामने इसे क्यों साबित करूंगा, क्योंकि आपका और आपकी पिछली पीढ़ियों का इससे कोई लेना-देना नहीं है... आप तो इस शब्द का मतलब भी नहीं समझते।

# घर पर बेहोश मिलीं गायिका कल्पना राघवेंद्र दरवाजा तोड़कर निकाला गया बाहर



तेलुगु की बेहतरीन गायक कल्पना राघवेंद्र तेलंगाना के रंगारेड्डी में अपने घर पर बेहोशी की हालत में पड़ी मिलीं। 44 साल की गायिका को आनन फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी हालत अभी स्थिर है और उनका इलाज चल रहा है। अफसरों के मुताबिक पुलिस स्टेशन को अपार्टमेंट कमेटी की तरफ से शाम 5 बजे एक कॉल आया। जब वह कल्पना के घर पर आए तो उनके घर का दरवाजा अंदर से बंद मिला। किचन की खिड़की से देखने पर पता चला कि गायिका अपने बेड पर बेहोश पड़ी हैं। पुलिस और चिकित्सा कर्मियों ने एम्बुलेंस के जरिए कल्पना को होलिस्टिक अस्पताल में भर्ती कराया। शाम 6 बजे के करीब उनके पति भी अस्पताल पहुंचे। डॉक्टरों के मुताबिक गायिका की हालत अभी ठीक है। उनका बराबर इलाज चल रहा है और दवाएं दी जा रही हैं। इस बारे में अभी ज्यादा जानकारी नहीं मिली है। गायिका की सिक्योरिटी के मुताबिक उनका घर दो दिनों से खुला नहीं था। इसके बाद एसोसिएशन के सदस्यों को खबर दी गई थी।। रेजिडेंट्स एसोसिएशन ने कल्पना के बारे मे पुलिस को जानकारी दी। कल्पना राघवेंद्र ने भारतीय संगीत इंडस्ट्री को कई सालों से कई भाषाओं में बहुत सारे बेहतरीन गाने दिए हैं। साउथ म्यूजिक इंडस्ट्री में उनका बड़ा नाम है। उन्हें सर्वश्रेष्ठ प्लेबैक सिंगर के लिए %तमिलनाडु स्टेट फिल्म अवॉर्ड% से नवाजा जा चुका है। कल्पना ने पांच साल की उम्र से ही गाना गाना शुरू किया था। उन्होंने 1500 से ज्यादा गाने गाए हैं। कल्पना गायिका होने के साथ म्यूजिक कंपोजर हैं और गाने भी लिखती हैं। कल्पना राघवेंद्र के पिता टी.एस. राघवेंद्र भी एक प्लेबैक सिंगर थे।

# एक बार बैगन का अचार खा लिया तो बार-बार खाएंगे, जानें बनाने का तरीका



अचार के साथ खाना खाने में मजा ही आ जाता है। अचार अपने चटपटे और टेस्टी स्वाद और फ्लेवर के कारण अचार खाने से खाना का स्वाद भी डबल हो जाता है। पराठा, पूड़ी, दाल-चावल के साथ अचार बड़े ही स्वाद से खाया जाता है। आइए आपको बैगन के अचार की रेसिपी के बारे में बताते हैं।

हर भारतीय घरों में खाना के साथ अचार बड़े ही चाव से खाया जाता है। आप सभी के घर में आम, नींबू, मूली, गाजर के अचार जरुर होंगे। अचार खाने को स्वाद को डबल कर देता है। अब सवाल यह कि आप ने कभी बैंगन का अचार खाया है? बैंगन एक ऐसी सब्जी जिसका स्वाद हर किसी को पसंद नहीं आता है। बैंगन की सब्जी खाते समय सभी लोग मुंह बनाते हैं। तो चलिए इस लेख में हम आपको बताने जा रहे हैं बैंगन के अचार की रेसिपी, इसे आप घर में जरुर बनाएं।

**बैंगन के अचार खाने से फायदे**

बैंगन सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। इसके सेवन से डायबिटीज, हार्ट, एनीमिया दूर होती है। बैंगन में कई पोषक तत्व पाएं जाते हैं, जैसे कि कैल्शियम, आयरन, फाइबर, कॉपर, कैल्शियम और ढेर सारे विटामिन मिनरल से भरपूर बैंगन सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होती है।

**बैंगन का अचार बनाने की सामग्री**

- 2 टेबलस्पून विनेगर
- 2 टेबलस्पून चीनी
- 2 टेबलस्पून तेल और स्वादानुसार नमक
- 4 से 5 खड़ी लाल मिर्च
- 1 टेबलस्पून जीरा
- 1 टी स्पून पीली सरसों
- 5 से 6 लहसुन की कलियां
- 5 से 6 कूचे हुए लहसुन
- 2 इंच अदरक

**बैंगन का अचार बनाने की विधि**

- बैंगन का अचार बनाने के लिए सबसे पहले आप बैंगन को अच्छे से धो लें। इसके बाद टुकड़ों को काट लें।
- इसके बाद सभी सामग्री को पीस लें और इसमें नींबू का जूस मिलाएं।
- अब तेल को कढ़ाई में डालें और गर्म करें। फिर सरसों का तड़का दें।
- फिर इसमें कुटे हुए लहसुन डालें। करी पत्ता और कटे हुए बैंगन डाल कर फ्राई करें।
- बैंगन जब हल्का सुनहरा होने लगे तब इसमें मसाले को पेस्ट को डालें।
- इसके बाद आधा कप पानी डालें और इसे ढंक दें।
- फिर इसे 5 मिनट के लिए पकने दें।
- अब ढक्कन हटाएं और चीनी और विनेगर मिलाएं।
- अच्छे से ड्राई होने तक पकाएं।
- फिर इसको आप रोटी, पराठे और चावल के साथ खा सकते हैं।

# रात की बची दाल से बच्चों के लिए बनाएं 2 टेस्टी ब्रेकफास्ट, बेहद आसान है रेसिपी



क्या आप जानती हैं कि आप बचे हुए खाने जैसे चावल, दाल और रोटी से बहुत ही टेस्टी नाश्ता तैयार कर सकती हैं। वहीं सर्दियों के मौसम में इन्हें खाने का स्वाद ही अलग होता है। आप चाहें तो इन ब्रेकफास्ट को बच्चों के टिफिन में रख सकती हैं।

हम सभी घर में कितना ही हिसाब से खाना बना लें लेकिन कुछ न कुछ बच ही जाता है। जिसमें सब्जी और दाल तो जरूर थोड़ी-बहुत रह जाती है। ऐसे में इतनी महंगाई में इन चीजों को फेंकने में भी बहुत दुख होता है। वहीं हमारे शास्त्रों में भी अन्न की बर्बादी को बुरा बताया गया है। इसलिए हमें खाना फेंकने से बचना चाहिए। बहुत सारे लोग बचे हुए खाने को या तो फेंक देते हैं या फिर किसी जानवर को खिला देते हैं।

लेकिन क्या आप जानती हैं कि आप बचे हुए खाने जैसे चावल, दाल और रोटी से बहुत ही टेस्टी नाश्ता तैयार कर सकती हैं। वहीं सर्दियों के मौसम में इन्हें खाने का स्वाद ही अलग होता है। आप चाहें तो इन ब्रेकफास्ट को बच्चों के टिफिन में रख सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दाल से बनने वाले दो बेहद टेस्टी ब्रेकफास्ट की रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं।

**दाल के चीले की रेसिपी**

आपको बची हुई कोई भी मूंग, चना, मसूर या अरहर की दाल लेनी है।

अब मिक्सी के जार में दाल डालें और ऊपर से बेसन और चावल का आटा मिक्स करें।

दोनों चीजों को अच्छे से पीसकर स्मूद बेटर बना लें।

अब इस बेटर को एक बाउल में निकालकर इसमें बारीक कटा प्याज, हरा धनिया और हरी मिर्च डालें।

फिर इसमें हल्का नमक, कश्मीरी लाल मिर्च और चाट मसाला डालकर अच्छे से मिक्स करें।

इसके बाद नॉन स्टिक पैन पर इस मिश्रण को डालकर फैलाएं और दोनों तरफ घी या तेल लगाकर सेक लें।

दोनों तरफ से सिक जाने के बाद आप अंदर पनीर घिसकर भी डाल सकती हैं।

इस तरह से आपको स्वादिष्ट दाल चीला बनकर एकदम तैयार है।

दाल से बनाएं वेजिटेबल चीज पैनकेक

रात की बची दाल को मिक्सी जार में बिना पानी डाले पीस लें।

फिर इस पिसी हुई दाल में आधा कटोरी बेसन और सूजी डालकर फिर पीसें।

जब स्मूद बेटर बन जाए तो इसको बड़े बाउल में निकाल लें।

अब ऊपर से गाजर, पत्ती गोभी, लौकी, फूल गोभी और शिमला मिर्च आदि सब्जियां कद्दूकस करके डालें।

इसके बाद इस मिश्रण को अच्छे से स्पैटुला की मदद से मिक्स करें।

साथ ही चाट मसाला, नमक और हरा धनिया डालकर दोबारा मिला लें।

फिर पैनकेक वाला पैन या फिर किसीनॉन स्टिक तवापर घी लगाकर छोटे-छोटे पैनकेक डालें।

अब इस पर चीज घिस दें और अच्छे से ढककर सिकने दें।

आप चाहें तो किसी गहरे पैन में इस बेटर को डालकर उस पर चीज घिसे और ढककर सेंकने के बाद प्लेट में निकाल लें।

अब आप इसको अपने हिसाब से चौकोर या गोल शेप में काट लें।

इस तरह से गर्मागर्म टेस्टी पैनकेक बनकर तैयार है।

आप इसको टोमैटो सॉस के साथ सर्व करें।

# स्वादिष्ट और जायकेदार शादी वाला खाना घर में बनाना चाहती हैं, तो इन टिप्स को फॉलो करें

शादी का खाना की तो अलग ही बात होती हैं। कई लोगों को घर खाना बिल्कुल पसंद नहीं होता है। अगर आप भी इन्हीं में से हैं, तो हम आपको कुछ टिप्स बताने वाले हैं, जिसकी मदद से आप भी घर पर ही टेस्टी खाना बना सकते हैं।

किसी भी पार्टी या शादी में चले जाएं, वहां का खाना खाकर घर में भी वैसा ही खाना खाने का मन हम सभी का जरुर करता है। अब चाहे वह शाही पनीर की रिच ग्रेवी हो, दम बिरयानी की खुशबूदार महक हो या फिर गरमा-गरम पूरियां और स्वादिष्ट मिठाइयां। हर एक डिश को खाने का अलग ही मजा होता है। कई बार तो लगता है कि बस दोबारा शादी में जाकर खाना खाकर आ जाएं। अब आपको यह सब करने की कोई जरुरत नहीं है। यदि आप भी चाहते हैं कि घर में बना खाना शादी के



मेन्यू जैसा स्वादिष्ट खाना बनाएं, तो आप इन कुछ खास टिप्स को फॉलो करें।

**हर एक डिश का अलग टेस्ट होता है**

जैसा कि शादी के खाने में ग्रेवी वाली सब्जियों को खास महत्व होता है। पनीर बटर मसाला, शाही पनीर, मटर मलाई, दम आलू जैसी डिशेज में ड्राई फ्रूट्स, काजू-पेस्ट और क्रीम का प्रयोग किया जाता है। जिससे टेस्ट और भी गाढ़ा हो जाता है।

**सही मसालों का चयन करें**

शादी में जो खाना बनता है उसमें मसाले का प्रयोग किया जाता है। ये मसाले स्वाद के साथ ही खाने में महक और जान डाल देते हैं। सही मसालों के इस्तेमाल करने से शादी के खाने को स्वादिष्ट बनाता है। ग्रेवी मसाले के लिए आप कसूरी मेथी, गरम मसाला, जावित्री और खसखस का पेस्ट इस्तेमाल कर सकते हैं।

**ग्रेवी वाली सब्जियों में लाएं शादी के जैसा टेस्ट**

शादी के खाने में ग्रेवी वाली सब्जियों को खास महत्व होता है। पनीर बटर मसाला, शाही पनीर, मटर मलाई, दम आलू जैसी डिशेज में ड्राई फ्रूट्स, काजू-पेस्ट और क्रीम का प्रयोग किया जाता है। जिससे टेस्ट और भी गाढ़ा हो जाता है। ग्रेवी बनाते समय इसके टेक्सचर का जरुर ध्यान रखें। इसके बाद आप ग्रेवी में कसूरी मेथी और गरम मसाला डालने से शादी वाला फ्लेवर आएगा।

**नान और पूरियां कैसे बनाएं**

शादी में खाने वाली पूरियां और रोटियां काफी फूली-फूली, नरम और बेहद स्वादिष्ट होती हैं। शादी जैसी खास बेड़मी पूरियां बनाने के लिए आटे में बेसन, अजवाइन और हल्दी मिला सकते हैं। इसके अलावा, आटे में थोड़ा दही और तेल मिलाने से रोटियां शादी जैसी मुलायम बन जाती है। आटे को गुनगुने पानी से ही गूंथे और 20-30 मिनट के लिए ढककर रखें और इससे रोटियां नरम बनेंगी। आप चाहे तो इसमें आटें में थोड़ा सा दूध और घी मिला सकते हैं।

# आज ही घर पर लाएं किचन के जरूरतमंद आइटम



अगर आप भी किचन के लिए जरुरतमंद आइटम तलाश कर रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आप ऑनलाइन या ऑफलाइन कहीं से भी खरीद सकते हैं। चलिए आपको बताते हैं अमेजन पर मिलने वाले बेस्ट किचन आइटम, जिन्हें आप खरीद सकते हैं।

हमारे किचन में रोजमर्रा के जरूरतमंद आइटम की बहुत जरूरत होती है। ऐसे में किचन की जरूरत के समान सभी किचन में जरूर होने चाहिए। चलिए इस लेख के माध्यम से आज हम रोजमर्रा के किचन के जरूरतमंद आइटम के बारे में बताएंगे।

अब पर घर की जरूरत है सब्जियों को चॉप करने के लिए चॉपर की। बिना किसी झंझट के चॉपर की मदद से झट से सब्जियाँ कटे वो भी बेहद कम समये में। पेश है Pigeon हैंडी चॉपर जो फटा-फट सब्जियाँ कटे। ये हैंडी चॉपर अमेजन पर उपलब्ध है। शार्प स्टेलेस स्टील ब्लेड और एंटी स्किड बेस है जो आसानी से उपयोग करने के लिए सुरक्षित, स्वस्थ और पर्यावरण अनुकूल है। Pigeon हैंडी चॉपर की 6 महीने की निर्माता वारंटी है। इसका प्राइस 199 रूपये है। आज ही खरीदें अमेजन से, लिंक नीचे उपलब्ध है।

**किचन सिंक आर्गेनाइजर**

किचन के लिए बेहद जरूरी प्रोडक्ट जो काफी मददगर है हमारे किचन के लिए। किचन सिंक आर्गेनाइजर हर घर के लिए जरूरी है। किचन सिंक क्षेत्र के लिए पूरी तरह से तैयार इस स्टैंड के साथ अपने किचन सिंक क्षेत्र को व्यवस्थित करें। डिशवॉशर तरल, ब्रश, कपड़ा, साबुन, स्पंज इत्यादि जैसे सिंक काम के लिए सभी दैनिक आवश्यकताओं को स्टोर करने के लिए बहुत ही मददगर है। इसकी कीमत मात्र 249 रूपये है। अमेजन एप पर आप इसे खरीद सकते है।

kimberly Clark द्वारा Wypall दुनिया के मुख्य वाइपर ब्रांड में से एक है। बहुउपयोगी, वॉशेबल और रीयूज़ेब्ल वाइप हैं। किचन, कार की सफाई या सामान्य उद्देश्य की सफाई के लिए बहुत मददगर है। प्रोडक्ट कागज़ के जितना पतला, हल्के वज़न का और हाई अब्ज़ॉर्बेसी के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस तरह से डिज़ाइन किया गया है की कपड़े से पानी कम टपके। Wypall ×70 वाइप कपड़े नियमित तौलिए और रैग की तुलना में अधिक तेल को अब्ज़ॉर्ब और होल्ड कर सकते हैं। इसकी कीमत मात्र 257 रूपये है। अमेजन एप पर आप इसे खरीद सकते है।

# सान्या मल्होत्रा की फिल्म मिसेज में दम पुख्त बिरयानी देखकर आ गया मुंह में पानी, तो अब जान लें इसे बनाने के जरूरी टिप्स

दम पुख्त बिरयानी बनाने के लिए लंबे दाने वाले बासमती चावल का इस्तेमाल करें। ध्यान दें कि पुराना चावल सबसे अच्छा होता है क्योंकि यह फूला हुआ रहता है और गूदा नहीं बनता। चावल को पकाने से पहले कम से कम 30 मिनट के लिए भिगोएं।

हाल ही में सान्या मल्होत्रा की फिल्म मिसेज रिलीज हुई और यह फिल्म हर कोई बेहद पसंद कर रहा है। फिल्म में सान्या मल्होत्रा को डिलिशियस दम पुख्त बिरयानी बनाते हुए दिखाया गया है। उसे देखकर यकीनन आपके मुंह में भी पानी आ गया होगा और अब आप भी उसे खाने का मन बना रहे होंगे। ऐसे में अगर आप भी घर पर दम पुख्त बिरयानी बनाना चाहते हैं तो उसे परफेक्ट तरीके से बनाने के लिए आपको कुछ छोटे-छोटे टिप्स पर खासतौर से ध्यान देना चाहिए। वास्तव में अगर कोई एक डिश है जो शाही अंदाज़ में बनाई जाती है, तो वह है दम पुख्त बिरयानी। धीमी आंच पर पकाई गई बिरयानी स्वाद से भरपूर होती है। जब मीट और चावल अपनी भाप में एक साथ पकते हैं, जिससे हर निवाला बेहद स्वादिष्ट बनता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको दम पुख्त बिरयानी बनाने के कुछ छोटे-छोटे टिप्स के बारे में बता रहे हैं-

**सही चावल और मीट का करें चयन**

दम पुख्त बिरयानी बनाने के लिए लंबे दाने वाले बासमती चावल का इस्तेमाल करें। ध्यान दें कि पुराना चावल सबसे अच्छा होता है क्योंकि यह फूला हुआ रहता है और गूदा नहीं बनता।



चावल को पकाने से पहले कम से कम 30 मिनट के लिए भिगोएं। इससे चावल अच्छी तरह से पकता है और टूटने से बचता है। वहीं मीट के लिए मटन सबसे अच्छा विकल्प है क्योंकि यह दम पर पकाने से बहुत नरम हो जाता है। लेकिन अगर आप चिकन का इस्तेमाल कर रहे हैं, तो इसे कम समय के लिए पकाएं, नहीं तो यह सूख सकता है।

**सही तरह से करें मैरिनेशन**

मीट का सही तरह से मैरिनेशन बहुत अधिक मायने रखता है। मीट को कम से कम 4-6 घंटे के लिए मैरिनेट करें, या हो सके तो रात भर के लिए। मैरिनेशन के लिए दही, तले हुए प्याज़, अदरक-लहसुन पेस्ट, लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, गरम मसाला, नमक और नींबू का रस इस्तेमाल करें। थोड़ा सा सरसों का तेल या घी डालें। इससे स्वाद और भी बढ़ जाता है।

**प्रो की तरह करें लेयरिंग**

दम पुख्त बिरयानी बनाते समय उसकी सही तरह से लेयरिंग करना भी उतना ही जरूरी है। सबसे पहले हमेशा भारी तले वाले बर्तन या हांडी का इस्तेमाल करें ताकि वह जले नहीं। साथ ही, पहली परत डालने से पहले नीचे घी लगा लें। पहले मैरिनेट किया हुआ मीट, फिर उबले हुए चावल, फिर तले हुए प्याज, पुदीना, धनिया, केसर मिला हुआ दूध और थोड़ा सा घी डालें। जब तक सारी सामग्री इस्तेमाल न हो जाए, तब तक यही दोहराते रहें। जलने से बचने के लिए सबसे ऊपर चावल होना चाहिए, मीट नहीं।

# नींबू के छिलकों से मिनटों में चमक जाएगी गंदी चिमनी, मेहनत के साथ समय की भी होगी बचत

क्या आप जानते हैं कि नींबू के छिलके की मदद से आप चिमनी को आसानी से साफ कर सकते



हैं। बता दें कि नींबू का छिलका न सिर्फ किचन को साफ करने में सहायता करता है, बल्कि यह बर्नर, चिमनी और दूसरी जगहों की सफाई में भी बहुत प्रभावी है।

चमकदार और साफ-सुथरी चिमनी घर की खूबसूरती को बढ़ाने का काम करता है और यह घर को फ्रेश रखता है। चिमनी के अंदर जमा गंदगी, तेल के दागों और कालिख को साफ करना एक मुश्किल टास्क हो सकता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि नींबू के छिलके की मदद से आप चिमनी को आसानी से साफ कर सकते हैं। बता दें कि नींबू का छिलका न सिर्फ किचन को साफ करने में सहायता करता है, बल्कि यह बर्नर, चिमनी और दूसरी जगहों की सफाई में भी बहुत प्रभावी है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि किस तरह से नींबू के छिलके के इस्तेमाल से चिमनी को आसानी से चमका सकते हैं।

**क्यों जरूरी है चिमनी के अंदर की सफाई करें**

बता दें कि चिमनी के अंदर की सफाई बेहद जरूरी है। क्योंकि चिमनी में ग्रीस, तेल, धुआं और कालिख जमा हो जाता है। जो न सिर्फ किचन में गंदगी पैदा करता है, बल्कि यह घर को भी गंदा कर सकता है।

**कैसे करें**

चिमनी को सबसे पहले ठंडा होने के लिए छोड़ दें।

अब नींबू के छिलकों को जलती हुई चिमनी में डालें और यह धुआं छोड़ता है। साथ ही यह जमी गंदगी को ढीला करने में मदद करता है।

कुछ मिनट धुआं फैलने दें और अब चिमनी को गीले कपड़े या ब्रश की मदद से साफ कर लें।

**चिमनी के बर्नर को ऐसे करें साफ**

चिमनी के बर्नर को साफ करने के लिए नींबू के छिलके का इस्तेमाल अच्छा है। नींबू में एसिडिक गुण पाए जाते हैं, जो ग्रीस, तेल और जमी हुई गंदगी हटाने में मदद करता है। वहीं नींबू से चिमनी के बर्नर पर फ्रेशनेस भी आती है।

**कैसे करें**

सबसे पहले चिमनी के बर्नर को ठंडा होने के लिए छोड़ दें। जिससे कि आराम से आप सफाई कर सकें।

क्योंकि नींबू के छिलके के अंदर नेचुरल तेल और एसिड होते हैं। जो तेल के दागों और ग्रीस को हटाने में सहायता करते हैं।

अब नींबू के छिलकों को हल्के हाथों से रगड़ते हुए बर्नर पर रगड़ें। खासकर उस जगह पर जहां पर दाग या गंदगी है।

फिर इसको 5-10 मिनट के लिए बर्नर पर छोड़ दें। क्योंकि छिलके का एसिड ग्रीस और तेल को ढीला करने में सहायता करेगा।

इसके बाद एक ब्रश या गीले कपड़े से बर्नर को रगड़कर साफ करें। इससे बर्नर की सतह से जमी गंदगी आसानी से हट जाएगी।

सफाई के बाद साफ सूखे कपड़े से इसको अच्छे से पोंछ लें।

**नींबू के छिलका आएगा काम**

भले ही यह तरीका आपको सुनने में थोड़ा अजीब लगे, लेकिन यह चिमनी के अंदर की सफाई के लिए जरूरी है। खासकर जब चिमनी के अंदर कालिख और गंदगी जमा हो गई हो। आप इस हैक को अपना सकते हैं।

**कैसे करें**

सबसे पहले चिमनी को ठंडा करें।

फिर नींबू के छिलकों को छोटे टुकड़ों में काटें।

अब इन छिलकों को चिमनी में चलती हुई आग में डाल दें।

जैसे ही चिमनी की आग में नींबू के छिलके जलेंगे, वह धुआं छोड़ेंगे और चिमनी के अंदर जमा गंदगी ढीली हो जाएगी।

फिर कुछ मिनटों तक धुआं फैलने दें और एक ब्रश या गीले कपड़े से चिमनी की दीवरों को साफ कर लें।

**नींबू के छिलके और पानी का मिश्रण**

बता दें कि नींबू के छिलके और पानी का मिश्रण चिमनी की साफ-सफाई के लिए सबसे अच्छा तरीका है। नींबू का एसिड ग्रीस चिमनी में जमी गंदगी और कालिख को ढीला करता है। वहीं पानी इन तत्वों को साफ करने में सहायक होता है।

**कैसे करें**

सबसे पहले एक कटोरी में पानी भरकर उसमें नींबू के छिलके डालें।

अब इसको मीडियम आंच पर उबालें और जब पानी उबलने लगेगा तो छिलकों का एसिड पानी में घुल जाएगा। इससे नेचुरल क्लीनर तैयार हो जाएगा।

अब इस पानी को छानकर एक स्प्रे बोतल में भर लें।



फिर इस मिश्रण को चिमनी के अंदर और उसके आसपास स्प्रे करें।

इस मिश्रण को चिमनी के दीवारों और बर्नर पर 10-15 मिनट के लिए छोड़ दें। क्योंकि यह समय नींबू के छिलकों से निकला एसिड गंदगी को ढीला करने के लिए आवश्यक है।

इसके बाद ब्रश या गीले कपड़े की सहायता से चिमनी की दीवारों, बर्नर और सारी जगहों को रगड़कर साफ कर लें।

इससे चिमनी की गंदगी और कालिख आसानी से हट जाएगी और चिमनी साफ हो जाएगी।

फिर सफाई के बाद चिमनी को सूखे कपड़े से पोंछकर अच्छे से सुखा लें।

अवधनामा

लखनऊ, बुधवार, 02 अप्रैल, 2025



## थाने के शौचालय में लटका मिला शख्स; पलक्कड़ में पुलिस और हिरासत में लिए गए व्यक्ति पर भीड़ का हमला



**कोच्चि।** केरल में पुलिस थाने में व्यक्ति फंदे पर झूलता मिला है। पुलिस ने बताया कि एक लड़की के लापता होने के मामले में हिरासत में लिए गए 18 वर्षीय व्यक्ति का शव मंगलवार को यहां कलपेट्टा पुलिस थाने के शौचालय में लटका मिला। बताया गया कि पीड़ित अंबालावायल का रहने वाला गोकुल बताया गया। वह सुबह शौचालय के अंदर लटका हुआ पाया गया। उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस बीच ओट्टापलम के पास एक व्यक्ति को हिरासत में लेने के बाद दो पुलिस अधिकारियों पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। हमलावरों के निशाने पर पुलिस हिंसा में मौजूद वह व्यक्ति भी था। उन्होंने बताया कि व्यक्ति और नाबालिग लड़की को स्थानीय पुलिस ने सोमवार शाम को कोझिकोड से हिरासत में लिया और बाद में उन्हें कलपेट्टा थाने लाया गया। उन्होंने यहां संवाददह्याताओं से कहा, %एक नाबालिग लड़की के लापता होने की शिकायत मिली थी। व्यक्ति को भी हिरासत में ले लिया गया, क्योंकि वह लड़की के साथ मिला था। उन्होंने बताया कि बाद में लड़की को राज्य की ओर से संचालित महिला आश्रय गृह सखी में स्थानांतरित कर दिया गया और रात होने के कारण उस व्यक्ति को थाने में ही हिरासत में ले लिया गया और उसे मजिस्ट्रेट के सामने पेश नहीं किया जा सका। अधिकारी ने कहा, उसका नाम मामले में आरोपी के तौर पर नहीं लिया गया।

# मुंबई धमाके के साजिशकर्ता टाइगर मेमन की संपत्तियों पर केंद्र करे कब्जा, अदालत का आदेश

**मुक्त**

**केंद्र सरकार ने तस्कर और विदेशी मुद्रा हेरफेर (संपत्ति जब्ती) अधिनियम, SAFEM अधिनियम के तहत संपत्तियों को मुक्त करने की मांग की थी।**



**मुंबई।** आदेश में कहा गया है कि केंद्र सरकार, सक्षम प्राधिकारी के माध्यम से 14 अचल संपत्तियों पर कब्जा करने की हकदार है। केंद्र सरकार ने तस्कर और विदेशी मुद्रा हेरफेर (संपत्ति जब्ती) अधिनियम, SAFEM अधिनियम के तहत संपत्तियों को मुक्त करने की मांग की थी। एक विशेष अदालत ने मुंबई बम धमाके के साजिशकर्ता टाइगर मेमन की 14 संपत्तियों को केंद्र के कब्जे में सौंपने का आदेश दिया है। ये संपत्तियां फिलहाल बॉम्बे उच्च न्यायालय के रिसीवर के पास हैं, जिन्हें साल 1994 में टाडा कानून के तहत अदालत ने जब्त करने का आदेश दिया था। टाइगर मेमन 12 मार्च, 1993 में हुए मुंबई धमाकों का साजिशकर्ता है। उस दिन 13 अलग-अलग धमाकों में 257 लोगों की जान गई और 700 अन्य लोग घायल हुए थे। सीबीआई ने इस मामले की जांच की थी। विशेष अदालत के आदेश के बाद जिन संपत्तियों को केंद्र सरकार को सौंपा जाएगा, उनमें बांद्रा वेस्ट में स्थित एक रिहायशी इमारत में फ्लैट, माहिम में कार्यालय, माहिम में एक प्लॉट, माहिम में ही एक अन्य प्लॉट, सांताक्रूज ईस्ट में एक फ्लैट, कुर्ला की एक इमारत में दो फ्लैट, मोहम्मद अली रोड पर एक ऑफिस, डोंगरी में एक प्लॉट और दुकान, मनीष मार्केट में तीन दुकानें और शेख मेमन स्ट्रीट में एक इमारत में तीन दुकानें शामिल हैं। बीते हफ्ते 26 मार्च को विशेष टाडा अदालत के जज वीडी केदार ने अपने आदेश में कहा कि जब्त अचल संपत्तियां केंद्र सरकार को सौंपी जानी चाहिए। आदेश में कहा गया है कि केंद्र सरकार, सक्षम प्राधिकारी के माध्यम से 14 अचल संपत्तियों पर कब्जा करने की हकदार है। केंद्र सरकार ने तस्कर और विदेशी मुद्रा हेरफेर (संपत्ति जब्ती) अधिनियम, स्न्नश्चरू (स्न्नहक्क) अधिनियम के तहत संपत्तियों को मुक्त करने की मांग की थी। याचिका में कहा गया कि SAFEM अधिनियम का काम तस्करों और मादक पदार्थों के तस्करों की अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों का पता लगाना और केंद्र सरकार को उनकी जब्ती का आदेश देना है। मुंबई बम धमाके के बाद से ही ये संपत्तियां उच्च न्यायालय के कब्जे में हैं। 1993 के मुंबई बम धमाकों की साजिश अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम ने अपने गुर्गों टाइगर मेमन और मोहम्मद दोसा की मदद से रची थी। सीबीआई जांच में पता चला कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर यह साजिश रची गई। इस मामले में दाऊद इब्राहिम और टाइगर मेमन अभी भी वांछित आरोपी हैं और टाइगर के भाई याकूब मेमन को इस मामले में दोषी ठहराया गया और साल 2015 में उसे फांसी दे दी गई।

## हरियाणा पुलिस की गिरफ्त से भागे मिथुन ने जान दी, बैंक के 32 लॉकर्स में सेंधमारी का था मास्टर माइंड



**नई दिल्ली।** अंबाला में 32 लॉकर तोड़कर 10 करोड़ की चोरी करने वाले की हिम्मत भी पुलिस की सख्ती के सामने टूट सकती है! एक भाई यूपी पुलिस के एनकाउंटर में मारा गया तो दूसरे ने पुलिस गिरफ्त से भागने के बाद ट्रेन से कटकर जान दे दी।

हरियाणा के अंबाला में सितंबर 2023 में एक बड़ी घटना हुई थी। चोरों के गिरोह ने अंबाला कोऑपरेटिव बैंक के 32 लॉकर तोड़कर करीब 10 करोड़ रुपये के जेवर उड़ा लिए थे। इस कांड के मास्टरमाइंड का भाई उत्तर प्रदेश पुलिस के एनकाउंटर में पिछले साल मारा गया था। अब मुख्य आरोपी मिथुन बिंद ने ट्रेन से कटकर जान दे दी। हरियाणा पुलिस मिथुन को लेकर बिहार के मुंगेर आई थी। इसी दौरान वह बाथरूम का बहाना कर वेंटिलेटर तोड़कर भागा और ट्रेन के सामने आ गया। वह मरने के लिए ही ट्रेन के सामने आया था, यह बात इसलिए आ रही है क्योंकि ट्रेन के लोको पायलट ने उसे ट्रैक पर देखकर कई बार हॉर्न बजाया था। उसके गोदने को देखकर उसकी पहचान की गई है। मिथुन मुंगेर का रहने वाला था। हरियाणा पुलिस उसे गिरफ्तार करने के बाद रिमांड पर मुंगेर लाकर आयी थी, क्योंकि चोरी गए जेवरातों के मुंगेर में खपाए जाने की जानकारी मिली थी। इस क्रम में हरियाणा पुलिस आयी और मिथुन की निशानदेही पर एक सुनार राहुल कुमार को गिरफ्तार भी किया गया। जब माल की बरामदगी नहीं हुई तो हरियाणा पुलिस मिथुन को लेकर वापस लौटने वाली थी। सोमवार को इसी दौरान वह होटल के बाथरूम का वेंटीलेटर तोड़कर फरार हो गया। उसे दोबारा गिरफ्तार करने के लिए हरियाणा पुलिस बिहार पुलिस की मदद से खोजबीन कर रही थी, तभी भागलपुर-जमालपुर रेलखंड के अकबरनगर स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात शव मिलने की सूचना आई। उसके हाथ पर उसके बेटे के नाम का टैटू था, जिससे पहचान की पुष्टि हो गई। पुलिस पूछताछ में स्थानीय लोगों ने बताया कि ट्रेन के लोको पायलट ने हॉर्न बजाया, फिर भी वह ट्रेन की इंजन का आगे कूद गया। इससे उसके सिर के कई टुकड़े हो गए और तत्काल उसकी मौके पर मौत हो गई।

## गुजरात के बनासकांठा में पटाखा फैक्ट्री में भीषण आग; स्लैब भी ध्वस्त, 13 लोगों की मौत

**अहमदाबाद।** गुजरात के बनासकांठा जिले में मंगलवार को बड़ी घटना हुई। यहां एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट के बाद एक स्लैब ढह गया। मलबे में कई लोगों के फंसे होने की आशंका है। बचाव कार्य चलाया जा रहा है। गुजरात के बनासकांठा जिले में मंगलवार को एक पटाखा फैक्ट्री में आग लगने से 13 लोगों की मौत हो गई। हादसे में चार अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि आग लगने के बाद कई विस्फोट हुए। इस वजह से डीसा कस्बे के पास स्थित फैक्ट्री के कुछ हिस्से ढह गए। मलबे में कई श्रमिकों के फंसे होने की आशंका जताई जा रही है। डीसा ग्रामीण पुलिस थाने के निरीक्षक विजय चौधरी ने बताया कि डीसा नगर पालिका के अग्निशमनकर्मी मलबे में फंसे श्रमिकों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। घटनास्थल बचाव कार्य में कोई कोताही नहीं बरती जा रही है। इससे पहले जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया था कि तीन लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। छह अन्य घायलों को इलाज के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बनासकांठा कलेक्टर मिहिर पटेल ने बताया, आज सुबह हमें डीसा के औद्योगिक क्षेत्र में एक बड़े विस्फोट की सूचना मिली। अग्निशमन विभाग ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। उन्होंने तब घटना स्थल पर सात श्रमिकों की मौत की बात कही थी। हालांकि, अब यह आंकड़ा बढ़ गया है। घायल श्रमिकों को अलग-अलग अस्पतालों में रेफर किया गया है। विस्फोट इतना जबरदस्त था कि फैक्ट्री का स्लैब ढह गया। हम मलबे में दबे किसी भी व्यक्ति को बचाने के लिए तलाशी अभियान चला रहे हैं।

## डीजीपी की नियुक्ति में सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन कर रहे, त्रिपुरा सरकार ने सर्वोच्च अदालत में कहा

**नई दिल्ली।** त्रिपुरा की सरकार ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि वे डीजीपी की नियुक्ति में सर्वोच्च अदालत के आदेश का पालन कर रहे हैं। त्रिपुरा सरकार ने कहा कि उन्होंने डीजीपी की नियुक्ति की प्रक्रिया 7 मार्च से शुरू भी कर दी है। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने एनजीओ मोंद्रा की याचिका पर सुनवाई की। इस याचिका में त्रिपुरा सरकार पर आरोप लगाया गया कि वे डीजीपी की नियुक्ति में सुप्रीम कोर्ट के पुलिस सुधार संबंधी साल 2006 के आदेश का पालन नहीं कर रही है। साल 2006 में प्रकाश सिंह मामले में सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि कानून व्यवस्था से इतर जांच के साथ ही सरकार को डीजीपी की नियुक्ति से पहले संघ लोकसेवा आयोग से भी चर्चा करनी चाहिए।

# सुरक्षा गार्ड का मराठी भाषा को लेकर आपत्तिजनक वीडियो वायरल, नाराज मनसे कार्यकर्ताओं ने मारपीट की

**अपमान**

**महाराष्ट्र में मुंबई के पवई इलाके में एक सुरक्षा गार्ड ने कथित तौर पर मराठी भाषा का अपमान किया, जिसका वीडियो वायरल हो गया।**




**मुंबई।** मुंबई के पवई इलाके में एक सुरक्षा गार्ड ने कथित तौर पर मराठी भाषा का अपमान किया। वीडियो वायरल होने पर मौके पर पहुंचे मनसे कार्यकर्ता उससे भिड़ गए। कथित तौर पर कार्यकर्ताओं ने सुरक्षा गार्ड के साथ मारपीट की। हालांकि, बाद में सुरक्षा गार्ड ने अपनी टिप्पणी के लिए मनसे कार्यकर्ताओं से हाथ जोड़कर माफी मांगी। महाराष्ट्र में मुंबई के पवई इलाके में एक सुरक्षा गार्ड ने कथित तौर पर मराठी भाषा का अपमान किया, जिसका वीडियो वायरल हो गया। वीडियो में सुरक्षा गार्ड यह कहते हुए दिख रहा है कि- मराठी भाड़ में जाए। भाषा का अपमान करने पर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के कार्यकर्ता सुरक्षा गार्ड से भिड़ गए और कथित तौर पर उसके साथ मारपीट की। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद, मनसे कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और सुरक्षा गार्ड से भिड़ गए। बहस के दौरान सुरक्षा गार्ड ने मराठी में बात करने से मना कर दिया। इस पर गुस्साए मनसे कार्यकर्ताओं ने कथित तौर पर उसके साथ मारपीट की। मनसे कार्यकर्ताओं के समूह से खुद को घिरा देख सुरक्षा गार्ड ने अपने कृत्य के लिए माफी मांगी। वीडियो में उसे कार्यकर्ताओं के सामने हाथ जोड़े खड़े हुए देखा गया। इस दौरान मनसे कार्यकर्ताओं ने सुरक्षा गार्ड से कहा कि अगर उन्होंने मराठी भाषा नहीं सीखी तो अपना अहंकार कम करना चाहिए और मराठी भाषा सीखनी चाहिए। हालांकि, अभी तक इस मामले में किसी तरह की पुलिस कार्रवाई की कोई खबर नहीं है। इसी तरह की एक घटना अंधेरी पश्चिम के वर्सोवा में हुई, जहां एक कर्मचारी पर मनसे कार्यकर्ताओं ने मराठी भाषा बात करने से इनकार करने पर कथित तौर पर हमला कर दिया। यह घटना 25 मार्च को हुई, जिसके बाद महाराष्ट्र में भाषाई राजनीति पर फिर से चर्चा गर्मा गई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, विवाद वीडियो वायरल होने के बाद शुरू हुआ, जिसमें एक ग्राहक ने कर्मचारी को मराठी में बोलने के लिए कहा। कर्मचारी ने कथित तौर पर ग्राहक से कहा कि मुझे मराठी नहीं आती, मैं हिंदी में ही बोलूंगा। जो करना है करो। वीडियो वायरल होने के बाद मनसे के वर्सोवा इकाई अध्यक्ष संदेश देसाई और अन्य पार्टी कार्यकर्ता स्टोर पहुंच गए। जहां उन्होंने कथित तौर पर कर्मचारी को थप्पड़ मार दिया। इस घटना का भी एक वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में मनसे कार्यकर्ता कर्मचारी से कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि यहां काम करना है तो मराठी सीखनी चाहिए। घटना के बाद, कर्मचारी ने कथित तौर पर अपनी टिप्पणी के लिए माफी मांगी।

# मलेशिया में गैस पाइप फटने से बड़ा हादसा, भीषण आग के बाद हाहाकार, मीलों दूर से दिख रही लपटें




**कुआलालंपुर** मलेशिया में गैस पाइपलान फटने के बाद भीषण आग लग गई। हादसे में आसपास के कई इलाकों में आग फैलने की खबर है। कई लोग आग की चपेट में भी आए हैं। हालांकि, अब तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। मलेशिया में मंगलवार को भीषण हादसा हुआ। यहां कुआलालंपुर के बाहर मलेशियाई उपनगर में भीषण आग लग गई। प्राथमिक तौर पर इसकी वजह गैस पाइपलाइन का फटना बताया जा रहा है। इसके बाद भारी अफरातफरी मची और आस-पास के इलाकों के घरों को खाली कराना पड़ा। अब तक 100 से ज्यादा लोगों के झुलसने की जानकारी सामने आई है। आग की चपेट में करीब 50 घर भी आए हैं। सेलंगोर राज्य के मध्य में पुत्रा हाइट्स में एक गैस स्टेशन के पास लगी आग कई किलोमीटर (मील) तक दिखाई दे रही थी। आग की ऊंची-ऊंची लपटें 20 मंजिला इमारत की ऊंचाई तक देखी गई। सेलंगोर के दर्जनों अग्निशामकों को घटनास्थल पर भेजा गया है। विभाग के निदेशक वान मोहम्मद रजाली वान इस्माइल के हवाले से समाचार एजेंसी ने बताया कि मौके पर मौजूद अग्निशामकों ने आग लगने का कारण पाइपलाइन फटना बताया है।

आग के गुबार और धुएं के अंबार की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इसमें कुछ लोगों को कहते हुए सुना जा सकता है। उन्होंने बताया कि उन्हें अपने घरों के दरवाजे और खिड़कियां हिलती हुई महसूस हुईं। ऐसा माना जा रहा है कि यह आग किसी विस्फोट के कारण लगी है। हालांकि, तत्काल कोई पुष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं है। राष्ट्रीय तेल कंपनी पेट्रोनास ने एक बयान में कहा कि सुबह 8¬10 बजे उसकी एक गैस पाइपलाइन में विस्फोट के बाद आग लग गई। प्रभावित पाइपलाइन को अलग कर दिया गया है। आग वाली जगह के पास के तीन गैस स्टेशन प्रभावित नहीं हुए, लेकिन एहतियात के तौर पर उन्हें अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। जांच अभी भी जारी है। सेलंगोर आपदा प्रबंधन इकाई ने एक बयान में बताया कि आग पास के एक गांव के कई घरों में फैल गई। यहां फंसे हुए लोगों को बचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। कई लोगों के झुलसने की भी खबर हैं। उन्हें इलाज के लिए ले जाया जा रहा है। अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। सेलंगोर के मुख्यमंत्री अमीरुद्दीन शारी ने कहा कि अग्निशमन विभाग ने सुरक्षा उपाय के तौर पर आस-पास के घरों से लोगों को तुरंत बाहर निकाल लिया है। स्थिति के नियंत्रण में आने तक उन्हें अस्थायी रूप से पास की एक मस्जिद में रखा जाएगा।

# बोल्सोनारो के कार्यकाल में पेराग्वे सरकार की जासूसी की गई, ब्राजील की सरकार ने स्वीकारी गलती

**जासूसी**

**ब्राजील की सरकार ने सोमवार को एक बयान जारी कर माना कि पूर्व राष्ट्रपति जेर बोल्सोनारो के कार्यकाल में पेराग्वे की सरकार की जासूसी की गई।**



**रियो डी जेनेरियो।** ब्राजील की सरकार ने एक बयान जारी कर माना है कि पूर्व की बोल्सोनारो सरकार में पेराग्वे की जासूसी कराई गई। यह जासूसी इताइपु बांध को लेकर कराई गई। ब्राजील की सरकार ने सोमवार को एक बयान जारी कर माना कि पूर्व राष्ट्रपति जेर बोल्सोनारो के कार्यकाल में पेराग्वे की सरकार की जासूसी की गई। बयान में ये भी कहा गया कि मौजूदा राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा के सत्ता संभालने के कुछ समय बाद ही इसे रोक दिया गया था। दरअसल एक न्यूज वेबसाइट ने कथित तौर पर दावा किया कि ब्राजील की लूला दा सिल्वा सरकार पेराग्वे की जासूसी करा रही है। इसके बाद ही ब्राजील की सरकार ने बयान जारी कर सफाई दी है। ब्राजील के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को जारी बयान में बताया कि राष्ट्रपति लूला का प्रशासन पेराग्वे की जासूसी के आरोपों से साफ इनकार करता है। पेराग्वे, ब्राजील के साथ मरकोसर व्यापार समूह का हिस्सा हैं और ऐतिहासिक तौर पर दोनों देशों के करीबी संबंध रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि जासूसी पूर्व राष्ट्रपति जेर बोल्सोनारो के कार्यकाल में कराई जा रही थी और जैसे ही राष्ट्रपति लूला को इसके बारे में जानकारी हुई, तो उन्होंने सत्ता संभालने के तीन महीने के भीतर ही इसे बंद करा दिया था। वहीं ब्राजील सरकार के बयान पर पेराग्वे के विदेश मंत्री ने कहा कि ब्राजील द्वारा हमारे सिस्टम में घुसपैठ के कोई सबूत नहीं हैं। इस मामले पर पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो ने भी अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ब्राजील की खुफिया एजेंसी ने पेराग्वे के कंप्यूटर सिस्टम में सेंधमारी कर इताइपु हाइड्रोलिक बांध को लेकर टैरिफ बातचीत संबंधी जानकारी जुटाई थी। यह दुनिया के सबसे बड़े बांधों में से एक है। इताइपु बांध से की क्षमता 14 हजार मेगावाट बिजली बनाने की है और इस बांध से बनने वाली अधिकतर बिजली पेराग्वे की सरकार से ब्राजील ही खरीदता है। हाल के वर्षों में इसे लेकर ब्राजील और पेराग्वे में तनाव बढ़ा है। जेर बोल्सोनारो के खिलाफ अभी भी ब्राजील के सुप्रीम कोर्ट में पांच मामले लंबित हैं। इनमें से एक साल 2022 के चुनाव में बगावत की साजिश रचने से जुड़ा है।

# भारत कृषि उत्पादों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाता है, अब जैसे को तैसे का समय, व्हाइट हाउस का बड़ा बयान



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने बीते दिनों 2 अप्रैल से देशों पर पारस्परिक टैरिफ लगाने का एलान किया था। अब सोमवार को व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव ने मीडिया से बातचीत में बताया कि भारत अमेरिका के कृषि उत्पादों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाता है। इसी तरह उन्होंने अन्य देशों द्वारा अमेरिका पर लगाए जाने वाले टैरिफ की जानकारी दी। अमेरिका ने कहा है कि भारत अमेरिका के कृषि उत्पादों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाता है, साथ ही अन्य देश भी भारी शुल्क लेते हैं, जिसके चलते अमेरिकी उत्पादों का उन देशों के बाजार में टिकना बेहद मुश्किल है। व्हाइट हाउस ने भी अब जैसे को तैसा देने का एलान किया है। व्हाइट हाउस ने यह बयान ऐसे समय दिया है, जब 2 अप्रैल की तारीख नजदीक है और राष्ट्रपति ट्रंप ने 2 अप्रैल से ही पारस्परिक टैरिफ लगाने का एलान किया था। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने सोमवार को कहा कि दुर्भाग्य से कुछ देश लंबे समय से हमारे देश का फायदा उठाते आ रहे हैं। अगर आप गलत व्यापार तरीकों को देखें तो यूरोपीय यूनियन अमेरिका के डेयरी उत्पादों पर 50 प्रतिशत, जापान अमेरिकी चावल पर 700 प्रतिशत, भारत अमेरिकी कृषि उत्पादों पर 100 प्रतिशत और कनाडा, अमेरिकी मक्खन और पनीर पर 300 प्रतिशत टैरिफ लगाते हैं। लेविट ने कहा कि बहुत ज्यादा टैरिफ की वजह से अमेरिकी उत्पादों का इन देशों के बाजार में आयात लगभग असंभव हो गया है और इससे बीते कई दशकों में अमेरिकी लोगों के व्यापार पर काफी असर पड़ा है। मीडिया से बातचीत में कैरोलिन लेविट ने एक चार्ट दिखाया, जिसमें भारत, जापान और अन्य देशों के नाम थे। चार्ट में तीन रंगों के सर्किल में भारत का नाम भी था। इसी तरह अन्य देशों के नाम भी उनके द्वारा लगाए जाने वाले टैरिफ के साथ अंकित थे। लेविट ने चार्ट दिखाते हुए कहा कि %अब जैसे को तैसे का समय है। अब राष्ट्रपति के एतिहासिक बदलाव का समय है और राष्ट्रपति वो कर रहे हैं, जो अमेरिकी लोगों के लिए सही है।

## अंतरिक्ष से कैसा दिखता है भारत? सुनीता विलियम्स का जवाब सुन आपके चेहरे पर आ जाएगी मुस्कुराहट



**वॉशिंगटन।** नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने कहा कि अंतरिक्ष से भारत अद्भुत दिखता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि वे अपने पिता के गृह देश का दौरा करेंगी और वहां के लोगों के साथ अंतरिक्ष के बारे में अपने अनुभव साझा करेंगी। सुनीता ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ऐसा कहा। भारतीय मूल की नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने भारत को महान देश बताया है। उन्होंने भारत से जुड़ी अपनी यादों का भी जिक्र किया। दरअसल, सुनीता विलियम्स मीडिया से रूबरू हुईं। इस दौरान ज्यादातर भारत से जुड़े सवाल ही उनसे पूछे गए। उनसे पूछा गया कि अंतरिक्ष से भारत कैसा दिखता है। उन्होंने कहा कि भारत एक महान देश है। यह रोशनी के नेटवर्क जैसा दिखता है। गुजरात, महाराष्ट्र से लेकर सभी छोटे-बड़े शहर और समुद्र... यह अद्भुत है। उन्होंने कहा, भारत अद्भुत है। हर बार जब हम हिमालय के ऊपर से गुजरे और मैं आपको बताऊं, बुच ने हिमालय की कुछ अविश्वसनीय तस्वीरें लीं। बस अद्भुत। वह इस सवाल का जवाब दे रही थीं कि जब वह अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में थीं तो अंतरिक्ष से भारत कैसा दिखता था। उनसे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के साथ उनके सहयोग की संभावना के बारे में पूछा गया। इस पर उन्होंने कहा कि जरूर। हम हर जरूरी मदद करेंगे। संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने अपनी संभावित भारत यात्रा पर भी बात की। उन्होंने कहा, मुझे पूरी उम्मीद है कि मैं अपने पिता के देश जाऊंगी। वहां मैं एक्सिओम मिशन पर जाने वाले भारतीय नागरिक से भी मुलाकात करूंगी। मैं उनसे कभी न कभी जरूर मिलूंगी।

# भूकंप से म्यांमार को हुआ भारी नुकसान, इसरो की सैटेलाइट तस्वीरों से हुआ खुलासा

**बंगलूरू।** इसरो ने एक बयान में कहा है कि मेंडले और सेगेंग शहर में बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान हुआ है। मेंडले में प्रमुख स्थल जैसे स्काइ विला, फेयानी पेगोडा, महामुनि पेगोडा और आनंद पेगोडा, मेंडले यूनिवर्सिटी और कई अन्य स्थानों को थोड़े से ज्यादा नुकसान हुआ है।

भारतीय अंतरिक्ष अनसुंधान संगठन (इसरो) ने कुछ तस्वीरें जारी की हैं, इन तस्वीरों में म्यांमार में आए भूकंप से हुई तबाही साफ देखी जा सकती है। ये तस्वीरें इसरो की धरती की निगरानी करने वाले सैटेलाइट CARTOSAT-3 ने ली हैं। 28 मार्च को म्यांमार में आए भूकंप ने भारी तबाही की। इस तबाही में हजारों लोग मारे गए। ये तस्वीरें 29 मार्च को ली गईं, जिनमें म्यांमार के शहर मेंडले और सेगेंग के कुछ हिस्सों को दिखाया गया है। इसरो के उपग्रह कार्टोसेट-3 ने 18 मार्च को भी इन इलाकों की तस्वीरें लीं थी और 29 मार्च को ली गईं तस्वीरों में भूकंप की भयावहता देखी जा सकती है। कार्टोसेट-3 तीसरी पीढ़ी का



आधुनिक उपग्रह है, जो जमीन पर हाई रेजोल्यूशन वाली तस्वीरें लेने में सक्षम है। इसरो ने एक बयान में कहा है कि मेंडले और सेगेंग शहर में बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान हुआ है। मेंडले में प्रमुख स्थल जैसे स्काइ विला, फेयानी पेगोडा, महामुनि पेगोडा और आनंद पेगोडा, मेंडले यूनिवर्सिटी और कई अन्य स्थानों को थोड़े से ज्यादा नुकसान हुआ है। सेगेंग शहर में मा शी खाना पेगोडा समेत कई अन्य मोनेस्ट्रीज और अन्य इमारतों को भी भारी नुकसान हुआ है। इसरो की तस्वीरों से पता चला है कि भूकंप से म्यांमार के इन वा शहर में इरावेडी नदी पर बना ऐतिहासिक एवा पुल पूरी तरह से तबाह हो गया है। इरावेडी नदी के बाढ़ के मैदानों में भूकंप से जमीन में दरार भी आई है। म्यांमार में 28 मार्च को 7.7 तीव्रता के भूकंप के झटके लगे थे। इसके बाद 6.4 तीव्रता के भी झटके महसूस हुए। भूकंप का केंद्र मेंडले और सेगेंग शहरों की सीमा पर जमीन के 10 किलोमीटर भीतर था।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान को जिलाधिकारी ने दिखाई हरी झण्डी

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल द्वारा आज कलेक्ट्रेट परिसर से संचारी रोग नियंत्रण अभियान (01 से 30 अप्रैल 2025) एवं दस्तक अभियान (10 से 30 अप्रैल 2025) को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि अभियान के अन्तर्गत रैली के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराते हुए लोगों को संचारी रोगों को प्रति जागरूक किया जायेगा।

उन्होने कहा कि 1 अप्रैल से संचारी रोग अभियान चलेगा और दस्तक अभियान दिनांक 10 अप्रैल से 30 अप्रैल 2025 तक चलाया जायेगा, जिसके अन्तर्गत आशा व आंगनबाडी कार्यकत्रियों द्वारा घर-घर भ्रमण कर क्षय रोग के लक्षणयुक्त व्यक्तियों, कुपोषित बच्चों आदि की जानकारियां एकत्र करेंगी तथा संचारी रोग के सम्बन्ध में प्रचार-प्रसार करेंगी एवं उनको संचारी रोगों से बचाव के सम्बन्ध में जागरूक करेंगी। उन्होने कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम हेतु समस्त संबंधित विभागो द्वारा आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कीटनाशक दवाओ का छिडकाव, नालियों की सफाई, झाडियों की कटाई, पशुपालको का संवेदीकरण आदि कार्य किया जायेगा। उन्होने कहा कि डेंगू मलेरिया, चिकगुनिया आदि बिमारियों के प्रति जागरूक किया जायेगा, यदि कोई बिमारी होता है तो तुरन्त चिकित्सक को दिखायें। उन्होने कहा कि घर में कहीं भी पीने का पानी खुला न रखें, अपने-आस पास पानी इकट्ठा न होने दें, जिसमें मच्छर पनपते हैं, इससे मच्छरों से होने वाले रोग होने का खता रहता है। उन्होने कहा कि अभियान के अन्तर्गत जन-जन को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचारी रोग की शुरूआत की गयी है। स्वास्थ्य विभाग की टीम एवं अन्य संबंधित विभाग मिलकर प्रचार-प्रसार करते हुए संचारी रोग के रोकथाम के लिए कार्य करेंगे। उन्होने कहा कि यह रैली शहर के विभिन्न स्थानों पर जायेगी और लोगों को जागरूक करेगी। इसके साथ ही कई वाहनों पर साउण्ड सिस्टम लगाया गया है, ये वाहन शहर में घुमकर लोगों को संचारी रोगों के सम्बन्ध में जागरूक करेगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि हीट वेव के दृष्टिगत सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही है। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायती राज विभाग एवं नगरीय क्षेत्र में अधिशासी अधिकारियों को हीट वेव से बचाव के सम्बन्ध में जागरूक करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही हीट वेव से बचाव हेतु क्या करें, क्या न करें का संदेश भी जारी कर दिया जा रहा है। उन्होने कहा कि गर्मी के दृष्टिगत समस्त शहरीध्ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ व शीतल पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था हो, इसको सुनिश्चित किया जा रहा है।

# स्कूल चलो अभियान रैली का शुभारंभ

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** नगर पालिका परिषद जौनपुर के परिसर में स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद स्तरीय रैली का उद्घाटन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश सरकार गिरीश चंद्र यादव, विधायक मड़ियाहूँ आर0 के0 पटेल, चेयरमैन नगरपालिका जौनपुर, मनोरमा मौर्या, जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र एवं मुख्य विकास अधिकारी साई सीलम तेजा द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलन करके किया गया।

मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार द्वारा स्कूल चलो अभियान के शुभारम्भ कार्यक्रम का सजीव प्रसारण सभी के द्वारा देखा गया, जिसमें मुख्यमंत्री द्वारा स्कूलों में नामांकन और उपस्थिति बढ़ाने हेतु सभी को प्रोत्साहित किया गया। सम्मानित अतिथियों द्वारा 25 बच्चों को पुस्तक वितरण के पश्चात स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत नगर पालिका परिसर से जनपद स्तरीय रैली को मंत्री ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया जो कि अटाला मस्जिद, शाही किला मार्ग व चहारसू चौराहा मार्ग से होकर पुनः नगर पालिका परिषद जौनपुर के परिसर में समाप्त हुई। राज्यमंत्री ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षा सभी के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होने सभी से अपील किया कि स्कूल चलों अभियान में अपनी सहभागित अवश्य प्रदान करें। राज्यमंत्री ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनायें दिया और प्रतिदिन विद्यालय जाने के लिए प्रेरित किया। उन्होने कहा कि शासन के द्वारा परिषदीय विद्यालयों में मूलभुत सुविधाओं के साथ साथ कायाकल्प किया गया है। बेसिक शिक्षा के विद्यालयों मे कायाकल्प हो जाने से बच्चों की उपस्थिति बढी है। विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करायी जा रही है जिससे शासन की मंशानुरूप सभी बच्चें शिक्षित हो। इसी प्रकार विधायक मड़ियाहुं, एलएलसी बृजेश सिंह प्रिन्सु, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जिलाध्यक्ष मछलीशहर अजय सिंह, सहित अन्य उपस्थित जनप्रतिनिधिगणों ने अपने उदबोधन में बच्चों को अपना मार्गदर्शन दिया। जिलाधिकारी ने सभी से अपील की कि इस बार जनपद जौनपुर नामांकन महाभियान में प्रथम स्थान पर हो इसके लिए एक भी बच्चा नामांकन से वंचित न होने पाए। कार्यक्रम के आयोजक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल द्वारा अतिथियों को पुष्प गुच्छ एवं अंगवस्त्रम देकर स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया तथा स्कूल चलो अभियान तथा शिक्षा के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया।

## किताब पाकर बच्चों के मन खिले

**जौनपुर (खुटहन)।** स्कूल चलो रैली के अंतर्गत सत्र 2025- 26 में नए नामांकन के लिए आज प्राथमिक विद्यालय खुटहन प्रथम तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय खुटहन की संयुक्त रैली निकाली गई। रैली को ब्लॉक प्रमुख खुटहन बृजेश यादव, खंड शिक्षा अधिकारी विपुल कुमार उपाध्याय ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सैकड़ो बालक बालिकाओं के साथ अध्यापक रैली को खुटहन बाजार से होते बीआरसी पर समाप्त किया। ब्लॉक प्रमुख श्री यादव ने प्राथमिक विद्यालय खुटहन प्रथम तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय खुटहन के छात्र-छात्राओं को पुस्तक प्रदान किया। किताब पाकर बच्चों के मन खिल गए। रैली में प्रधान अजीत कुमार यादव वेंकटेश्वर विश्वकर्मा प्रधानाध्यापक सुशील कुमार यादव रामचंद्र यादव आशीष कुमार यादव श्यामलकांत यादव रविंद्र यादव सत्य प्रकाश यादव रश्मि तिवारी स्मृति यादव आकांक्षा बरनवाल जयंती देवी गीता पाल वार्डन अंजू खरवार रुक्मणी यादव सुशीला नेहा यादव सहित सैकड़ो छात्र-छात्राएं प्रतिभाग किया।

# थाना जीआरपी बाँदा में महिला हेल्प डेस्क का उद्घाटन

**अवधनामा संवाददाता**

**बांदा।** पुलिस अधीक्षक रेलवे अनुभाग झांसी विपुल कुमार श्रीवास्तव द्वारा थाना जीआरपी बाँदा में महिला हेल्प डेस्क का किया गया उद्घाटन। पुलिस अधीक्षक रेलवे अनुभाग झांसी श्री विपुल कुमार श्रीवास्तव द्वारा मिशन शक्ति कार्यक्रम के दृष्टिगत थाना जीआरपी बांदा में रिबन काटकर, शिलापट्ट का अनावरण करते हुये महिला हेल्प डेस्क का उद्घाटन किया गया। इस शुभ अवसर पर श्रीमान क्षेत्राधिकारी यातायात जनपद बाँदा व प्रभारी आर.पी.एफ पोस्ट बाँदा, प्रभारी रेलवे इंजीनियरिंग निर्माण विभाग रेलवे स्टेशन बाँदा व प्रभारी निरीक्षक नवेन्दु शेखर अग्निहोत्री थाना जीआरपी बाँदा के साथ-साथ थाना जी.आर.पी. बाँदा पर नियुक्त अधिकारी/कर्मचारीगण एंव पत्रकार बन्धु भी शामिल हुये।

## निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन

**आजमगढ़।** जहानागंज ब्लाक स्थित धरमपुर ग्राम स्थित प्राइमरी स्कूल पर स्व0 चन्द्रिका प्रसाद पाण्डेय की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। सर्वप्रथम डॉ0 हैनीमन एवं स्व0 चन्द्रिका प्रसाद पाण्डेय के चित्र. पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। उक्त अवसर पर हमाई आजमगढ़ के अध्यक्ष डॉ0 देवेश दूबे ने कहा कि चन्द्रिका प्रसाद पाण्डेय एक कुशल शिक्षक, साहित्यकार, पत्रकार रहे, उनको आज हम शत-शत नमर करते है। आपके पढ़ाये हुए छात्र आज भी आपको सम्मान के साथ याद करते है। डॉ0 बी. पाण्डेय ने कहा कि आज के परिवेश में होम्योपैथी से असाहय रोगों का निदान किया जा रहा है, आज करोड़ो लोगे होम्योपैथी से लाभान्वित हो रहे है। शिविर में चर्मरोग, उदररोग, नेत्र रोग, हृदय रोग, बवासीर के रोगी ज्यादा मिले। शिविर में लगभग 450 मरीजों का परीक्षण कर निःशुल्क दवा दिया गया।

# भाजपा नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने किया भव्य स्वागत



**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** भाजपा नवनियुक्त जिला अध्यक्ष धुरुव सिंह का स्वागत वीर एकलव्य घाट दुर्गा मंदिर सिधारी पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला महामंत्री मिथिलेश चौरसिया के मार्गदर्शन में मडंया सभासद भाजपा मुन्ना निषाद के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में लोगों ने फूल माला गुलदस्ता बुके स्मृति चिन्ह देकर भव्य स्वागत किया। भाजपा जिला अध्यक्ष धुरुव सिंह ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारा देश विकसित राष्ट्र की तरफ बढ़ रहा है। वहीं उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के मार्गदर्शन में प्रदेश के साथ-साथ आजमगढ़ का भी विकास तेजी से चल रहा है हमारी सरकार ने आजमगढ़ के विकास में कोई भी कसर नहीं छोड़ी है जल्द ही साशन द्वारा पास 2 करोड़ की राशि वीर एकलव्य घाट का सुंदरीकरण करने के लिए आया है। जो विकास का प्रमाण होगा जिला महामंत्री मिथिलेश चौरसिया ने कहा आजमगढ़ की राजनीतिक बंजर भूमि को पिछड़ों के सच्चे हितैषी माननीय जिला अध्यक्ष धुरुव सिंह के नेतृत्व में आजमगढ़ का कार्यकर्ता दिन रात मेहनत कर सभी विधानसभाएं जीतकर उपजाऊ बनाने का काम करेगा सम्मान करने वालों में पूर्व मनोनीत सभासद प्रमोद यादव सभासद मडयां राजेंद्र निषाद मुन्ना प्रिंस यादव जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा जय जय राम प्रजापति राजेश विश्वकर्मा हरिवंश सिंह प्रमोद निषाद सुभाष निषाद आशीष निषाद अतुल निषाद सुशील गौड़ विनीत सिंह विनय प्रकाश गुप्त योगेंद्र यादव अवनीश चतुर्वेदी अजय मौर्या मृगांक शेखर सिंह शैलेंद्र अग्रवाल संजय यादव जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा निखिल राय हरिश्चंद्र चौरसिया अनिल चौरसिया सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।


## कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, मथुरा

पत्रांकः 4407/स.क./प्रेस-विज्ञप्ति/2024-25 दिनांक 29.03.2025

### माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम-2007 एवं उत्तर प्रदेश माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण तथा कल्याण नियमावली-2014

- नियमावली के अन्तर्गत वरिष्ठ नागरिकों के हितों के संरक्षण हेतु तहसील स्तर पर उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में भरण पोषण अधिकरण गठित किया गया है तथा जनपद स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में अपीलीय अधिकरण का गठन किया गया है।
- जनपद में निराश्रित/जरूरतमंद वरिष्ठ नागरिकों के लिये नियमावली केअन्तर्गत लक्षिता गार्डन, नगला खूबी, विकास खण्ड बल्देव, तहसील महावन में स्वैच्छिक संस्थान के माध्यम से समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धाश्रम संचालित हैं।

### वृद्धाश्रम में मिलने वाली निःशुल्क सुविधाएं

- आवास, भोजन इत्यादि की सुविधा।
- राज्य सरकार द्वारा नियत मापदण्ड के अनुसार पोषक एवं स्वास्थ्य वर्धक आहार, स्वच्छ पेयजल की सुविधा।
- स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से माह में कम से कमल एक बार स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा।
- मनोरंजन हेतु इनडोर गेम की सुविधा।
- आध्यात्मिक ज्ञान के लिये धार्मिक एवं साहित्यिक पुस्तकों से परिपूर्ण मिनी लाइब्रेरी की सुविधा।
- त्यौहारों के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन।
- वृद्धजनों को समय-समय पर हेरिटेज एवं धार्मिक स्थलों पर भ्रमण कराने की सुविधा।
- अधिक जानकारी के लिये कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, कार्यालय कक्ष सं.-02 राजीव भवन, मथुरा/आवासीय वृद्धाश्रम-लक्षिता गार्डन, नगला खूबी विकास खण्ड-बल्देव, मथुरा पर सम्पर्क करें।

**जिला प्रशासन, जनपद मथुरा**


# वृक्षारोपण के साथ उद्बोधन 2025 का भव्य शुभारंभ

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शताब्दी पुरुष छात्रावास में आज द्विसाप्ताहिक वार्षिक खेल प्रतियोगिता, अकादमिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम उद्बोधन 2025 का भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर छात्रावास की विशेष पहल पला प्लांटेशन पर पार्टिसिपेशन के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम भी संपन्न किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि अधिष्ठाता, छात्र कल्याण प्रो. हर्ष कुमार, विशिष्ट अतिथि कुलानुशासक प्रो. राकेश सिंह एवं अधिष्ठाता, विधि संकाय प्रो. आदेश कुमार द्वारा वृक्षारोपण कर तथा फीता काटकर किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन छात्रावास के संरक्षक प्रो. अभय कुमार पांडेय एवं सहायक अधीक्षक डॉ. मृत्युंजय राव परमार के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर विधि अधिकारी, इलाहाबाद विश्वविद्यालय डॉ. पीयूष कुमार मिश्र, सहायक कुलानुशासक डॉ. अतुल नारायण सिंह एवं सहायक कुलानुशासक शिव कुमार यादव विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उद्बोधन 2025 की शुरुआत क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ से हुई, जो 1 अप्रैल से 13 अप्रैल तक चलेगी। इसका समापन 13 अप्रैल को भव्य सांस्कृतिक संध्या के साथ होगा। इस कार्यक्रम में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के विधि संकाय से निकले सिविल जजों की भारी संख्या में उपस्थिति रहेगी, साथ ही कई अन्य गणमान्य भी कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।


## आवश्यकता है

जनता महाविद्यालय अम्बेहटा चांद, सहारनपुर को एक प्रवक्ता भूगोल एक शिक्षाशास्त्र और एक प्रवक्ता गृहविज्ञान की आवश्यकता है। शैक्षिक योग्यता Phd या Net वेतनमान विश्वविद्यालय के मानक अनुसार देय होगा। आवेदक प्रकाशन के 15 दिनो के अन्दर अपना पूर्ण बायोडाटा स्वयं या डाक द्वारा महाविद्यालय, अंबेहटा चांद, सहारनपुर को भेजें।

**सचिव.मो.8445847474/ 8954037463**



## कार्यालय ग्राम पंचायत रसूलपुर, वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर

### अल्पकालीन निविदा/टेन्डर

वित्तीय वर्ष 2025-26 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 02-04-2025 से 06-04-2025 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह दो बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 07-04-2025 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 02:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। सीमेन्ट वाला ईंट | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तेः** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**रामधनी कनौजिया**
**ग्राम प्रधान- रसूलपुर**
**वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

**आरती मौर्या**
**ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.- रसूलपुर**
**वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**


# वर्कर्स यूनियन ने मनाया यूपीएस ब्लैक डे
# हूबहू ओपीएस बहाली तक जारी रहेगा संघर्षः मनोज




**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेन्शन स्कीम एवं इण्डियन रेलवे इम्प्लॉइज फेडरेशन द्वारा पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत. नार्थ सेंट्रल रेलवे वर्कर्स यूनियन संबद्ध इंडियन रेलवे इम्प्लाइज फेडरेशन एवं फ्रंट अगेंस्ट एन पी एस इन रेलवे के संयुक्त नेतृत्व में प्रयागराज जं पर सभी पेंशन विहीन रेलवे कर्मचारियों ने बाह में काली पट्टी बांधकर और लंच समय में शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से नारेबाज़ी करके यूपीएस ब्लैक डे मनाया। इंडियन रेलवे इम्प्लाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नार्थ सेंट्रल रेलवे वर्कर्स यूनियन केंद्रीय महामंत्री कॉम मनोज पाण्डेय ने कहा कि यूपीएस का लागू होना कर्मचारी हित मे नही है। यूपीएस लागू होने के बाद अब स्पष्ट हो गया कि सरकार की हाँ में हाँ मिलाते हुए यूपीएस का समर्थन करते हुए कर्मचारियों को गुमराह करने वाले फेडरेशनो और यूनियनों को अब सार्वजनिक रूप से माफ़ी मांगनी चाहिए। कॉम. मनोज पांडेय ने आगे कहा कि हूबहू ओपीएस बहाली तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा और एक मई को भारतीय रेलवे के लाखो कर्मचारी एन एम ओ पी एस के संयुक्त तत्वाधान में जन्तर मन्तर नई दिल्ली में अपनी ताकत का प्रदर्शन कर सरकार को पुरानी हूबहू पुरानी पेन्शन लागू करने के लिए मजबूर करेंगे। नेशनल मूवमेंट टू सेव रेलवे के राष्ट्रीय प्रचार सचिव व आईआरईएफ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष- डॉ कमल उसरी ने कहा कि जनता की सवारी भारतीय रेलवे का निजीकरण जनता की भागीदारी के सहयोग से रोकेंगे।


## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियन्ता/थर्मिट पोर्शन प्लांट उ.रे. चारबाग, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई.-निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | निविदा सं0 | कार्य का नाम |
|---|---|---|
| 1 | 10/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2023-24 | आयरन ऑक्साइड फ्लैक्स (मिल स्केल) तथा स्टील चिप्स की कैल्सीनिंग और छनाई के लिए थर्मिट पोर्शन प्लांट के परिसर में इलेक्ट्रिक रोटरी कैल्सीनेटर का निर्माण और स्थापना तथा, स्थापित इलेक्ट्रिक रोटरी कैल्सीनेटर से ही एजेंसी के अपने मशीनरी, उपकरण और संयंत्रों के साथ थर्मिट पोर्शन प्लांट के परिसर में वर्ष 27–2026, के लिए 29–2028 और 28–2027 टीपीपी/उ.रे. लखनऊ/की आवश्यकता के अनुसार आयरन ऑक्साइड फ्लेक्स (मिल स्केल) और स्टील चिप्स की कैल्सीनिंग, छनाई तथा मैटेरियल हैंडलिंग का कार्य। |
| 2 | अनुमानित लागत | रू0 14,14,72,406.49 मात्र। |
| 3 | धरोहर राशि | रू0 857400.00 मात्र। |
| 4 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 36 माह। |
| 5 | निविदा डालने की प्रारम्भिक तिथि | 11.04.2025 |
| 6 | निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं निविदा खुलने की तिथि तथा समय | निविदा 25.04.2025 को 15:00 बजे तक जमा किए जा सकेंगे एवं निविदा उसी दिन समय 15:30 बजे खोली जायेगी। |
| 7 | | न्यूनतम पात्रता की शर्तेः |
| अ | तकनीकी | (ए) निविदाकार ने पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा या प्रर्याप्त रूप से पूरा किया हो, जिस महीने में निविदा आमंत्रित की गयी थी, उससे पहले के महीने के अन्तिम दिन को समाप्त करना होगा। तीन समान कार्य जिनकी लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 30 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो। या दो समान कार्य जिनका लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 40 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो। या एक समान कार्य की लागत, निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60 प्रतिशत के बराबर राशि से कम नहीं होनी चाहिए। |
| ब | वित्तीय | निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार V/N (वी/एन) या 'V' (वी) जो भी कम हो; जहाँ V (वी) = निविदा की विज्ञापित मूल्य करोड़ रूपये में। N (एन) = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गयी है। औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना, पिछले तीन वित्तीय वर्षों में कुल संविदात्मक भुगतान के औसत के रूप में की जायेगी, लेखा परीक्षित बैलेन्स शीट के अनुसार। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन–पत्र अभी तक तैयार/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष की लेखा परीक्षित तुलन–पत्र पर विचार किया जाएगा। |
| 8 | एक समान कार्य | मिल स्केल/नेल चिप्स को भूनना या स्टील कास्टिंग/फैब्रिकेशन का कार्य |
| 9 | वेबसाइट का विवरण एवं कार्यालय का नाम जहाँ निविदा का विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in, कार्यालय उप मुख्य अभियन्ता/थर्मिट पोर्शन प्लान्ट उ.रे. चारबाग, लखनऊ |

नोट :- **1.** कोई भी निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए ठेकेदारों द्वारा भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। **2.** समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। **3.** मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। **4.** निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेगी। **निविदा सू0सं0–04/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2024–25 दिनांक 29.03.2025 986/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# वाराणसी की प्रतिमा मिश्रा ने जीता मिसेज उत्तर प्रदेश क्वीन ऑफ वर्चू का ताज

मुक्त

## हजारों महिलाओं का सपना हुआ साकार

**लखनऊ।** खूबसूरती, अदा और हुनर को मिलाकर बनता है मिसेज़ उत्तर प्रदेश क्वीन ऑफ वर्चू का रैंप. जहां पर कैटवॉक कोई बड़ी-बड़ी मॉडल्स नहीं बल्कि घरेलू महिलाएं इनके कैटवॉक और फैशन के जलवे के आगे बड़े-बड़े मॉडल्स भी फेल हैं. यही वजह है कि उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के होटल सेंट्रम में आयोजित मिसेज़ उत्तर प्रदेश क्वीन ऑफ वर्चू के ग्रैंड फिनाले में जब यह महिलाएं तेज म्यूजिक की धुन पर रैंप पर जैसे ही उतरी चारों ओर तालियां गूंजने लगी।

यही नहीं हर कोई इनकी खूबसूरत अदाओं को देखकर फिदा हो गया। घरेलू महिलाओं के कैटवॉक के लिए चारों ओर से बस वन्स मोर की ही आवाज आ रही थी



। इस ब्यूटी प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से 150 महिलाओं ने ऑडिशन राउंड में भाग लिया, जिसमें से20 महिलाएं सेमीफाइनल राउंड के लिए चुनी गई और ग्रैंड फिनाले में 10 को स्थान मिला। समारोह की मुख्य अतिथि आईएएस अधिकारी ऋतु सुहास और महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव थीं जबकि विशिष्ट अतिथि रिया सिंघा जो 2024 में मिस यूनिवर्स इंडिया चुनी गईथीं।

प्रतियोगिता में वाराणसी की प्रतिमा मिश्रा के सर पर मिसेज उत्तर प्रदेश क्वीन ऑफ वर्चू सीजन 3 का ताज सजा,वहीं शाहजहांपुर की प्रियंका राठौर फर्स्ट रनर अप रहीं और लखनऊ की ही शर्मिला मेहरा सेकंड रनर अप चुनी गई. इन तीनों विजयी प्रतिभागियों को मिसेज़ इंडिया 2024 में भाग लेने का मौका मिलेगा. इसके साथ ही विजेता को 51000 रुपये का नकद पुरस्कार भी दिया गया. प्रतियोगियों को जज करने के लिए नीलम हमदर्द,निखिल राना,मनीष राना और मौजूद थे।

मिसेज उत्तर प्रदेश की निदेशक और क्रीनीफाइड इंक की फाउंडर प्रीति यादव ने बताया कि संस्था ने बीते कई वर्षों में हजारों महिलाओं का रैंप पर आने का सपना साकार किया है।हम जो घरेलू महिलाएं हैं या हाउसवाइफ हैं उनमें आत्मविश्वास पैदा करते हैं उन्हें मंच देते हैं और एक सुनहरा भविष्य देते हैं. यह मंच सिर्फ उत्तर प्रदेश की महिलाओं के लिए है,इसमें चुने जाने वाली महिलाएं राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाली ब्यूटी कंपटीशन में भाग लेती हैं. उन्होंने बताया कि 5 साल से यह प्रतियोगिता लगातार हो रही है। इस दौरान मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होने आई मुख्य अतिथि आईएएस अधिकारी ऋतु सुहास ने कहा कि यह जो मंच है वे शादीशुदा महिलाओं के लिए है, जिनको अपने सपनों को पंख लगाने का मौका मिलता है और उनमें आत्मविश्वास बढ़ता है।ऐसी महिलाएं अपनी जिंदगी को एक नए सिरे से जी पाती है।

# सोशल ने चुनिंदा शहरों में नवरात्रि के लिए विशेष मेन्यू लॉन्च किया

**लखनऊ।** नवरात्रि प्रियजनों के साथ चिंतन, भक्ति और उत्सव मनाने का समय है। त्यौहार के अवसर को चिह्नित करने के लिए, सोशल सीमित समय के लिए नवरात्रि मेन्यू पेश कर रहा है, जो 30 मार्च से 7 अप्रैल तक दिल्ली एनसीआर, इंदौर, देहरादून, लखनऊ और चंडीगढ़ में उपलब्ध होगा। यह विशेष मेन्यू सोशल के सिग्नेचर ट्विस्ट के साथ पारंपरिक व्रत के स्वादों को एक साथ लाता है, जो त्यौहार मनाने वालों के साथ-साथ अनोखे त्यौहारी स्वादों को तलाशने और उनका आनंद लेने के इच्छुक मेहमानों के लिए, एक स्वादिष्ट और संतोषजनक अनुभव प्रदान करता है। मेन्यू के केंद्र में नवरात्रि थाली है, जो आलू जीरा-जीरे के साथ मसालेदार आलू, टमाटर की ग्रेवी में पनीर, कुरकुरे मखाने, व्रत-विशेष समक चावल, कुरकुरी फलाहारी पूरी, मलाईदार साबूदाना खीर और कुरकुरे साबूदाना वड़ा से युक्त एक पौष्टिक और स्वादिष्ट व्यंजन है, जिसे पापड़ के साथ परोसा जाता है। चाट का आनंद लेने वालों के लिए, आलू और



केले की टिक्की चाट ज़रूर आज़माना चाहिए, जिसे दही, टमाटर, गाजर, चुकंदर और तीखी चटनी से सजाया जाता है। नवरात्रि खिचड़ी, जिसे सामक चावल, घी, टमाटर और धनिया से बनाया जाता है, दही के साथ परोसा जाता है, यह एक आरामदायक और पौष्टिक विकल्प है। साबूदाना वड़ा को सुनहरा होने तक तला जाता है और पुदीने और नारियल की चटनी के साथ परोसा जाता है, जबकि कुट्टू पनीर पकौड़ा अंगूर और पुदीने की चटनी के साथ आता है। सोशल का नवरात्रि मेन्यू परंपरा और नवीनता का एक रमणीय संतुलन प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है, जो इसे एक अद्वितीय पाक अनुभव के साथ त्योहार मनाने की चाह रखने वालों के लिए एकदम सही जगह बनाता है।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने वित्त वर्ष 24-25 में 28 प्रतिशत वृद्धि के साथ अब तक का सर्वश्रेष्ठ वित्तीय प्रदर्शन दर्ज किया

**बैंगलोर।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज एक वित्तीय वर्ष में अपनी अब तक की सबसे अधिक बिक्री की घोषणा की। भारत में कंपनी की विकास यात्रा में यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। वित्त वर्ष 24-25 के दौरान, टीकेएम ने 3,37,148 गाड़ियां बेचीं, जो वित्त वर्ष 23-24 में बेची गई 2,63,512 गाड़ियों की तुलना में 28त्न की वृद्धि दर्ज करती है जो दो अंकों में है। यह उपलब्धि टीकेएम के दीर्घकालिक दृष्टिकोण की सफलता की पुष्टि करती है। यह ग्राहक-प्रथम दर्शन और बहुमुखी उत्पाद श्रृंखला लाइनअप पर आधारित है। कंपनी ने मार्च 2025 में भी मजबूत बिक्री की सूचना दी। इसमें 30,043 यूनिट्स की बिक्री की खबर थी। यह खबर पिछले साल की इसी अवधि में 27,180 गाड़ियों की बिक्री की तुलना में 11त्न की वृद्धि की थी। मार्च 2025 में कुल बिक्री में से, घरेलू बिक्री में 28,373 गाड़ियों का योगदान था, जबकि निर्यात में 1,670 यूनिट्स का योगदान था - जो सभी सेगमेंट में व्यापक वृद्धि को उजागर करता है। मजबूत प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, वरिंदर वाधवा, वाइस प्रेसिडेंट, सेल्स-सर्विस-यूज्ड कार बिजनेस एंड प्रॉफिट एन्हांसमेंट ने कहा, ऽएसयूवी एमपीवी और हाइब्रिड को लगातार और मजबूती से अपनाये जाने से विकास को बढ़ावा मिला है और मजबूत निर्यात गति तथा टियर II और टियर III शहरों में गहरी भागीदारी से इसे और बल मिला है - जो हमारे विविध उत्पाद पोर्टफोलियो की बढ़ती प्रासंगिकता को रेखांकित करता है। टी-केयर जैसी ग्राहक-केंद्रित पहल के साथ हमारे बहु-मार्ग दृष्टिकोण ने स्वामित्व यात्रा के हर चरण में हमें सार्थक मूल्य प्रदान करने के लिए हमें सशक्त बनाया है। बदले में, इसने हमारे लिए मजबूत अवसर पैदा किए हैं और आने वाले वर्ष के लिए एक ठोस आधार स्थापित किया है, यहां तक कि बढ़ती प्रतिस्पर्धा और बढ़ती उपभोक्ता अपेक्षाओं के बीच भी।

## सुश्री पूनम शर्मा ने वर्ष 2025-26 के लिए फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन की 42वीं राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार संभाला

**नई दिल्ली।** सुश्री पूनम शर्मा ने 31 मार्च, 2025 को 41वें वार्षिक सत्र में फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन (एफएलओ) की 42वीं राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार संभाला, जो फिक्की की महिला व्यवसायी शाखा और दक्षिण पूर्व एशिया का सबसे पुराना महिला-नेतृत्व वाला और महिला-केंद्रित व्यापार चैंबर है। एफएलओ की 42वीं राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में सुश्री पूनम शर्मा 2025-26 तक एक साल के कार्यकाल के साथ महिलाओं को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित करेंगी, जिससे उद्यमिता, उद्योग में भागीदारी और महिलाओं के आर्थिक विकास को बढ़ावा देने वाला सक्षम वातावरण तैयार होगा। उनके नेतृत्व में, एफएलओ भारत की औद्योगिक और आर्थिक विकास की कहानी में महिलाओं के बड़े योगदान को बढ़ावा देने की दिशा में कई हस्तक्षेप करेगा। स्नस्ह्र (स्नढ्ढष्टष्टढ्ढ लेडीज ऑर्गनाइजेशन) की स्थापना 1983 में फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (स्नढ्ढष्टष्टढ्ढ) के एक प्रभाग के रूप में की गई थी। स्नस्ह्र महिलाओं के लिए एक अखिल भारतीय मंच के रूप में कार्य करता है, जिसका मुख्यालय नई दिल्ली में है और पूरे भारत में इसके 20 अध्याय हैं, जो 13,000 से अधिक महिला उद्यमियों, पेशेवरों और कॉर्पोरेट अधिकारियों का प्रतिनिधित्व करते हैं - और यह संख्या बढ़ती जा रही है। स्नस्ह्र महिलाओं को नेतृत्व, कौशल विकास को बढ़ावा देकर और समावेशी आर्थिक विकास पथ के लिए विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच बनाकर सशक्त बनाता है। मेरे कार्यकाल के दौरान, स्नस्ह्र भारत की औद्योगिक और आर्थिक विकास की कहानी में महिलाओं के बड़े योगदान को बढ़ावा देने की दिशा में कई हस्तक्षेप करेगा। स्नस्ह्र की नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री पूनम शर्मा ने कहा। सुश्री शर्मा ने कहा कि उनका ध्यान महिलाओं की आवाज़ की शक्ति को धारणाओं को बदलकर और नीतियों को प्रभावित करके आगे की सोच वाली आर्थिक पहलों में बदलना होगा। सुश्री पूनम शर्मा स्वास्थ्य और कल्याण क्षेत्र में एक गतिशील उद्यमी हैं। आयुर्वेदिक उत्पादों की वैश्विक पैरोकार, वह बैद्यनाथ समूह से निकटता से जुड़ी हुई हैं, जो एक अग्रणी आयुर्वेदिक ब्रांड है जिसकी विरासत एक सदी से भी अधिक पुरानी है। अपनी व्यापक यात्राओं के माध्यम से, वह लोगों को आयुर्वेदिक दवाओं, टॉनिक और सौंदर्य प्रसाधनों के लाभों के बारे में बताती हैं और शिक्षित करती हैं। इसके अतिरिक्त, वह आयुर्वेद और मंत्र हर्बल्स की संस्थापक और निदेशक हैं। पूनम शर्मा वीरांगना फाउंडेशन के संचालन के लिए भी जिम्मेदार हैं, जो बुंदेलखंड में महिलाओं के कल्याण और उत्थान पर ध्यान केंद्रित करती है, जिसमें कौशल विकास और गरीबों को चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने पर जोर दिया जाता है। परोपकार और सामुदायिक सेवा के प्रति उनका समर्पण समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालने की उनकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

## सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) में अंडरग्रेजुएट प्रोग्रामों के लिए आवेदन का अंतिम अवसर

**नई दिल्ली।** सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) 12 अप्रैल 2025 को सिम्बायोसिस एंट्रेन्स टेस्ट 2025 और सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग एंट्रेंस एक्ज़ाम के रजिस्ट्रेशन बंद करने जा रही है।एसईटी और एसआईटीईईई दोनों एप्टीट्यूड आधारित, कम्प्यूटर बेस्ट टेस्ट हैं, जिनका संचालन सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) द्वारा सिम्बायोसिस संस्थानों में फुल टाईम यूजी प्रोग्रामों जैसे बीबीए, बीसीए, बीए, बीएससी और बीटेक में प्रवेश के लिए किया जाता है। उम्मीदवार दो बार तक टेस्ट दे सकते हैं, जिसमें से ज़्यादा स्कोर के आधार पर परसेंटाइल की गणना की जाती है। वे छात्र जो इन कोर्सेज़ में प्रवेश लेना चाहते हैं वे अंतिम दिनांक से पहले ऑफिशियल पोर्टल डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूडाटएसईटी-टेस्टडाटओआरजी के माध्यम से अपने ऐप्लीकेशन पूरे कर सकते हैं।सिम्बायोसिस एंट्रेंस टेस्ट के माध्यम से छात्र 11 जाने-माने अंडरग्रेजुएट संस्थानों में पुणे, नोएडा, नागपुर, बैंगलुरू और हैदराबाद कैंपस में विभिन्न विषयों जैसे मैनेजमेन्ट, मास कम्युनिकेशन, इकोनोमिक्स, अप्लाईड स्टेटिसटिक्स एवं डेटा साइसं, इन्फोर्मेशन टेक्नोलॉजी, स्पोर्ट एण्ड एक्सरसाइज़ साइसं, कम्प्यूटर ऐप्लीकेशन्स एवं लिबरल आर्ट्स में प्रवेश पा सकते हैं। प्रवेश परीक्षा 5 मई 2025 और 11 मई 2025 को होगी, परिणामों की घोषणा 22 मई 2025 को की जाएगी।सिम्बायोसिस एंट्रैंस टेस्ट और एसआईटी इंजीनियरिंग एंट्रैंस एक्ज़ाम में रजिस्टर करने के लिए उम्मीदवारों को डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूडाटएसईटी-टेस्टडाटओआरजी के ज़रिए 12 अप्रैल 2025 तक ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी करनी होगी। हर परीक्षा के लिए रु 2250 का नॉन-रिफंडेबल शुल्क तथा प्रति प्रोग्राम रु 1000 का शुल्क देना होगा। भुगतान ऑनलाईन या 'सिम्बायोसिस टेस्ट सेक्रेटेरियट' के नाम पर डीडी के ज़रिए किया जा सकता है।

## अमिताभ बच्चन विशेष लाइवस्ट्रीम के माध्यम से राम नवमी के पवित्र उत्सव को लाखों लोगों तक पहुंचाएंगे

**नई दिल्ली।** जियोहॉटस्टार भारत में लाइव स्ट्रीमिंग के अनुभव को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचा रहा है, जिससे लाखों लोग अपने पसंदीदा आयोजनों से आसानी से जुड़ पा रहे हैं। कोल्डप्ले के म्यूजिक ऑफ स्फेयर्स और महाशिवरात्रि द डिवाइन नाइट लाइवस्ट्रीम की जबरदस्त सफलता, जिसने लाखों दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया था, के बाद अब यह प्लेटफॉर्म 6 अप्रैल को सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक अयोध्या से विशेष लाइव स्ट्रीम के साथ दर्शकों के लिए राम नवमी के उत्सव को लाने के लिए तैयार है। समारोह में पद्म विभूषण श्री अमिताभ बच्चन राम कथा की भावपूर्ण कहानियाँ सुनाएंगे। सामुदायिक उत्सवों को टेक्नोलॉजी से जोड़ते हुए, यह लाइवस्ट्रीम जियोहॉटस्टार की सांस्कृतिक धरोहर को करीब लाने और लाखों दर्शकों के लिए एक यादगार अनुभव देने की प्रतिबद्धता दिखाता है।

# मुंबई में हुई शुरू भारत की पहली पोकेमॉन गो सिटी सफ़ारी

**मुंबई।** पोकेमॉन गो की भारत में पहली सिटी सफ़ारी शानदार सफलता के साथ संपन्न हुई, क्योंकि हज़ारों प्रशिक्षक मुंबई के प्रतिष्ठित स्थानों पर एकत्र हुए और खोजबीन और विशेष पोकेमॉन एनकाउंटर के रोमांच में डूब गए। मरीन ड्राइव, कार्टर रोड, गेटवे ऑफ़ इंडिया और नवी मुंबई जैसे ऐतिहासिक स्थलों से लेकर फ़ीनिक्स पैलेडियम तक, प्रतिभागियों ने शहर के जीवंत माहौल के साथ खेल का अनुभव किया। खेल की विशेषताओं, जैसे साड़ी पहने पिकाचु और कुर्ता पहने पिकाचु, ने इस एडवेंचर में एक अनूठा सांस्कृतिक स्पर्श जोड़ा।पोकेमॉन गो के इमर्जिंग मार्केट्स के प्रमुख रेफेल सिरेगर ने कहा, ÷हमने लोगों को एक साथ लाने के लिए वास्तविकता की शक्ति पर विश्वास किया है। यहाँ मुंबई में




पोकेमॉन गो कम्युनिटी की ऊर्जा और जुनून को देखना दरअसल हमारी पहल के साथ लोगों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा देना था। यह इस बात का प्रमाण है कि कैसे गेम वास्तविक दुनिया के कनेक्शन और अविस्मरणीय यादें बना सकते हैं।÷इस आयोजन का मुख्य आकर्षण फ़ीनिक्स पैलेडियम में आयोजित पोकेमॉन फ़िएस्टा था, जो 29 और 30 मार्च की गतिविधियों का केंद्र था। नियांटिक इंक के भारत प्रबंधक सुंदररामन रामलिंगम ने कहा, भारत पोकेमॉन गो के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है, और भारत के पहले पोकेमॉन गो सिटी सफारी में प्रशिक्षकों के इतनी जीवंत प्रतिक्रिया देखना अविश्वसनीय था। हम अपने भारतीय समुदाय के लिए इस तरह के और अधिक अनुभव लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, और मुंबई की सिटी सफारी बस इसकी शुरुआत है।

## बदलते मौसम के लिए आयुर्वेद पर आधारित हफ्ते भर का डाइट प्लान

**नई दिल्ली।** जब सर्दी का मौसम ख़त्म होता है और गर्मियां शुरू होती हैं, तो आयुर्वेद के हिसाब से हमें इस संधि कला के दौरान अपने खान-पान का खास ध्यान रखना चाहिए। इस समय हमारे शरीर के तीन दोष बिगड़ जाते हैं, जिससे हम बीमार पड़ सकते हैं। गर्म और सूखा मौसम वात को बढ़ाता है, जिससे शरीर में सूखापन, बेचैनी और सांस लेने में दिक्कत हो सकती है। वहीं, तापमान के बदलने से हमारा पाचन भी कमजोर हो जाता है, जिससे शरीर में ज़हरीले पदार्थ जमा होने लगते हैं और हमारी इम्युनिटी कम हो जाती है। इस चरण के दौरान अपनी सेहत को दुरुस्त बनाए रखने के लिए, हमें गर्म, अच्छी तरह से पके हुए भोजन के साथ शरीर को पोषण देना आवश्यक है। एक आयुर्वेद विशेषज्ञ के रूप में, मैं दैनिक आहार में घर का बना घी, वेजीटेबल सूप, मौसमी साग-सब्जियां और मुट्ठी भर बादाम जो प्राकृतिक प्रोटीन का बढ़िया स्त्रोत है, को शामिल करने की सलाह देती हूं।

# डब्ल्यूडब्ल्यूई सुपरस्टार्स ने रेसलमेनिया 41 से पहले क्लैश ऑफ़ क्लैंस पर किया कब्ज़ा



**लखनऊ।** टीकेओ ग्रुप होल्डिंग्स (एनवाइएसई टीकेओ) और सुपरसेल के मशहूर मोबाइल गेम क्लैश ऑफ़ क्लैंस का हिस्सा, जिसके दो बिलियन से ज़्यादा लाइफ़टाइम डाउनलोड हैं, ने आज एक नई पार्टनरशिप की घोषणा की है। इस पार्टनरशिप में डब्ल्यूडब्ल्यूई सुपरस्टार्स का एक रोस्टर अप्रैल के पूरे महीने में एक रोमांचक इन और आउट-गेम इवेंट का मुख्य आकर्षण होगा। नई पार्टनरशिप के तहत, निर्विवाद डब्ल्यूडब्ल्यूई चैंपियन कोडी रोड्स, रिया रिप्ले, द अंडरटेकर, बियांका बेलेयर और दूसरे डब्ल्यूडब्ल्यूई सुपरस्टार्स को क्लैश ऑफ़ क्लैंस की दुनिया के अंदर आइकॉनिक कैरेक्टर्स के रूप में फिर से तैयार किया जाएगा, जिसका समापन लास वेगास के एलीगेंट स्टेडियम में रेसलमेनिया 41 में एक एन्हांस्ड मैच स्पॉन्सरशिप के साथ होगा।फ़ैन्स, मंगलवार, 1 अप्रैल से क्लैश ऑफ़ क्लैंस में डब्ल्यूडब्ल्यूई सुपरस्टार्स का अनुभव कर सकेंगे, और पूरे महीने गेम में दिखाई देने वाली डब्ल्यूडब्ल्यूई -थीम वाले फ़ीचर्स का मज़ा ले सकेंगे। इसमें थीम वाले एन्वायरमेंट, गेमप्ले इवेंट, कॉस्मेटिक्स और ईस्टर एग्स शामिल हैं, जो डब्ल्यूडब्ल्यूई की समृद्ध विरासत को श्रद्धांजलि देते हैं। रोड्स ने कहा, ÷मैंने डब्ल्यूडब्ल्यूई में अपनी लिगेसी बनाने में सालों बिताए हैं, लेकिन अब फ़ैन्स के जानने का समय आ गया है कि मैंने अपनी ज़्यादातर जीतें क्लैश ऑफ़ क्लैंस में हासिल की हैं।÷ओवरलॉर्डरोड्स के रूप में, मैं बचाव नहीं करता, मैं जीत हासिल करता हूं। मेरे कमांड से गांव नष्ट हो जाएंगे और कोई भी विरोधी कुचल दिया जाएगा। ये रिंग में निष्पक्ष खेलने वाला गेम नहीं है, ये युद्ध के मैदान पर राज करने वाला गेम है। रेसलमेनिया 41 की तरह ही, मैं सिर्फ़ एक लक्ष्य के साथ मैदान में उतर रहा हूं - जीत। मैंने इस पल का लंबे समय से इंतज़ार किया है और अब जब मैं आ गया हूं तो मुझे कोई नहीं रोक सकता।

# केनस्टार ने लॉन्च किया बीएलडीसी मैक्स, कूलिंग में क्रांति लाने वाला नया समाधान




**लखनऊ।** भारत में एयर कूलर बाजार के अग्रणी ब्रांड केनस्टार ने अपने नए और उन्नत बीएलडीसी मैक्स कूलिंग समाधान को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह आधुनिक तकनीक से लैस है और इसे केनस्टार के हाल ही में लॉन्च हुए एयर कूलर रेंज में शामिल किया गया है। इस नई तकनीक की खासियत इसकी बेहतरीन फंक्शनलिटी, लंबी उम्र और भारतीय परिवारों के लिए अधिक भरोसेमंद प्रदर्शन है। इस लॉन्च के साथ, केनस्टार एक प्रभावशाली कैंपेन लेकर आ रहा है, जिसमें राजकुमार राव और पत्रलेखा के साथ 'टेकी बॉय' भी शामिल होगा, जो एनिमे से प्रेरित एक कैरेक्टर है और भविष्य की सोच, दक्षता और पर्यावरण-संवेदनशीलता का प्रतीक है। यह कैंपेन पर्यावरण के अनुकूल और किफायती तकनीक के जरिए गर्मियों को अधिक आरामदायक और स्मार्ट बनाने के केनस्टार के संकल्प को दर्शाता है। साथ ही, यह ब्रांड और भारतीय ग्राहकों के बीच मजबूत संबंध को और गहरा करता है।

बीएलडीसी (ब्रशलेस डायरेक्ट करंट) तकनीक से लैस बीएलडीसी मैक्स बिजली की 60 प्रतिशत तक बचत करता है, जिससे यह पर्यावरण के अनुकूल और लागत प्रभावी विकल्प बन जाता है। यह नमी को नियंत्रित करने में भी बेहद प्रभावी है, जिससे हर मौसम में बेहतरीन आराम मिलता है। इसके अल्ट्रा-क्वाइट ऑपरेशन की वजह से यह घरों और ऑफिस दोनों के लिए एक बेहतरीन विकल्प है। 5 साल की मोटर वारंटी और 3 साल की पंप वारंटी के साथ, यह कूलर बेहद गर्मी में भी लगातार शानदार प्रदर्शन देने की गारंटी देता है।

केनस्टार के सीईओ सुनील जैन ने कहा, केनस्टार आज के उपभोक्ताओं की तेजी से बदलती जरूरतों को समझता है। अब ग्राहक सिर्फ कार्यक्षमता ही नहीं, बल्कि बेहतरीन डिज़ाइन और अत्याधुनिक तकनीक भी चाहते हैं। केनस्टार हमेशा से उच्च गुणवत्ता, आकर्षक डिज़ाइन और टिकाऊपन का प्रतीक रहा है। हमारे नए बीएलडीसी मैक्स एयर कूलर इस उद्योग और हमारे ग्राहकों के लिए एक बड़ा बदलाव साबित होंगे।


जासूसी

## राजकुमार राव और पत्रलेखा पेश करेंगे स्मार्ट समर के लिए एक अनूठा कैंपेन

## नई निसान मैग्नाइट से निसान के विकास को मिली गति

**गुरुग्राम।** निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड भारत में लगातार एवं सतत विकास हासिल कर रही है। पिछले सात साल में कंपनी के लिए वित्त वर्ष 2024-25 सबसे शानदार प्रदर्शन वाला साल रहा है। घरेलू वाहन उद्योग में कई तरह की चुनौतियों के बावजूद कंपनी ने यह विकास दर्ज करने में सफलता पाई है। वित्त वर्ष 2024-25 में नई निसान मैग्नाइट ने कंपनी की सफलता में महत्वपूर्णभूमिका निभाई। यह मॉडल निसान के घरेलू बिजनेस प्लान का मुख्य स्तंभ और निर्यात परिचालन का अहम हिस्सा रहा है। अक्टूबर, 2024 में नई निसान मैग्नाइट की पेशकश के दम पर वित्त वर्ष 2024-25 में निसान मोटर इंडिया ने घरेलू बाजार में 28,000 से ज्यादा कारें बेचीं। भारत में बी-एसयूवी सेगमेंट में वैकल्पिक ईंधन वाले वाहनों की ओर उपभोक्ताओं के बढ़ते रुझान के बावजूद कंपनी ने यह शानदार प्रदर्शन किया है।

# कलर्स रिश्ते 1 अप्रैल से डीडी फ्री डिश पर उपलब्ध हुआ - पाइए असीमित मनोरंजन




**नई दिल्ली।** कलर्स रिश्ते 1 अप्रैल से दर्शकों के लिए भारतीय टीवी के सबसे लोकप्रिय शोज़ डीडी फ्री डिश चैनल नंबर 50 पर निशुल्क प्रसारित कर रहा है। दर्शक नागिन, नागिन - इन्साफ की जंग, ससुराल सिमर का, ससुराल सिमर का - एक नया अध्याय, डोरी, खतरा खतरा खतरा, महाकाली - अंत ही आरंभ है, और महावीर हनुमान जैसे शोज़ फिर से देख सकेंगे।

कलर्स रिश्ते भारत के लाखों टीवी दर्शकों के लिए अपने लोकप्रिय शोज़ भारत के सबसे बड़े फ्री-टू-एयर प्लेटफ़ॉर्म डीडी फ्रीडिश पर पेश कर रहा है। ये प्रोग्राम 1 अप्रैल से चैनल नंबर 50 पर मुफ़्त में देखे जा सकेंगे। ये लोकप्रिय शोज़ तीन साल के अंतराल के बाद फिर से टीवी पर प्रसारित हो रहे हैं, जो एक बार फिर पूरे देश के दर्शकों का दिल जीतने के लिए तैयार हैं। सुपरनैचुरल, फैंटेसी, फैमिली ड्रामा, माइथोलॉजी, और रियलिटी की शैलियों में कलर्स रिश्ते के विविध प्रोग्राम एक बार फिर घर-घर में लोकप्रिय हो जाएंगे।

कलर्स रिश्ते एक बार फिर अपने प्रोग्राम की विस्तृत श्रृंखला पेश करने के लिए तैयार है, जो कभी भारत में लाखों दर्शकों के दिलों पर राज करते थे। मौनी रॉय और अर्जुन बिजलानी अभिनीत रोमांचक नागिन और सुरभि ज्योति, अनीता हसनंदानी एवं करिश्मा टन्ना अभिनीत नागिन - इंसाफ की जंग दर्शक देख सकेंगे। यह चैनल लोकप्रिय फैमिली ड्रामा 'ससुराल सिमर का' भी लेकर आया है, जिसमें अविका गोर और दीपिका कक्कड़ ने मुख्य भूमिकाएं निभाई हैं। इसके अलावा, दर्शक राधिका मुथुकुमार और अविनाश मुखर्जी अभिनीत ससुराल सिमर का - एक नया अध्याय भी देख सकेंगे। साथ ही, दर्शकों को अमर उपध्याय, सुधा चंद्रन, तोरल रासपुत्रा और माही भानुशाली अभिनीत दिलचस्प सोशल ड्रामा डोरी भी देखने को मिलेगा। वहीं खतरा खतरा खतरा उनका रोमांच और बढ़ा देगा। इसमें हर्ष लिम्बाचिया, भारती सिंह और फराह खान ने मुख्य भूमिकाएं निभाई हैं।

## फीनिक्स यूनाइटेड वुमेंस प्रीमियर लीग - सीजन 4 का शानदार समापन



**लखनऊ।** फीनिक्स यूनाइटेड वुमेंस प्रीमियर लीग इनडोर क्रिकेट टूर्नामेंट में शहर के स्कूल, कॉलेज और क्लब की महिलाओं ने हिस्सा लिया। 8 मार्च से 30 मार्च 2025 तक तक चले इस रोमांचक मुकाबले में स्कूल कैटेगरी में जीजीआईसी, इंदिरा नगर, कॉलेज कैटेगरी में एसआरके कॉलेज और क्लब कैटिगरी में ज्योति क्लब विजेता बने। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए पूर्व भारतीय खिलाड़ी ज्ञानेंद्र पांडे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस टूर्नामेंट में हर कैटेगरी की विजेता टीम को इनाम की धनराशि, शानदार ट्रॉफी और पहली व दूसरी रनर-अप टीमों को भी ट्रॉफी दी गई। वहीं रनरअप के स्कूल कैटेगरी में जीआरजीसी स्कूल, कॉलेज कैटेगरी में नवयुग कॉलेज और क्लब कैटिगरी में एनआर एकेडमी उपविजेता रहे। हर टीम के सभी खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

खेल का आनंद उठाने के साथ-साथ दर्शकों ने फीनिक्स यूनाइटेड मॉल में खरीदारी का भी भरपूर आनंद ले सकेंगे। क्रिकेट के जोश के साथ शॉपिंग और खाने-पीने की मजेदार सुविधाओं ने पूरे माहौल को और भी खास रहा। फीनिक्स मिल्स के सीनियर सेंटर डायरेक्टर श्री संजीव सरीन ने इस मौके पर कहा, ÷यह टूर्नामेंट सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि महिला खिलाड़ियों के आत्मविश्वास और खेल कौशल को आगे बढ़ाने का एक शानदार मंच है। हमें गर्व है कि हमने इस आयोजन को सफलतापूर्वक किया। यह सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं, बल्कि महिलाओं के क्रिकेट कौशल और खेल भावना को निखारने का एक बेहतरीन मंच है।

## Paytm Travel ने किया Travel Pass सब्सक्रिप्शन लॉन्च, जिसमें मुफ्त रद्दीकरण, बीमा, और 15,200 तक की सीट बुकिंग छूट शामिल

**नई दिल्ली।** Paytm (One97 Communications Limited), भारत की प्रमुख भुगतान और वित्तीय सेवा वितरण कंपनी और त्तक्र कोड्स, साउंडबॉक्स और मोबाइल भुगतान की प्रर्वतक, ने Paytm Travel Pass लॉन्च किया है, जो एक सब्सक्रिप्शन-आधारित पेशकश है जो अक्सर यात्रा करने वालों और व्यावसायिक यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण बचत और सुविधा प्रदान करता है। 1,299 में उपलब्ध, इस पास में मुफ्त रद्दीकरण, यात्रा बीमा, और 15,200 तक की सीट बुकिंग छूट शामिल है, जो इसे यात्रा करने वालों के लिए एक किफायती विकल्प बनाता है।

Paytm Travel Pass चार बार लागू होने वाले मुफ्त लाभ प्रदान करता है, जिससे यह उन लोगों के लिए आदर्श है जो अक्सर यात्रा करते हैं। इसमें मुफ्त घरेलू उड़ान रद्दीकरण शामिल है, यह सुनिश्चित करते हुए कि यात्रा योजनाएं बदलने पर कोई पैसा न खो जाए, साथ ही यात्रा बीमा कवरेज भी है, जो सामान की हानि, उड़ान में




देरी और अन्य अप्रत्याशित व्यवधानों से सुरक्षा प्रदान करता है, जिससे समग्र यात्रा अनुभव में सुधार होता है।

Paytm Travel Pass पास में घरेलू उड़ानों के लिए सीट चयन पर ?150 की छूट भी शामिल है, जिससे यात्रियों को उनकी पसंदीदा सीटों का चयन करने के लिए अतिरिक्त आराम मिलता है। चाहे खिड़की की सीट का चयन हो या आइल सीट का चयन, यह लाभ समग्र यात्रा अनुभव को बढ़ाता है। तीन महीने की वैधता के साथ, पास कई यात्राओं के लिए बदलाव की सुविधा प्रदान करता है, जिससे यात्रियों को परिवर्तनीय किरायों और रद्दीकरण शुल्क से बचने में मदद मिलती है।

Vikash Jalan, CEO - Paytm Travel ने कहा, हम अक्सर यात्रा करने वालों और व्यावसायिक यात्रियों के बढ़ते वर्ग को लक्षित कर रहे हैं, जिससे लागत में बचत, बदलाव की सुविधा और अतिरिक्त यात्रा सुरक्षा की पेशकश की जा रही है। Paytm Travel Pass के साथ, घरेलू यात्रियों को सीट छूट, मुफ्त रद्दीकरण और यात्रा बीमा का लाभ मिलेगा, जिससे वित्तीय लचीलापन और मानसिक शांति प्राप्त होगी। यह पहल समग्र यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने वाले अभिनव समाधान प्रदान करने के हमारे दृष्टिकोण के अनुरूप है।

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में मेधावी छात्रों ने लहराया सफलता का परचम

## बीएम पब्लिक स्कूल में आयोजित रहा पुरस्कार वितरण कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता

**रामकोला, कुशीनगर।** स्थानीय नगर के उर्दहां स्थित बीएम पब्लिक स्कूल प्रांगण में हुनर की खोज, प्रतिभा का सम्मान के तहत मंगलवार को पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सामान्य ज्ञान के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि रहे रामकोला विधायक विनय प्रकाश गौंड ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों की प्रतिभा का विकास होता है। ये बच्चे आगे चलकर शिक्षा के क्षेत्र में नई क्रांति लाएंगे। इन्हीं के बदौलत ही समाज में परिवर्तन भी लाया जा सकता है। इस लिए कहा जाता है कि आज के बच्चे कल के भविष्य है और बेटियां दो कुल की जननी।

मुख्य अतिथि ने इतने बड़े कार्यक्रम का आयोजन देख विद्यालय के डायरेक्टर व विद्यालय परिवार को बधाई दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे नगर पंचायत रामकोला के चेयरमैन प्रतिनिधि सतीश कुमार चौधरी व नगर पंचायत मथौली के चेयरमैन नवरंग सिंह ने संयुक्त रूप से बच्चों की सराहना करते हुए कहा कि इन बच्चों के अंदर जो प्रतिभा निखर सामने आई है, आगे चलकर देश व प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में सर्वाधिक अंक लाने वाले कक्षा दो के छात्र सार्थक मद्धेशिया को प्रथम पुरस्कार साईकिल व मेंडल देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार कक्षा तीन के छात्र मोहम्मद साद को द्वितीय स्थान लाने पर कुलर व मेंडल तथा तृतीय स्थान कक्षा एक की छात्रा कुमारी प्रथा को पुरस्कृत किया गया। साथ ही इनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। कुल मिलाकर ग्रुप एक में 19 मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों को विद्यालय के संरक्षक हरे राम शर्मा ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। देर शाम तक सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही विद्यालय की प्रबंधक कुमकुम देवी शर्मा द्वारा सभी अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन काली पांडे ने किया। इस मौके पर ग्रुप ए में 30 ग्रुप बी में 29 व ग्रुप सी में 33 यानी कुल 92 बच्चों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर खंड शिक्षादिकारी रामकोला राजेश कुमार, अधिशाषी अधिकारी मथौली सर्वेश कुमार श्रीवास्तव, श्रीराम कुशवाहा, राधेश्याम दीक्षित सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।



प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सार्थक मद्धेशिया को साईकिल पुरस्कृत करते विधायक विनय प्रकाश गौंड

### सर्वाधिक अंक पाने वाले मेधावी

**ग्रुप ए -** प्रथम स्थान सार्थक मद्धेशिया, क्लास 2, द्वितीय स्थान मोहम्मद साद, क्लास 3 व तृतीय स्थान प्रथा कुमारी क्लास एक **ग्रुप बी -** प्रथम स्थान नम्रता क्लास 6, द्वितीय स्थान शिवम चौहान क्लास 4, तृतीय स्थान अंश पांडेय क्लास 5 **ग्रुप सी -** प्रथम स्थान अनुष्का पासवान क्लास 9, द्वितीय स्थान रेणुका क्लास 7 व तृतीय स्थान आयुष कुमार क्लास 7

### वैज्ञानिक, डॉक्टर और आईएएस बनना चाहते है मेधावी

सम्मानित हुए मेधावी छात्रों में कोई वैज्ञानिक, कोई डॉक्टर तो आईएएस अधिकारी बनना चाहते है। इसमें ग्रुप ए के मेधावी व प्रथम स्थान लाने वाले सार्थक मद्धेशिया वैज्ञानिक बनना चाहता है। इसी प्रकार मोहम्मद साद डॉक्टर और प्रथा आईएएस अधिकारी बन देश सेवा की बात कह रही है। इसी तरह से ग्रुप बी के मेधावी नम्रता, शिवम व अंश तथा ग्रुप सी के अनुष्का, रेणुका व अंश भी डॉक्टर, वैज्ञानिक, इंजीनियर व बड़ा अधिकारी बनकर माता पिता, स्कूल व देश प्रदेश का नाम रोशन करना चाह रहे है।

# अकीदत के साथ पढ़ी गई ईद उल फितर की नमाज गले मिलकर एक दूसरे को दी मुबारकबाद

## सोशल मीडिया पर खूब चला एक दूसरे को मुबारकबाद देने का सिलसिला

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** ईद-उल-फित्र का त्यौहार सोमवार को पूरे जनपद में परम्परागत ढंग के साथ मनाया गया। ईदगाहों व मस्जिदों में ईद की सामूहिक नमाज अदा की गई और उसके बाद सभी ने एक दूजे को मुबारकबाद दी। फिर सेवइयां व तरह-तरह के पकवानों के खाने - खिलाने का दौर शुरू हुआ, जो काफी रात बीतने तक जारी रहा।

इस मौके पर प्रशासन की ओर से सुरक्षा के चौकस इंतजाम किए गये थे। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी दिन भर भ्रमणशील रहे और पल - पल के कुशलक्षेम की जानकारी हासिल करते रहे। सायंकाल जब यह त्यौहार सकुशल निपट जाने की खबरें जिले के सभी थाना क्षेत्रों से मिली तो सभी ने राहत की सांस ली। बता दें कि रविवार की शाम को चांद दिखने के साथ ही मुसलमान परिवारों में खुशी की लहर दौड़ गई थी और सभी ईद मनाने की तैयारियों में जुट गए थे। सोमवार को सबेरे 7 बजते ही अकीदतमंद मुसलमान भाई रंग बिरंगे नए परिधानों में सज संवर कर सिर पर विभिन्न प्रकार के टोपी धारण किए ईदगाहों व मस्जिदों की ओर निकल पड़े। सामूहिक नमाज अदा होने के बाद सभी ने एक दूजे को खुशी के इस त्यौहार की मुबारक बाद भी दी। प्रशासन के द्वारा इस मौके पर सुरक्षा के बेहतर इंतजाम किए गए थे तथा पुलिस के मोबाइल दस्ते अपने आला अधिकारियों को पल-पल की स्थिति से अवगत करा रहे थे। पडरौना नगर में स्थित हथिसार मोहल्ला , नौका टोला, जमालपुर, छावनी, मुफ्ती शहीद स्थित ईदगाहों पर पेश ईमाम के साथ अकीदतमंदों ने सामूहिक नमाज अदा की और दुआ के बाद एक दूजे को मुबारकबाद दी। नमाज के दौरान खुतबा से पूर्व पडरौना जामा मस्जिद के पेश ईमाम मुफ्ती रजाऊल मुस्तफा ने कहा कि एक माह भूखे-प्यासे रहकर हर बुरी चीजों से परहेज करते हुए मुसलमानों के लिए यह खुशी का त्यौहार आता है।

रमजान माह प्यार और अमन का ऐसा पैगाम देता है, जिससे नफरत मिटे व हर तरह के भेदभाव की खाई पट जाए। रमजान उन तमाम अमीरों को भूखे-प्यासे रह गरीबों के दर्द का एहसास करता है और दुनिया को एक सूत्र में पिरोता है, क्योंकि यही वह बाबरकत का महीना है, जिसमें कुरान शरीफ नाजिल किया गया। उन्होंने सभी से आपसी भाईचारा के साथ इस त्योहार को मनाने पर जोर दिया साथ ही गरीबों व मिश्किनों का हक अदा करने की बात कही। ईद उल फितर की नमाज जिले के कसया, हाटा, खड्डा, तमकुहीराज, सेवरही, फाजिलनगर, रामकोला मथौली, सुकरौली, लक्ष्मीपुर, नरायनपुर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।



मुल्क की सलामती व अमन चैन की दुआ मांगते मुस्लिम समाज

### बच्चों में दिखा गजब का जोश

ईद के दिन सबसे अधिक उत्साह बच्चों में देखा गया। ईद की नमाज खत्म होते ही बच्चे अपने साथियों और दोस्तों के साथ त्योहार की खुशियां बांटते नजर आए। ईदी के रूप में मिले रुपयों को बच्चों ने झूले व खानपान पर खर्च किए।

### दिन भर चला दावतों का दौर

ईद की नमाज के बाद शहर भर में दावतों का दौर चलता रहा। शहर की मुस्लिम बस्तियों में लोगों का लगातार आना-जाना रहा। इस खास दिन लोगों ने सेवई के साथ ही अन्य पकवानों का लुत्फ उठाया।

### डीएम व एसपी ने निरीक्षण कर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने ईद-उल-फितर की नमाज के दृष्टिगत डबल फाटक स्थित बड़ी ईदगाह और अन्य मस्जिदों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

यह निरीक्षण ईद के त्योहार के दौरान शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए किया गया। ईद-उल-फितर के दृष्टिगत शांति/सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु ड्यूटी में लगे अधिकारी/कर्मचारीगणों को शांति व सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत लगातार सतर्क/मुस्तैद रहकर ड्यूटी सम्पादित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### तेज बाइक सवार युवक गंभीर रूप से हुआ घायल

**महराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के इन्हौना रोड पर नशे में धुत तेज गति से चला रहा एक बाइक सवार और उसकी पत्नी गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए, स्थानीय लोगों की मदद से पहुंची एंबुलेंस पर लाद कर उसे सीएचसी ले जाया गया, जहां पति की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। आपको बता दें कि, घटना कोतवाली क्षेत्र के मऊ गांव की है। सोमवार की देर शाम इन्हौना रोड पर स्थित बड़े बाबा के पास महराजगंज की ओर से आ रहे नशे में धुत एक तेज रफ्तार बाइक सवार दद्दू रैदास (40) पुत्र ईश्वर दीन हादसे का शिकार हो गया।

# अग्निकांड से बचाव के संबंध में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने जारी की एडवाइजरी

## डीएम ने की जनता से अपील, पराली जलाने से बचें किसान

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** तेजी से बढ़ रही गर्मी के दृष्टिगत संभावित अग्नि काण्डो से बचाव को लेकर जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण विशाल भारद्वाज ने समस्त जनपदवासियों/ जनमानस से बचाव हेतु अपील करते हुए सचेत किया कि गर्मी बढ़ने के साथ ही अग्निकाण्ड की घटनाएं भी प्रारम्भ हो गई हैं। गर्मी के दिनों में जब तेज पछुआ हवा चलती है तो गांवों में अग्निकांड की घटनाएं बड़े पैमाने पर घटित होती हैं जिसके फलस्वरूप हमारे घर, खेत, खलिहान एवं जान-माल को भारी क्षति पहुंचती है। बहुत छोटी-छोटी सावधानियां अपनाकर हम अग्निकांड की घटनाओं को रोक सकते हैं। इस सम्बन्ध में बताया कि रसोई घर यदि फूस का हो तो उसकी दीवाल पर मिट्टी का लेप अवश्य लगा दें। रसोई घर की छत ऊंची रखी जाए। आग बुझाने के लिए घर में बोरे में भरकर बालू अथवा मिट्टी तथा दो बाल्टी पानी अवश्य रखें। हवन आदि का काम सुबह नौ बजे से पहले सम्पन्न कर लें। शार्ट सर्किट की आग से बचने के लिए बिजली वायरिंग की समय पर मरम्मत करा लें। मवेशियों को आग से बचाने के लिए मवेशी घर के पास पर्याप्त मात्रा में पानी का इंतजाम रखें एवं उनकी निगरानी अवश्य करते रहें। गर्मियों में दिन का खाना 09 बजे सुबह से पूर्व बना लें तथा रात का खाना शाम 06 बजे के बाद बनाएं। बिजली के ढीले तारों से निकली चिंगारी भी आग लगने का कारण बन जाती है, इसलिए जहां कहीं भी ढीले तार दिखें उसकी सूचना बिना देर किए बिजली विभाग को दें। आग लगने पर सर्व प्रथम समुदाय के सहयोग से आग बुझाने का प्रयास करें। आवश्यकता होने पर आग बुझाने के लिए फायर बिग्रेड नं.- 101/100 एवं प्रशासन को तुरंत सूचित करें। अगर कपड़ों में आग लगे तो जमीन पर लेटकर या लुढ़क कर उसे बुझाने का प्रयास करें। खुद के साथ अपने पड़ोसियों को भी सर्तक करें। अग्निकांड की घटनाओं की जानकारी व रोकथाम/बचाव हेतु फायर बिग्रेड न0-101/100, मुख्य अग्निशमन अधिकारी-9454418378,फायर स्टेशन रविन्द्र नगर संपर्क न0-9454418801, तमकुहीराज-9454418805, खड्डा-944418803, कप्तानगंज-8299700618, विद्युत विभाग कुशीनगर कन्ट्रोल रुम नम्बर-7054177824, जिलाधिकारी कार्यालय स्थित कन्ट्रोल रुम टोलफ्री न0-1077, 05564-240590 पर संपर्क करें।

# एडीशनल कक्ष निर्माण में गड़बड़ी मिलने पर फर्म एजेंसी को नोटिस

## वार्ड नंबर 2 में परिषदीय विद्यालय में बन रहा है एडिशनल कक्ष

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कस्बे के विभिन्न वार्डो में आंगनबाड़ी व एडिशनल कक्ष का निर्माण चल रहा है। इसमें मानक को दरकिनार कर निर्माण कराया जा रहा है। ऐसा ही एक मामल वार्ड नंबर 2 का है जहां परिषदीय विद्यालय में एडिशनल कक्ष का निर्माण चल रहा है जिसमें नींव गहराई से न खुदाई कर ऊपर से ही कराया जा रहा था, इसके अलावा सफेद बालू का धड़ल्ले से प्रयोग की शिकायत पर जांच में मिली गड़बड़ी के आधार पर नगर पंचायत कार्यालय द्वारा संबंधित फर्म एजेंसी को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। बता दें कि नगर पंचायत मथौली में इन दिनों सीसी रोड नाली, परिषदीय विद्यालयों में चारदीवारी तथा अतिरिक्त कक्ष सहित अनेक विकास की परियोजनाओं पर निर्माण चल रहा है। जिसमें वार्ड नंबर 2 के परिषदीय विद्यालय में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण चल रहा है। वहीं वार्ड नंबर 3 में भी अतिरिक्त कक्ष की चारदीवारी का निर्माण कार्य हो रहा है। वार्ड नंबर 2 में अतिरिक्त कक्ष के निर्माण में मिली गड़बड़ी पर खंड शिक्षाधिकारी मोतीचक राजेश कुमार ने पहुंचकर अतिरिक्त कक्ष निर्माण गड़बड़ी को लेकर नगर अध्यक्ष से अवगत कराया जहां चेयरमैन ने भवन के अतिरिक्त कक्ष के नींव को नए सिरे से निर्माण कराने हेतु फर्म एजेंसी को निर्देशित किया। इस सम्बन्ध में जेई कृष्ण कुमार मद्धेशिया ने बताया निर्माण एजेंसी को गड़बड़ी मिलने पर नोटिस जारी किया गया है। बता दें कि नगर पंचायत में विभिन्न योजनाओं के तहत निर्माण कार्य तेजी कराया जा रहा है लेकिन ठीकेदारों द्वारा मनमानी तरीके से निर्माण कराया जा रहा है। एक भी निर्माण मानक के अनुसार नहीं कराया जा रहा है, जिससे सरकारी धन का खूब बंदरबांट किया जा रहा है।

# जिले में 2.86 लाख किसानों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** आशीष कुमार उप कृषि निदेशक ने अवगत कराया है कि प्रदेश के सभी किसानों के लिए शासन द्वारा फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराने की तिथि 30 अप्रैल 2025 तक बढ़ा दी गई है। जनपद के सभी किसान भाई अपनी फार्मर रजिस्ट्री इस अवधि तक सहज जन सेवा केंद्र अथवा उनकी ग्राम पंचायत में लगने वाले कैंपों में करा सकते हैं।

कैंपों में आधार कार्ड व खतौनी लेकर पहुंचने पर कृषि विभाग के कर्मचारियों द्वारा पहले किसानों की ई-केवाईसी की जाएगी। इसके पश्चात लेखपाल द्वारा अपने मोबाइल ऐप से किसान की भूमि जोड़ी जाएगी और उनकी फार्मर रजिस्ट्री तैयार की जाएगी। किसान यदि चाहे तो गूगल प्ले स्टोर से या मोबाइल ऐप डाउनलोड कर उसके माध्यम से स्वयं भी अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। इस कार्य में वृहद स्तर पर आ रही नाम मिसमैच एवं अन्य समस्याओं का निराकरण किया गया है जिसके कारण विगत 15 दिनों से फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने की प्रक्रिया में तीव्र गति देखी गई है। शासन द्वारा कैंप मोड में 01 अप्रैल से 30 अप्रैल 2025 तक फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने के निर्देश जारी किए गए हैं जिसके अनुसार सभी तहसीलों द्वारा रोस्टर तैयार कर कैंप आयोजित किए गए हैं। जिला प्रशासन द्वारा एक बार पुनः सभी किसान भाइयों से अपील की जाती है कि वह उक्त तिथि तक अपनी फार्मर रजिस्ट्री तैयार करा लें, अन्यथा की दशा में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना समेत अन्य सरकारी योजनाओं के लाभ से उन्हें वंचित होना पड़ेगा।

**30 अप्रैल तक फार्मर रजिस्ट्री तैयार न होने की दशा में बंद हो जाएगी योजनाएं**

### अंबेडकर सेवा समिति तिवारीपुर का हुआ गठन

**अमेठी/संग्रामपुर।** संविधान निर्माता बोधिसत्व बाबा साहब डॉ अम्बेडकर की 134वीं जयंती के आयोजन को लेकर सोमवार को तिवारीपुर -करनाईपुर में ग्राम वासियों की बैठक हुई।

बैठक में अम्बेडकर सेवा समिति की इकाई का गठन किया गया और 14 अप्रैल को रामलीला मैदान अमेठी में जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में शिवचरण कोरी को अध्यक्ष, रामसजीवन को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुरेश कुमार को उपाध्यक्ष, जमुना प्रसाद शर्मा को महामंत्री, भीमराज कोरी को संगठन मंत्री बनाया गया है। दिलीप कुमार को कोषाध्यक्ष पद और राम जी कनौजिया को प्रचार मंत्री पद की जिम्मेदारी दी गई है। विजय कुमार शर्मा, कामता प्रसाद निर्मल, राजेश कनौजिया,राम लगन शर्मा, राहुल,राजू और अखिलेश कुमार को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।

### उच्च प्राथमिक विद्यालय में चोरों ने किया हाथ साफ

**तरकुलवा देवरिया।** जनपद के तरकुलवा थाना अंतर्गत ग्राम सभा भरौटा के उच्च प्राथमिक विद्यालय में ईद और नवरात्रि प्रथम दिन की छुट्टी का फायदा चोरों ने उठाया। विद्यालय का ताला तोड़कर मिड डे मील में उपयोग होने वाले बर्तन गैस व चूल्हा के साथ वहां पर रखे अन्य वस्तुओं पर चोरों ने हाथ साफ कर लिए। सुबह जब विद्यालय के प्रधानाध्यापक विद्यालय पहुंचे उन्होंने देखा कि विद्यालय के रसोईघर का ताला टूटा हुआ है। जिसकी सूचना प्रधानाध्यापक ने ग्राम प्रधान राधेश्याम गुप्ता को दिए। ग्राम प्रधान के नेतृत्व में प्रधानाध्यापक तहरीर लेकर के स्थानीय थाना तरकुलवा पर दिए।


## कार्यालय ग्राम पंचायत- बगहवा वि.खं. शोहरतगढ़, जनपद-सिद्धार्थनगर

पत्रांक : मेमो/25-26 दिनांक 01.04.2025

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत बगहवा विकास खण्ड शोहरतगढ़ द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/चौदहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि/निर्मल भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मौरंग,पेंट, वायरिंग, पत्थर बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, सोलर लाइट, सेनिटाइजर एवं विषाणु रोधक मास्क से संबंधित इत्यादि की आपूर्ति निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा 09.04.2025 को 02:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा व वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत बगहवा के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर राशि मूल्य 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्ते -**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत की जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य बीडीसी, जिला पंचायत, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायगी। उक्त आशय की नोटरी, शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
14. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत बगहवा के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत बगहवा कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
17. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत बगहवा के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान-सरिता मिश्र**
**ग्रा.पं. बगहवा**
**वि.खं. शोहरतगढ़**

**सचिव- राम स्वरूप गुप्ता**
**ग्रा.पं. बगहवा**
**वि.खं. शोहरतगढ़**


# डीएम ने बच्चों को तिलक लगाया, बांटे स्कूल बैग

## नव प्रवेशी बच्चों के स्वागत के स्कूल चलो अभियान की भव्य शुरुआत हुई

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** नव प्रवेशी बच्चों के स्वागत के साथ मंगलवार को स्कूल चलो अभियान का भव्य शुभारंभ हुआ। जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि और जिला अधिकारी ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच स्कूल चलो अभियान का आगाज किया।

स्कूल चलो अभियान के तहत ज्यादा से ज्यादा बच्चों का नामांकन स्कूलों में कराएं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2024-25 में जनपद अमेठी के 1570 विद्यालयों में 148000 बच्चे पंजीकृत थे, आज 1 अप्रैल से नया सत्र प्रारंभ हुआ है जिसके तहत नए बच्चों का नामांकन प्रारंभ हो गया है। डी एम निशा अनंत ने कहा कि स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन कराएं और अभिभावकों से सहयोग लेते हुए स्कूल में छोटे बच्चों के लिए आनंददाई शिक्षा का वातावरण तैयार करें। उन्होंने बच्चों को स्कूल बैग भी वितरित किया। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने कहा कि प्राइमरी स्कूल अब पहले जैसे नहीं रहे। सरकार की ओर से हर तरह के संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। सभी शिक्षक अपने पाल्यों की तरह बच्चों को मेहनत से पढ़ाएं। मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने बच्चों को क्रिएटिव एजूकेशन देने और करके सीखने का वातावरण बनाने का सुझाव दिया।



# स्कूल चलो अभियान का हुआ भव्य शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** शिक्षा को सभी तक पहुँचाने के उद्देश्य से स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ विकास भवन, देवरिया में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी रहे। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुई। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल एवं मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रत्यूष पांडेय उपस्थित रहे।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्रीमती शालिनी श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया, जबकि बेसिक शिक्षा परिषद की अध्यापिका श्रीमती तूलिका चतुर्वेदी ने स्वागत गीत के माध्यम से अतिथियों का अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को शिक्षा से जोड़ना हम सभी का लक्ष्य है। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, इसके लिए सरकार पूरी तरह कृतसंकल्पित है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे सुधारों की सराहना की और कहा कि सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि सभी बच्चे विद्यालयों से जुड़ें। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने अपने संबोधन में कहा कि मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता और कठिन परिश्रम से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करें। उन्होंने शिक्षकों से भी अपने कर्तव्यों का समुचित निर्वहन कर एक शिक्षित समाज की नींव रखने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने छात्रों से संवाद किया और उनके प्रश्नों के उत्तर भी दिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन का टेलीविजन के माध्यम से सजीव प्रसारण किया गया, जिससे उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को प्रेरणा मिली। उन्होंने %स्कूल चलो अभियान% को उत्तर प्रदेश सरकार की एक प्रमुख पहल बताया, जिसका उद्देश्य 6-14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को अनिवार्य एवं निःशुल्क शिक्षा से जोड़ना है। इस अभियान के तहत घर-घर संपर्क, प्रेरक रैलियाँ एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, ताकि प्रत्येक बच्चे को स्कूल में प्रवेश दिलाया जा सके।



# मंदिर के पास पीते थे शराब, रोकने पर पुजारी के ऊपर कर दिए थे जानलेवा हमला

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** करीब तीन दिन पूर्व नेबुआ नौरंगिया थाना में एक पुजारी पर हुई जानलेवा हमला के मामले में पुलिस घटना में शामिल पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया।

नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के दुबौली हजारी पट्टी निवासी पुजारी रामलखन दास पुत्र रामनरायन दास के साथ 29/30 मार्च की रात कुछ लोगों द्वारा मारपीट करने के मामले में पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्तों अभिमन्यु गुप्ता पुत्र जवाहिर गुप्ता, अरविन्द सिंह पुत्र योगेन्द्र सिंह, शेषनाथ चौहान पुत्र रामजतन चौहान निवासीगण तेजवलिया, भागीरथी भारती पुत्र महन्थी प्रसाद व ओमप्रकाश उर्फ धन्नू यादव पुत्र संतराज यादव निवासीगण हजारी पट्टी थाना नेबुआ नौरंगिया जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हम लोग कुटी के पास में रोज जाकर बैठकर गांजा व शराब पीते थे। कुटी के पास बाहर एक हैण्ड पम्प है जहां पर पानी लेने के लिए जाते थे। हम लोग मीट मछली भी वहीं खाते थे व पानी लेने के लिए हैंडपंप पर जाते थे तो पुजारी जी डांट कर भगा देते थे। इसी वजह से हम लोग दिनांक 29/30 मार्च की रात्रि में भी कुटी पर आए थे व बैठकर गांजा पीए तथा हाथ मुंह धोए तो पुजारी ने डांट कर भगा दिए।

इसी बात से नाराज होकर हम लोग योजना बनाकर दुबारा कुटी पर गए और पुजारी जी को जगा करके गाली गुप्ता देते हुए बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिए तथा कुटी में रखे समान को तोड़ फोड़ करके भाग गए।



पुलिस गिरफ्त में पांचों अभियुक्त

**घटना में शामिल पांच अभियुक्त गिरफ्तार**

# सदस्य, राष्ट्रीय महिला आयोग ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

- महिला कैदियों को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना से जोड़ने के दिए निर्देश
- जनसुनवाई कर पीड़ितों की समस्या का किया मौके पर निस्तारण

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** सदस्य, राष्ट्रीय महिला आयोग श्रीमती ममता कुमारी ने आज दिनांक 01 अप्रैल 2025 को जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मा. सदस्य श्रीमती ममता कुमारी द्वारा जेल में निरूद्ध महिला कैदियों को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के संबंध में जागरूक कर रोजगार से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान उन्होंने सभी कैदियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने एवं स्टाफ को इसका कड़ाई से अनुपालन करने के लिए निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि विदेशी कैदियों के खान-पान के हिसाब से अलग-अलग भोजन की नियमानुसार व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। उन्होंने जेल की बिल्डिंग ज्यादा पुरानी होने के कारण से अलग बिल्डिंग के निर्माण का सुझाव भी दिया। इसके बाद मा. सदस्य श्रीमती ममता कुमारी द्वारा सखी वन स्टाप सेन्टर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया कि केन्द्र के कार्यालय में राष्ट्रपति, राज्यपाल व अन्य वीरांगना महिलाओं की तस्वीरें लगाई जाय। साथ ही केन्द्र के विस्तारीकरण हेतु प्रस्ताव बनाया जाय। केन्द्र में सुरक्षा गार्ड और गेटमैन आदि की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। मा0 सदस्य ने बाल विवाह जैसी कुरीतियों के प्रति लोगों को जागरूक करने व ग्रामीण स्तर पर इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर भी जोर दिया। उन्होंने महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य आदि के बारे में भी जागरूकता शिविर लगाने एवं महिलाओं के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने हेतु भी निर्देशित किया। उन्होंने पात्र महिलाओं को प्रधानमंत्री आवास, स्वयं सहायता समूह आदि योजनाओं का लाभ प्रदान किये जाने के भी निर्देश दिये। मा. सदस्य ने घरेलू हिंसा के विरूद्ध अभियान चलाकर इस पर नियंत्रण करने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समाज में विवाह का लम्बे समय तक बने रह पाना एवं संयुक्त परिवार का बना रहना भी संदेहपूर्ण हो गया है। उन्होंने बताया कि इस हेतु राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा ''तेरे-मेरे सपने'' शीर्षक के अन्तर्गत प्री-मैरिज काउंसिलिंग के लिए अनुमोदन प्राप्त हो गया है। उन्होंने कहा कि काउंसिलिंग के लिए चयन किसी एनजीओ या सामाजिक क्षेत्र में रूचि रखने वाली अनुभवी महिलाओं में से किया जा सकता है। तत्पश्चात् मा0 सदस्य द्वारा विकास भवन सभागार में जनुसनवाई कर पीड़ितों की समस्याएं भी सुनी गई।

## जनपद में गेहूं खरीद का डीएम ने किया शुभारम्भ

**बहराइच।** रबी विपणन वर्ष 2025-26 अन्तर्गत मूल्य समर्थन योजना के तहत 01 अप्रैल 2025 से प्रारम्भ होने वाली गेहूँ खरीद का जिलाधिकारी मोनिका रानी ने विधिवत पूजन-अर्चन कर शुभारम्भ किया। डीएम ने अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव के साथ कृषि उत्पादन मण्डी समिति परिसर सलारपुर पहुंचकर गेहूँ क्रय केन्द्र का उदघाटन किया। गेहूँ क्रय केन्द्र पर कृषक फुल करण वर्मा निवासी खेरा हसन एवं कृषक शिवकुमार निवासी कमोलिया के 95 कुंतल गेहूं की गल्ला मंडी में सरकारी गेहूं क्रय केंद्र पर तौल की गई। इस अवसर पर क्रय केन्द्र पर जिलाधिकारी व अपर जिलाधिकारी ने कृषकों को पुष्पमाला पहनाकर स्वागत भी किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि किसी भी केन्द्र पर किसानों को कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। शासन की मंशानुरूप किसानों को सभी सुविधाएं उपलब्ध करायी जायें। आवश्यकतानुसार क्रय केन्द्रों पर संसाधनों की बढ़ोत्तरी भी की जाय ताकि किसानों की उपज को आसानी के साथ खरीदा जा सके।

# स्कूल चलो अभियान का हुआ आग़ाज़, निकाली गई रैली

## नये नामांकन व बच्चों की उपस्थिति के लिए किया प्रेरित

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर (खेतासराय)।** परिषदीय स्कूलों में नए सत्र का आगाज मंगलवार से हुआ। शाहगंज ब्लॉक के पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय क्यार व खलीलपुर में स्कूल चलो अभियान की शुरुआत हुई। विकास खण्ड सोंधी के ब्लॉक प्रमुख पति अजय सिंह व बीइओ बसन्त कुमार शुक्ल ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

जागरुकता रैली में विभिन्न स्लोगन लिखी तख्तियां, मम्मी पापा हमें पढ़ाओ, स्कूल चलकर नाम लिखाओ नारे शामिल रहे। उक्त दोनों गांव का भ्रमण के बाद गोष्ठी में बोलते हुए ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अजय सिंह ने कहा कि सत्र 2025-26 का प्रारम्भ पहली अप्रैल से हो गया है। उन्होंने अभिभावकों से अपील किया कि 6 से 14 वर्ष का कोई भी बच्चा नामांकन से वंचित न रहे। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने परिषदीय विद्यालयो की तस्वीर बदल दी है। यहाँ पर दाख़िला कराकर सरकार द्वारा निशुल्क शिक्षा का लाभ उठायें।

बीईओ बसन्त कुमार शुक्ल ने कहा कि विद्यालय में पर्याप्त भौतिक संसाधन उपलब्ध हैं। यहाँ से निकली प्रतिभा राज्य और देश मे अलग छाप छोड़ती है। शैक्षिक वातावरण के साथ ही खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में ब्लाक, जनपद, मण्डल व प्रदेश रैली में प्रथम स्थान हासिल करते हुए राज्य स्तर की प्रतियोगिता में पहुंचते हैं।

इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लाक अध्यक्ष वीरेन्द्र प्रताप सिंह, प्रधान सत्य व्रत सिंह, राम बचन सिंह, कयार प्रधानाध्यापक पंकज सिंह, ग्राम प्रधान शेर बहादुर सिंह, घनश्याम प्रजापति समेत शिक्षक, शिक्षामित्र, बच्चे व अभिभावक शामिल रहे।

# जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर स्कूल चलो अभियान का किया आगाज

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** स्कूल चलो अभियान का प्रथम चरण 01 से 15 अप्रैल तक मनाये जाने के शासन के निर्देशों के क्रम में आज जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में स्कूल चलो अभियान की रैली को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर नवीन शैक्षिक सत्र की शुरुआत की।

जिलाधिकारी के निर्देश पर बच्चों को गंतव्य स्थल पुलिस लाइन ऑडोटोरियम तक ले जाने के लिए कुल 15 टीमें लगाई गयी। रैली में 'आधी रोटी खाएंगे-स्कूल पढ़ने जाएंगे' 'मम्मी पापा हमें पढ़ाओ-स्कूल चलकर नाम लिखाओ' एवं 'शिक्षा है अनमोल रतन-पढ़ने का सब करो जतन' आदि नारों के माध्यम से जनमानस को सभी बच्चों का विद्यालयों में नामांकन कराने का संदेश दिया गया। मुख्य कार्यक्रम पुलिस लाइन ऑडोटोरियम में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय और विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख जमुनहा शिवम जायसवाल व ब्लॉक प्रमुख हुजूरपुर अजीत प्रताप सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित रहकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा स्वागत गीत, सरस्वती वंदना, गणेश वंदना, स्कूल चलो अभियान गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बरेली से किये गए स्कूल चलो अभियान रैली के शुभारम्भ कार्यक्रम का लाइव प्रसारण माननीय अतिथियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, अध्यापकों व बच्चों के समक्ष किया गया। सजीव प्रसारण के दौरान सभी ने मा. मुख्यमंत्री जी के उद्बोधन को गौर से सुना। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न अतिथियों द्वारा छात्र-छात्राओं को नवीन शैक्षिक सत्र की पुस्तकों का निःशुल्क वितरण भी कराया गया। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार उक्त कार्यक्रम में बच्चों के खानपान और स्वास्थ्य की विशेष व्यवस्था की गयी थी।

# त्रिवेणी चीनी मिल रामकोला ने पेराई सत्र का किया समापन



अवधनामा संवाददाता

**रामकोला, कुशीनगर।** त्रिवेणी चीनी मिल, ने बीते 31 मार्च कि मध्य रात्रि से कुल 71.14 लाख कुंतल गन्ने की पेराई कर, पेराई सत्र का समापन कर दिया। मिल प्रबंधन ने जनपद में गन्ना मूल्य भुगतान में अपनी प्रतिबद्धता को बरकरार रखा है। मिल ने वर्तमान पेराई सत्र के दौरान 19 मार्च से 25 मार्च तक खरीदे गए गन्ने का 12 करोड़ 58 लाख रुपए का भुगतान किसानों के बैंक खातों में हस्तांतरित कर दिया है। इस संबंध में प्रधान प्रबंधक यशराज सिंह ने जानकारी दी। प्रधान प्रबंधक ने कहा कि किसानों का हित मिल की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मिल प्रबंधन ने वसंत कालीन गन्ना बुआई को ध्यान में रखते हुए किसानों से गन्ने की उच्च गुणवत्ता वाली किस्मों CO-118, CO 15023, COLK 14201, COLK 94184 प्रजातियों की बुआई की अपील की। इसके अतिरिक्त, गन्ने की फसल को रोगों से बचाने और उत्पादन बढ़ाने के लिए अनुदान पर उपलब्ध ट्राइकोडर्मा का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने की सलाह दी गई। इस अवसर पर कारखाना प्रबंधक मानवेंद्र राय भी उपस्थित रहे।

# संस्कार युक्त शिक्षा आज की जरूरतः वंशराज

## बीएसए ने नवीन कक्ष का किया लोकार्पण, स्कूल चलो अभियान शुरू

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** छात्रों को आज के इस दौर में संस्कार युक्त शिक्षा दिए जाने की अत्यंत आवश्यकता है। उक्त बातें सिरकोनी के ब्लाक प्रमुख वंशराज सिंह ने मंगलवार को बतौर मुख्य अतिथि कही। पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय नाथूपुर में नये सत्र के आरंभ में आयोजित सुंदरकांड पाठ, नवीन कक्ष लोकार्पण समारोह व स्कूल चलो अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से लोगों में जागरूकता आएगी।

नवीन कक्ष के लोकार्पण के बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरखनाथ पटेल ने कहा कि परिषदीय स्कूलों में आधुनिक संसाधनों की कोई कमी नहीं होने दी जाऐगी। शिक्षकों के साथ अभिभावकों की भी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने में महत्वपूर्ण भूमिका होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शासन की भी मंशा है कि हर हाल में छात्रों को सभी योजनाओं का लाभ समय से देते हुए उन्हें पढ़ने-लिखने में निपुण बनाया जाए। उन्होंने यहां के शैक्षिक परिवेश की भी सराहना की। बीएसए ने छात्रों को अपने हाथों से पुस्तकें भी वितरित की। विशिष्ट अतिथि बीईओ अमरेश कुमार सिंह व ग्राम प्रधान शुचिता सिंह ने भी विचार व्यक्त किया। स्वागत भाषण में प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष व विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद शुक्ल ने प्रगति आख्या प्रस्तुत की। संचालन राममिलन ने किया। सुंदरकांड के पाठ के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर रविचंद्र यादव, लालसाहब यादव, लक्ष्मीकांत सिंह, रामदुलार यादव, सरोज सिंह, राजेश बहादुर सिंह, अरुण सिंह, अनुराग तिवारी, देशबंधु यादव, ध्रुव यादव, राकेश पांडे, ज्योति श्रीवास्तव, पूनम मिश्रा, प्रियंका सिंह, कुमुदनी अस्थाना भारती सिंह, रेनू सिंह, अनिल मौर्य,अभिषेक सिंह, रितु गौड़, शालू निषाद, आकांक्षा मौर्य, खुशबू चौरसिया आदि मौजूद रहीं।

## डॉ. राधा बल्लभ ने संभाला सीएमओ का कार्यभार



**सुलतानपुर।** जनपद के बहुचर्चित मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओम प्रकाश चौधरी सेवानिवृत्त हो गए। स्वास्थ्य कर्मियों ने उनकी विदाई की। साथ ही जनपद में सबसे वरिष्ठ डॉ. राधा बल्लभ ने सीएमओ का कार्यभार संभाल लिया। इस मौके पर जनपद सुलतानपुर के प्रभारी सीएमओ डॉ. राधा बल्लभ बने हैं। कार्यभार ग्रहण करते ही उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. लालजी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पीड़ी त्रिपाठी, डॉ. डीटीओ आर. के. कनौजिया, डीपीएम संतोष यादव, बीसीपीएम अनिल कुमार, व सारथी दिनेश राणा सहित अन्य कई स्वास्थ्य अधिकारियों और दर्जनों चिकित्साकर्मियों ने नवागत प्रभारी सीएमओ डॉ. राधा बल्लभ को माल्यार्पण करते हुए पुष्पगुच्छ भेंटकर जोरदार स्वागत किया।

## उच्च प्राथमिक विद्यालय में मनाया गया वार्षिकोत्सव



**भदैया, सुल्तानपुर।** उच्च प्राथमिक विद्यालय बजेठी विकासखंड भदैया में वार्षिकोत्सव एवं शारदा संगोष्ठी का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी श्री अरविंद यादव के संरक्षण में किया गया। जिसमें ग्राम प्रधान श्री प्रेम कुमार यादव,एसएमसी अध्यक्ष ब्रह्मजीत शर्मा व प्रधानाध्यापक चक्रेश कुमार के सहयोग से कार्यक्रम संपन्न हुआ।विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। विद्यालय की छात्रा नेहा, ज्योति, श्रेया ने नाटक आदमी अपना-अपना कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम के द्वारा स्कूल चलो अभियान का की शुरुआत भी की गई। उपस्थित अभिभावकों एवं ग्रामीणों को विद्यालय में नामांकन हेतु से जागरुक किया गया।

# हम सब इन दोनों अभियानों में आपसी समन्वय बनाकर इसको सफल बनाएं : सदर विधायक

अवधनामा संवाददाता




**फ़िरोज़ाबाद।** स्कूल चलो अभियान ओर संचारी रोग अभियान की शुरूआत मुख्य अतिथि सदर विधायक मनीष असीजा और जिलाधिकारी रमेश रंजन ने हरी झंडी दिखाकर की, स्कूल चलो अभियान कोई न छुटे अबकी बार शिक्षा है, सबका अधिकार के सूत्रधार के साथ आरम्भ हुआ, तो वहीं स्वस्थ्य व्यवहार को आजमाना है, संचारी रोग को हराना है के स्लोगन के साथ संचारी रोग अभियान की शुरूआत की गई, किसी भी राष्ट्र की प्रगति के लिये शिक्षा और स्वास्थ्य दो अहम चीजें है, इसलिए शासन ओर प्रशासन ने इन दोनों को विशेष अभियान के तहत संचालन कर जन-जन तक पहुचाने का बीड़ा उठाया है, इस अवसर पर बोलते हुए सदर विधायक मनीष असीजा ने कहा कि हमें हर बच्चे को स्कूल से जोड़ना है, मुझे इस बात की बेहद खुशी है, कि प्रशासन ने स्कूलों में बच्चों के लिए फर्नीचर, बिजली के साथ साथ बच्चों के पड़ने के लिए लाइब्रेरी और खेलने के लिए खेल के मैदान भी उपलब्ध कराए है, जिससे बच्चों की प्रतिभा को एक मंच उपलब्ध हो सके, साथ ही साथ बच्चो की पढ़ाई के लिए स्कूलों में डिजिटल संशाधनों की उपलब्धता भी कराई जा रही है, शिक्षा के साथ साथ हम स्वास्थ्य पर भी ध्यान दे रहे है, संचारी रोग अभियान आज से शुरू हो रहा है, लगातार हम संचारी रोगों की रोकथाम के लिए निवारक उपाय अपना रहें है, जिलाधिकारी के नेतृत्व में एक सकारात्मक माहौल बना हुआ है और हम सभी का दायित्व है कि हम सब इन दोनों अभियानों में आपसी समन्वय बनाकर इसको सफल बनाएं इस मौके पर बोलते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि समय के साथ-साथ परिस्थितियां बदल रहीं है, बेसिक शिक्षा की आधारभूत संरचना में भी परिवर्तन हुआ है, अब लोग अपने बच्चों को सरकारी विद्यालय में पढ़ाना चाहते हैं, उन्होंने बेसिक शिक्षा के अधिकारी से अपील भी की बिना अनुमति के चल रहे स्कूलों को तत्काल प्रभाव से बंद कराये, और उचित कार्यवाही भी करें यह भी सुनिश्चित किया जाए कि, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वे का कार्य सही हो नियमित कक्षाएं संचालित हो, साथ ही साथ संपूर्ण विद्यार्थी स्कूल में उपस्थित हो, इस नए सीजन में सभी इस कार्य को दृढ़ संकल्पित होकर करें, संचारी रोग अभियान के संबंध में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी मुख्य विभाग इस अभियान हेतु सक्रिय हो जाएं, माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में स्वास्थ्य पर लगातार ध्यान दिया जा रहा है, एंबुलेंस की संख्या बढ़ाई जा रही है।

### शिक्षा और स्वास्थ्य सुशासन के महत्वपूर्ण आधार हैः सी.डी.ओ

हम सबको इस अभियान को सफल बनाना है, इस मौके पर बोलते हुए मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य ने कहा कि जिलाधिकारी महोदय के योगदान से अब बच्चों को स्कूल में कुर्सियां और टेबल उपलब्ध हो गए हैं, साथ ही साथ हर गांव में पुस्तकालय का निर्माण हो रहा है, जिससे विद्यार्थियों को बाहर जाना नहीं पड़ रहा है, इस अवसर पर कक्षा 1 के विद्यार्थी सानिध्य और कक्षा 6 के विद्यार्थी आस्था को मुख्य अतिथि सदर विधायक मनीष असीजा और जिलाधिकारी रमेश रंजन के हाथों नव प्रवेश दिलाया गया, इससे पूर्व इस कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर और मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शुरू किया गया, इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी योगी आदित्यनाथ के द्वारा बरेली में रू0 933 करोड़ विकास परियोजनाओं के लोकार्पण कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया, इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राम बदन राम, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष पांडे इत्यादि अधिकारियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में स्कूलों से आए बच्चे भी उपस्थित रहे।

## लागि गइले चइत महिनवा हो रामा, गीत पर झूम उठे दर्शक



**गोसाईगंज, सुलतानपुर।** संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित सुहानी सेवा समिति अयोध्या के लोक कलाकारों का नृत्य-संगीत एवं भक्ति संगीत देखकर दर्शक मन्त्र मुग्ध हो गये। गोसाईगंज में अवधी लोक कला महोत्सव में लोक गायिका संगमलता के चैता गीत लागि गइले चइत महिनवा हो रामा की प्रस्तुति पर उपस्थित दर्शक भाव विभोर हो उठे।शिवानी मझवार,श्रृष्टि यादव और चांदनी के संयुक्त स्वर में प्रस्तुत भक्ति गीत राम जी के भइले जनमवा चल हो करि आई दरशनवा सुनकर संगीत प्रेमी मन्त्रमुग्ध हो गये।कार्यक्रम में अन्य लोक कलाकारों द्वारा लोक संगीत एवं सामूहिक नृत्य की अनुपम प्रस्तुति की गई।संचालन संतोष ने किया।अध्यक्ष ने लोक कलाकारों और आगन्तुक संगीत प्रेमियों का आभार प्रकट किया।इस अवसर पर दुर्गेश,राहुल,रामदीन,जयप्रकाश तथा भारी संख्या में संगीत प्रेमी दर्शक मौजूद रहे।

# आज शिक्षा का बदला स्वरूप दिख रहा है

## स्कूल चलो अभियान के तहत निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण समारोह

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** स्कूल चलो अभियान के शुभारम्भ, निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण समारोह के बरेली से मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा आयोजित कार्यक्रम के सजीव प्रसारण के उपरांत पूर्व मंत्री, विधायक भोगांव राम नरेश अग्निहोत्री ने कहा कि जब कोई समाज शिक्षा को आगे रखकर बढ़ता है, तब उसे आगे बढ़ने से कोई रोक नहीं सकता, स्कूल चलो अभियान का मुख्य उद्देश्य ऐसे बच्चे जो किसी कारणवश विद्यालय जाने से वंचित हैं, उनका पंजीकरण कराकर शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत उन्हें शिक्षा प्रदान करना है। उन्होने कहा कि आज शिक्षा का बदला स्वरूप दिख रहा है, विगत् 08 सालों में बदलते समय के साथ डिजिटल लर्निंग को बढ़ावा मिला है, पी.एम.श्री, कस्तूरबा गॉधी आवासीय विद्यालयों का उच्चीकृत किया जा रहा है, स्कूलों में स्मार्ट क्लासेस और डिजिटल लाइब्रेरी की सुविधायें उपलब्ध करायी जा रहीं हैं, ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत प्राइमरी स्कूलों मूल-भूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करायी गयी है, आज प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में शैक्षिक वातावरण में भी सुधार हुआ है, प्राथमिक विद्यालयों के छात्रों को उच्च क्वालिटी का मध्यान्ह भोजन के साथ ही निःशुल्क पाठ्य पुस्ताकों के अलावा रू. 1200 उनके खातों मे भेजा जा रहा है, उक्त धनराशि से छात्रों के अभिभावक अपनी मर्जी से कॉपी-किताबें, ड्रेस-जूता-मोज क्रय कर सकते हैं। उन्होने उपस्थित शिक्षकों का आव्हान करते हुये कहा कि अपने-अपने विद्यालयों में पंजीकृत सभी बच्चों को प्रतिदिन स्कूल आने, जो बच्चे नियमित रूप से विद्यालय से अनुपस्थित रहें, उनके अभिभावकों से संवाद कर नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित करें। जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि बड़े हर्ष का विषय है कि आज हम सब यहां एकत्र हुये हैं, यह बच्चे बार-बार मुझे अपने बचपन में खींचकर ले जा रहे हैं, ऐसे ही हम सब प्राइमरी विद्यालयों में पढ़ा करते थे।


# विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के शुभारम्भ पर जागरूकता वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** विधायक भोगांव राम नरेश अग्निहोत्री, जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह, जिलाध्यक्ष ममता राजपूत ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के शुभारम्भ अवसर पर कलेक्ट्रेट से जागरूकता वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। विधायक भोगांव ने कहा कि वेक्टर जनित बीमारियों में उपचार से बेहतर बचाव है, मच्छर जनित बीमारियों से बचने के लिए जन-सामान्य को जागरूक करना होगा, उन्हें अपने घरों के आस-पास साफ-सफाई रखने, साफ पानी एकत्र न होने देने, खुले में शौच न जाने, घर के कूलर, गमलों, जल-पात्रों की सफाई करने, पूरी आस्तीन के कपड़े पहनने यथासंभव मच्छरदानी का प्रयोग करने, पीने हेतु स्वच्छ पानी का इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित करना होगा ताकि लोगों को वैक्टर जनित बीमारी यथा डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि 30 अप्रैल तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान संचालित रहेगा, अभियान के दौरान लोगों को संचारी रोगों से बचाव के लिए जागरुक किया जाएगा, इस दौरान 11 जुलाई से दस्तक अभियान भी शुरू होगा इसके अंतर्गत 31 जुलाई तक स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर लागों के स्वास्थ्य का हाल पूछेगी और संचारी रोगों से बचाव के लिए जानकारी भी देगीं, अभियान के दौरान हाथ धोने के बारे में भी जागरुक किया जाएगा, डायरिया रोको अभियान के तहत डायरिया से बचाव के लिए ओ.आर.एस. व जिंक के बारे में जानकारी प्रदान की जायेगी। जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि इस मौसम में खुद से बीमारियों को दूर रखने के लिए हाथों का साफ रखना आवश्यक है यदि हाथों को साफ रखेंगे तो बीमारियां दूर रहेंगी, हाथ साफ रखने की आदत आपको डायरिया, फ्लू इत्यादि से बचा सकती है, डायरिया होने के मुख्य वजहों में से एक गंदे हाथों से कुछ खाना होता है।

## गनपत सहाय पी.जी. कॉलेज में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत टैबलेट वितरण



**सुल्तानपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत मंगलवार को महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ.ओम प्रकाश पाण्डेय बजरंगी के मार्गदर्शन और आशीर्वाद से गनपत सहाय पी.जी. कॉलेज में स्नातकोत्तर के छात्र - छात्राओं को टैबलेट वितरित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.अंग्रेज सिंह राणा द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई।नोडल अधिकारी डॉ भोलानाथ ने प्राचार्य का माल्यार्पण और पुष्पगुच्छ देकर कर स्वागत और अभिनन्दन किया। प्राचार्य द्वारा अपने संबोधन में कहा कि यह योजना छात्रों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है,जिससे उनकी शिक्षा को नई ऊंचाइयाँ मिलेंगी और साथ ही इसके सकारात्मक प्रयोग करने पर बल दिया।

# विकास कार्यों के पैसे एक वर्ष में नहीं खर्च कर पाए अधिकारी: धर्मवीर

अवधनामा ब्यूरो



- 31 मार्च को बजट सत्र 2024-25 का क्लोजिंग कर दिया गया
- पूरे साल कामकाज का लेखा जोखा निकालने के बाद भी जिले के सरकारी बजट का लगभग 6 अरब 46 करोड़ रुपए हुआ वापस

**सोनभद्र।** विगत वर्ष जिले में विभिन्न विभागों को मिले विकास कार्यों के बजट का इतना बड़ा रकम खर्च न हो पाने की वजह से जिला प्रशासन के कामकाज पर सवालिया निशान लगने लगे हैं । इससे सरकार की छवि धूमिल हो रही है। इतनी बड़ी रकम सरेंडर होने पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मवीर तिवारी ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया है।

धर्मवीर तिवारी ने कहा कि सरकार द्वारा भेजे गए विकास के पैसे का वापस जाना इस बात का प्रमाण है कि जिले में अधिकारी काम नहीं कर रहे हैं। इससे साफ है कि सरकार ने उन अधिकारियों को चुन कर भेजा है, जो आकांक्षी जनपद को पिछड़े जनपद के दंश से बाहर निकाल सके । लेकिन सोनभद्र में अधिकारी विकास का प्लान तक नहीं बना सके, जिसका नतीजा रहा कि इतनी बड़ी रकम सरकार को वापस भेजना पड़ा । बीजेपी के पूर्व जिलाध्यक्ष ने कहा कि अधिकारियों की लापरवाही के कारण जो पैसा वापस शासन को भेजा गया है इसकी समीक्षा व जांच होनी चाहिए । लगातार सोनभद्र में विकास के लिए भाजपा की सरकार खूब धन की खर्च कर रही है लेकिन फिर भी अधिकारियों की उदासीनता और जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा के कारण जिले का समुचित विकास कार्य नहीं हो पा रहा है । जिले में इतने बड़े पैमाने पर डीएमएफ का फंड पड़ा हुआ है लेकिन उसका उपयोग नहीं हो पा रहा है। इसके पहले लगभग 403 करोड रुपए डीएमएफ से मनमानी रूप में खर्च किए गए थे जिसकी जांच के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी के यहां से जांच जारी है । डॉ धर्मवीर तिवारी ने कहा कि जिले में ऐसे बहुत सारे विकास के कार्य हैं जिसको कराया जाना प्राथमिकता के आधार पर अत्यंत जरूरी है । सोनभद्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं होने के वावजूद सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई बार तारीफ कर चुके हैं । मुख्यमंत्री ने तो सोनभद्र को स्विट्जरलैंड जैसा बनाने की सोच रहे है लेकिन यहां के अधिकारी उनके मनसूबे पर पानी फ़ेरने का काम कर रहे हैं। इस जिले में है लेकिन उसके बावजूद विजयगढ़ का किला हो या फॉसिल्स हो या अबाडी पिकनिक स्पॉट हो उसका समुचित विकास नहीं हो पाया सोनभद्र में प्रदूषण की समस्या अत्यंत विकराल स्वरूप ले रही है लेकिन उसके निस्तारण के लिए कोई बड़ी कार्य योजना नहीं तैयार की जा रही है जिस कारण दर्जनों गांव में विकलांगता हावी हो रही है डॉ धर्मवीर तिवारी ने कहा कि जनपद में सरेंडर किए हुए पैसे की जांच होनी चाहिए कितने बड़े पैमाने पर विकास के पैसे का उपयोग क्यों नहीं किया गया इसके जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

## ग्राम प्रधान सहित सदस्यों ने गंभीर आरोप लगाते हुए दिया सामूहिक इस्तीफा



**सुमेरपुर, हमीरपुर अवधनामा संवाददाता।** ग्राम पंचायत बड़ागांव के निर्वाचित प्रधान हरदौल निषाद ने ब्लॉक सुमेरपुर के अधिकारियों और ब्लॉक प्रमुख पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है ग्राम प्रधान सचिव बदले जाने और खण्ड विकास अधिकारी कि नियुक्ति को अवैध ठहराते हुए उन्हें तत्काल हटाए जाने की मांग को लेकर जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है, ग्राम प्रधान ने ब्लॉक सुमेरपुर पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि ग्राम पंचायत के चुनाव में ब्लॉक प्रमुख के भाई की पत्नी को करारी हार मिली थी, जनता ने उन्हें जिताया था, इसके साथ ही उसकी पुत्री की हत्या वाले मामले में उसने ब्लॉक सुमेरपुर प्रमुख के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था, बस इसी रंजिश के कारण ग्राम पंचायत में जानबूझकर विकास कार्यों को रोका जा रहा है।, विकास कार्य अवरुद्ध करके प्रदेश सरकार की छवि खराब की जा रही है, उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित एक ज्ञापन में मांग की है कि ग्राम पंचायत में बाधा डालने वाले ब्लॉक प्रमुख और अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। ग्राम प्रधान हरदौल निषाद का आरोप है कि ब्लॉक प्रमुख जय नारायण यादव की मिलीभगत से पंचायत में विकास कार्यों को रोक दिया गया है। पंचायत की निधि निष्क्रिय पड़ी हुई है करीब 36 लाख रुपए की निधि शेष पड़ी है, क्यों कि कार्य नहीं होने दिए जा रहे हैं, बार-बार मनमाने ढंग से सचिवों की नियुक्ति कर विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न की जा रही है।

## स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली जागरूकता रैली




**सुमेरपुर हमीरपुर अवधनामा संवाददाता।** नई शिक्षण सत्र के शुभारंभ के मौके पर कम्पोजिट विद्यालय के छात्र छात्राओं ने शिक्षकों के नेतृत्व में गांव में रैली निकालकर लोगों को शिक्षा के महत्व का संदेश देकर शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया गया। नई शिक्षण सत्र के मंगलवार से हुए शुभारंभ के अवसर पर कम्पोजिट विद्यालय बांक के छात्र छात्राओं ने शिक्षकों के नेतृत्व में गांव में रैली निकालकर लोगों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया और स्कूल आने के लिए प्रेरित किया। रैली में प्रधानाध्यापक अजय कुमार, गीता प्रजापति, प्रतिमा श्रीवास्तव, संगीता सिंह आदि शिक्षिकाएं मौजूद रही। इसी तरह दरियापुर में कम्पोजिट विद्यालय में प्रधान आसाराम प्रजापति के नेतृत्व में रैली निकालकर स्कूल चलो अभियान के तहत बच्चों को प्रेरित किया गया।

## आरटीआई से बड़ा खुलासा: बिना काम के हुआ भुगतान

**सुमेरपुर हमीरपुर अवधनामा संवाददाता।** बड़ागांव के एक व्यक्ति ने जिलाधिकारी के साथ शासन को भेजी शिकायत में आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान ने बगैर कार्य कराए फर्जी ढंग से मापांकन कराकर भुगतान की तैयारी कर ली थी। सचिव के मना करने पर जन सूचना अधिकार अधिनियम के तहत मिली सूचना में यह सच सामने आया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि एक कार्य का भुगतान करने में प्रधान सफल हो गया है। उसने जांच कराकर प्रधान,सचिव,अवर अभियंता के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। बड़ागांव निवासी रमेश निषाद ने जिलाधिकारी के अलावा आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल,सचिव पंचायती राज,अपर मुख्य सचिव पंचायती राज को भेजी शिकायत में आरोप लगाया है कि प्रधान हरदौल निषाद ने बगैर कार्य कराए शंकर जी के मंदिर से राजाबाबू साहू के मकान तक, विमला निषाद के मकान के पास पुलिया निर्माण का कार्य कराने की फर्जी एमबी (मापांकन) तत्कालीन सचिव ओमप्रकाश प्रजापति,लघु सिंचाई विभाग के अवर अभियंता महेश चंद्र से मिलकर करा ली है और सचिव मनीष कौशिक से भुगतान का दबाव बना रहा है। इसकी पत्रावली उपलब्ध है। इसी तरह राम विशाल साहू के दरवाजे से शिवराम निषाद के कुआं तक सीसी निर्माण का फर्जी भुगतान 77535 रुपए का करा लिया है। शिकायतकर्ता ने अधिकारियों से जांच कराकर प्रधान,सचिव व अवर अभियंता के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

# ईद की नमाज़ अदा कर मुल्क के अमन-चैन की दुआये मांगी

## ईदगाह सहित विभिन्न मस्जिदों में हजारों लोगों ने अदा की ईद की नमाज़

वहाज अली निहाल



**इटावा।** ईद-उल-फितर का पर्व जनपद में हर्षोल्लास और खुशनुमा माहौल में मनाया गया।हजारो मुस्लिम समाज के लोगों ने ईदगाह सहित शहर की विभिन्न मस्जिदों मे ईद की नमाज़ अदा कर एक दूसरे को ईद की जहां बधाई दी वहीं मुल्क में आपसी भाईचारे और अमन-चैन की दुआये माँगी।ईदगाह में ईद की नमाज दो शिफ्टों में अदा की गई।ईदगाह कमेटी के सेक्रेट्री डा.मोहम्मद अफजाल ने बताया कि ईदगाह परिसर में ईद की नमाज दो शिफ्टों में हुई,पहली शिफ्ट की नमाज़ मौलाना कमाल उद्दीन अशरफी और दूसरी शिफ्ट की नमाज मौलाना फरहान बरकाती ने अदा कराई।शासन और प्रशासन की मंशा के अनुरूप ईदगाह के बाहर सड़क पर नमाज अदा नही हुई।ईदगाह नमाजियों से खचाखच भर गई जहां हजारों नमाजियों ने ईद की नमाज पढ़ी।ईदगाह में नमाज की व्यवस्था में सेकेट्री डॉ.मोहम्मद अफजाल,कोषाध्यक्ष हाजी अब्दुल हन्नान चांद मंसूरी सहित समस्त कमेटी का सराहनीय योगदान रहा।नमाज के बाद हजारों लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद दी।प्रशासन और पुलिस ने नमाज को शांति पूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए।अधिकारियों और राजनेताओं ने मुसलमानों को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी।शाही मस्जिद नौरंगबाद में हाफ़िज़ एजाज़ अहमद,सिंग्नल वाली मस्जिद मुफ्ती अनस नूर,मस्जिद पंजाबियान कटरा शहाब खां में मौलाना जाहिद हुसैन,मस्जिद काली कबरें में हाफ़िज़ नसीर अहमद,मस्जिद जिन्नातों वाली में हाफिज तौसीक़,शाही जामा मस्जिद पुरोहितन टोला में अब्दुल्लह असरी,मस्जिद पक्का तालाब में हाफ़िज़ फ़ैज़ान,मस्जिद इस्लामिया बोर्डिंग में हाफ़िज़ शकील अहमद, मस्जिद अक्सा रामगंज ढाल में मौलाना तौफ़ीक,मस्जिद अली कालोनी में मौलाना जमाल अहमद,मस्जिद चांद अड्डा तुलसी में हाफ़िज़ अब्दुर्रहमान ने ईद की नमाज पढ़ाई।बताया जाता है कि इसके अलावा मस्जिद सराय कटरा सेवा कली,मस्जिद बुलाकी,मस्जिद कुरैशियान नया शहर,मस्जिद दरगाह वारसी,मस्जिद कटरा पुर्दल खां,मस्जिद गाड़ीपुरा,मस्जिद रामगंज,मस्जिद पचराहा, मस्जिद शेख जलाल,मस्जिद शाहगंज, मस्जिद स्टेशन रोड,मस्जिद पंजाबी कब्रिस्तान काल्पी सर्कुलर रोड,मस्जिद मोहल्ला अड्डार स्टेशन रोड आदि मस्जिदो में नमाज हुई। डीएम अवनीश राय,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने शहर के कई प्वाइंटों पर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस फोर्स तैनात किया,मस्जिदों के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतिजाम किये गये।नगर पालिका परिषद द्वारा मस्जिदों के आसपास व मुस्लिम मोहल्लों में सफाई की व्यवस्था कर कलई का छिड़काव कराया गया।

इस मौके पर पूर्व चेयरमैन फुरकान अहमद,खादिम अब्बास,मो. अल्ताफ,शफी अहमद,शहर अध्यक्ष कांग्रेस मो.राशिद, प्रधानाचार्य गुफरान अहमद,पूर्व प्रशासनिक अधिकारी स्वास्थ विभाग रिज़वान अहमद,हाजी फजल यूसुफ,हाजी गुड्डु मंसूरी,हाफिज मोहम्मद अहमद चिश्ती,वाई के शफी चिश्ती, तसलीम मंसूरी एड.,मोनू बशीर,हाजी अजीम वारसी,मसूद तैमूरी,शावेज़ नक़वी, इंतजार अहमद,जैनुल आबेदीन,कामरान खान,डॉ.अयाज अली,हनी वारसी, मुमताज चौधरी आदि ने मुल्क में सुख शांति के लिए दुआये की।

## ट्रिपल ए मॉल में जूडियो शोरूम का हुआ उद्घाटन

**इटावा अवधनामा ब्यूरो।** शहर के प्रमुख एवं प्रतिष्ठित व्यवसायी नरेन्द्र नाथ चतुर्वेदी द्वारा अपने नातियों अमन,आयुश व अक्षत के नाम बनाये गए ट्रिपल ए मॉल में जूडियो कम्पनी द्वारा खोले गए जेंट्स व लेडीज रेडीमेड शोरूम का ईद के दिन शहर के गणमान्य व नामचीन लोगों की उपस्थिति में श्रीमती कमला चतुर्वेदी ने फीता काटकर एवं दीप जलाकर शोरूम का उद्घाटन किया। इस मौके पर उनके पुत्र रीतेश चतुर्वेदी उर्फ बब्लू चौधरी, मनीष चतुर्वेदी व खुशी चतुर्वेदी सहित समस्त चतुर्वेदी परिवार मौजूद रहा। जूडीओ शोरूम के उद्घाटन का इन्तजार कर रहे जनपद के सैकड़ों ग्राहकों के चेहरे पर खुशी दिखी,जैसे ही उद्घाटन कार्यवाही पूर्ण हुई ग्राहकों का समूह शोरूम में खरीदारी करने को उमड पडा ऐसा लग रहा था जैसे आज कोई फ्री सेल लगी है ऐसा नहीं था,कई लोगों ने बताया कि जूडीओं कंपनी के प्रोडक्ट कपडा आदि जो भी सामान है उत्तम क्वालिटी और उचित प्राइस पर मिलता है यही कारण है महिलाए,लडकिया पुरुष व नव युवक बड़ी तादात में खरीदारी करने पहुंचे।



# सर्वजन सुखाय पार्टी द्वारा होली मिलन समारोह

## राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव प्रसाद यादव ने होली को सौहार्द, प्रेम और सामाजिक एकता का प्रतीक बताया

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** सर्वजन सुखाय पार्टी इटावा के जिलाध्यक्ष जितेंद्र प्रताप सिंह ने पार्टी के राष्ट्रीय शिवप्रसाद यादव के नेतृत्व में ज्ञानस्थली कर्वा खेड़ा में आयोजित होली मिलन समारोह में आए हुए सभी अतिथियों, पदाधिकारियों एवं सम्मानित सभी जनता का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दद्दन सिंह यादव पहलवान पूर्व मंत्री बिहार सरकार उपस्थित रहे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में विजय यादव पूर्व विधायक मुरादाबाद,रविंद्र सिंह तोमर पूर्व विधायक दिमुनी पोरसा मध्य प्रदेश एवं सुजान सिंह यादव जिला पंचायत सदस्य मैनपुरी ने भाग लिया।सर्वजन सुखाय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव प्रसाद यादव ने अपने संबोधन में होली को सौहार्द,प्रेम और सामाजिक एकता का प्रतीक बताते हुए समाज को मजबूत बनाने का आह्वान किया और अपनी पार्टी को आगे बढ़ाने पर विचार विमर्श किया।सभी कार्यकर्ताओं को होली की बधाई दी गई और आगे की रणनीति पर चर्चा की गई, उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी ब्लॉक स्तर पर साइकिल यात्रा निकालेगी एवं जिले स्तर पर रैलियां करेगी।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री बिहार सरकार दद्दन सिंह ने कहा कि यादव समाज की जो पार्टी थी वह परिवारवादी हो गई है,यादव समाज को एक खूंटे से बांधकर नहीं रहना चाहिए उनको सर्वजन सुखाय पार्टी जैसा अपना नया रास्ता निकालना चाहिए।पूर्व विधायक विजय यादव ने सैफई परिवार पर कटाक्ष किया और कहा कि पूरे उत्तर प्रदेश में कोई भी यादव नेता होने लायक रहा ही नहीं है केवल सैफई परिवार के लोग ही नेता होंगे,यादव समाज तो केवल वोट देगा नेतागिरी वे करेंगे।पूर्व विधायक रविंद्र सिंह तोमर ने सर्व समाज के बीच में हक वंचितों,पिछड़ों को एक मंच पर आने पर बल दिया,उन्होंने कहा कि सर्वजन सुखाय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव प्रसाद यादव के हाथों को हम मजबूत करेंगे।खादिम अब्बास ने अपने भाषण में कहा कि ना मंदिर काम आए ना मस्जिद काम आए इंसान के लिए इंसान ही काम आये,इंसानियत से ही देश आगे बढ़ सकता है धर्म और जाति के आधार पर यह देश आगे नहीं बढ़ सकता।इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे,इनमें प्रमुख रूप से उमेश यादव वरिष्ठ नेता झांसी,राष्ट्रीय महासचिव सत्यराम यादव,प्रदेश अध्यक्ष विवेक यादव प्रदेश महासचिव उदय प्रकाश यादव प्रदेश महासचिव रामदास यादव प्रदेश सचिव अभिलाख यादव,प्रदेश सचिव कमलेश यादव,कानपुर मंडल अध्यक्ष दिनेश यादव,बुंदेलखंड प्रभारी भगवान सिंह,औरैया जिला अध्यक्ष प्रेम सिंह यादव फिरोजाबाद जिला अध्यक्ष विनीत यादव मैनपुरी जिला अध्यक्ष कौशल किशोर,स्थानीय गणमान्य व्यक्ति,समाजसेवी,पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सैकड़ो ग्रामीणों और युवाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## ढाई दर्जन किसानों को दिया एक दिवसीय प्रशिक्षण

**मौदहा हमीरपुर।** नाबार्ड द्वारा आयोजित और युवा कौशल विकास मंडल द्वारा संचालित गुरदहा जलागम विकास परियोजना के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में कृषकों को वर्मी कम्पोस्ट का प्रशिक्षण दिया गया । जिसके मुख्य अतिथि राजीव कुमार गुप्ता, विशिष्ट अतिथि राज कुमार, (RRA NET-WORK) रहे। मुख्य अतिथियों ने देशी बीजों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए पुराने बीजों को संरक्षित करना,उनका उत्पादन करना आदि के बारे में जानकारी दी। ट्रेनर विनोद कुमार चक्रवर्ती ने वर्मी कम्पोस्ट और उसके महत्त्व के साथ जैविक खेती और उसके लाभ की जानकारी देते हुए वर्मी कम्पोस्ट बनाने की विधि, वर्मी कम्पोस्ट तैयार करने के लिये आवश्यक सामग्री एंव प्रयोग विधि व इससे होने वाले लाभ के बारे मे बताते हुए केचुआ को कम्पोस्ट से कैसे अलग करना है, वर्मी कम्पोस्ट में उपलब्ध पोषक तत्वों को बताया। इस प्रशिक्षण में देशी बीजों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

# स्कूल चलो अभियान व संचारी रोगों के विरुद्ध अभियान का हुआ शुभारंभ

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश सरकार के समग्र शिक्षा अभियान के तहत सोनभद्र के बगुआरी ग्राम पंचायत के गड़ौरा मजरे से सोनभद्र जिलाधिकारी बद्रीनाथ सिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनंद पांडे मुख्य चिकित्सा अधिकारी अश्विनी सिंह स्कूल चलो अभियान और संचारी रोगों के विरुद्ध अभियान का प्रारम्भ किया इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित जन समुदाय से 6 से 14 वर्ष तक के सभी बच्चों को स्कूल में नामांकित करने के साथ ही नित्य प्रति स्कूल भेजने का अनुरोध किया बच्चों को समझाया कि नित्य प्रति स्कूल आने से ही उनका भविष्य बेहतर हो सकता है वह एक सुयोग्य शिक्षित नागरिक बन सकते हैं।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं ऑपरेशन कायाकल्प डीबीटी निशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण मध्याह्न भोजन के महत्व पर प्रकाश डाला जिला अधिकारी ने 15 अप्रैल तक सभी 6 से 14 वर्ष के बच्चों का नामांकन करने हेतु अध्यापकों को निर्देशित किया संचारी रोगों के प्रसार को रोकने हेतु जिलाधिकारी महोदय द्वारा उपस्थित जब जन समुदाय वी बालकों को शपथ भी दिलाई गई। हाथ धुलाई, शौचालय व मच्छरदानी का प्रयोग के महत्व आदि पर भी प्रकाश डाला गया इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अश्वनी सिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनन्द पांडेय जिला सूचना विज्ञान अधिकारी विनय सिंह खंड शिक्षा अधिकारी धनंजय कुमार सिंह क्वॉलिटी कोऑर्डिनेटर वरुण त्रिपाठी प्रधानाध्यापक कमलेश सिंह संदीप पांडेय सहित अन्य अध्यापक ग्राम प्रधान प्रतिनिधि एवं अन्य ग्रामवासी तथा स्वास्थ्य कर्मी भी उपस्थित रहे।

# पांच दशक पत्रकारिता को समर्पित करने वाले लोकतंत्र सेनानी सलाहउददीन पंचतत्व में विलीन

## कम्युनिस्ट विचारक का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

अवधानामा संवाददाता



**मौदहा हमीरपुर।** अपने जीवन के पांच दशक से अधिक समय पत्रकारिता को समर्पित करने वाले कम्युनिस्ट विचारक सलाह उददीन का मंगलवार को अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया गया जिसमें जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों के साथ हजारों लोगों ने नम आंखों के विदाई दी है। ईद की रात करीब ग्यारह बजे अचानक इनकी तबीयत बिगड़ी परिजनों ने सीएचसी पहुंचाया जहां पर इलाज के दौरान इनकी की मौत हो गई। हृदयाघात को इनकी मौत का कारण माना जा रहा है।

सलाह उददीन का सम्पूर्ण जीवन उतार चढ़ाव से भरा रहा है। कालेज के दिनों में कम्युनिस्ट पार्टी की विचारधारा से प्रभावित होकर उन्होंने गरीबों की लड़ाई लड़ी। इसी दौरान इन्हें सोवियत रूस भेजा गया था।देश में कांग्रेस के समय आपातकाल के दौरान जेल जाना पड़ा था। पत्रकारिता के क्षेत्र में जिले में अलग पहचान बनाने वाले सलाह उददीन लगभग तीन दशक से अमर उजाला समाचार पत्र के साथ ही लगभग दो दशक से एनडीटीवी चैनल के लिए काम कर रहे थे।मंगलवार दोपहर दो बजे उनका जनाजा निकला जिसमें सैकड़ों लोग सामिल हुए। सदर विधायक डॉ मनोज प्रजापति, उपजिलाधिकारी राज कुमार गुप्ता, पुलिस क्षेत्राधिकारी विनीता पहल,तहसीलदार अभिनव चंद्र और नायब तहसीलदार महेंद्र गुप्ता ने उनके शव पर तिरंगा ओढ़ाकर एवं फूल माला अर्पित कर अंतिम विदाई दी। इस मौके पर मौजूद सशस्त्र पुलिस बल ने उन्हें सलामी दी। बाद में कस्बा के छिमौली मार्ग स्थित कांशीराम कालोनी छिमौली रोड के निकट इनके पिता सूफी जमील साहब के मजार के प्रांगण में इन्हें सुपुर्द ए खाक किया गया है। उनके निधन से पत्रकारों सहित क्षेत्र के आमजन मानस में शोक की लहर दौड़ गई है।

## ईद-उल-फितर की नमाज के दृष्टिगत शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था रहा चुस्त-दुरुस्त



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र।** ईद-उल-फितर की नमाज के दृष्टिगत अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक बंदोबस्त किए गए। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा रॉबर्ट्सगंज क्षेत्रान्तर्गत लगातार भ्रमणशील रहकर ईद-उल-फितर पर्व की नमाज़ को सकुशल सम्पन्न कराया गया।

मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, प्रमुख मार्गों, चौराहों, व बाजारों आदि में भ्रमण कर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की गहनता से चेकिंग की गई। सीसीटीवी, वीडियो रिकॉर्डिंग व ड्रोन कैमरों के मदद से संवेदनशील क्षेत्रों की सतत् निगरानी की गयी। ईद-उल-फितर की नमाज के दृष्टिगत आमजन व धर्मगुरुओं से संवाद कर शांति व सद्भाव बनाए रखने हेतु अपील की जा गई।

शांति एवं कानून व्यवस्था में खलल डालने वाले शरारती तत्वों को सख्त चेतावनी दी गई। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, प्रमुख चौराहों व मस्जिद के आसपास के क्षेत्रों में भ्रमण कर धर्मगुरुओं व आमजन से संवाद कर उन्हें सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त कराते हुए ईद-उल-फितर की नमाज को सकुशल सम्पन्न कराया गया।

## बज़्म ए ख्वातीन के 90वें ईद मिलन समारोह आयोजित



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** 1934 में स्थापित बज़्म ए ख्वातीन के 90वें ईद मिलन समारोह मे बडी संख्या में आई महिलाओ को संबोधित करते हुए बेगम शाहनाज सिदरत ने कहा कि तालीम ही ऐसा हथियार है जिस से हम अपनी किस्मत बदल सकते हैं क्यों कि घर का माहौल बदलने से पडोस बदलता है और फिर इसका असर समाज पर पडता है। देश पर पडता है लेकिन यह तालीम मूल्यों पर आधारित होना चाहिए। खेल से लेकर आसमान तक खवातीन ने अपना परचम लहरा दिया है। मगर उनकी बात सुनने वाला अभी तक कोई नही। अभी तक सरकार अफसर शाही और पारलियामेंट मे उनकी तादाद नही बढी जिनकी वह हकदार है। बाते नारे वादे सभी पार्टियां करती है लेकिन कोई भी अभी तक ख्वातीन को सुरक्षा का एहसास तक नही करा पाया है। आज भी घरेलू महिलाओ को इंसाफ की दरकार है। इस अवसर पर समीना अज़ीम, विशनुमति सेन और बज़्म ए ख्वातीन की अध्यक्ष बेगम शाहनाज सिदरत ने डा सुधा मिश्रा, श्वेता श्रीवास्तव अज़्ल, साजदा सबा, प्रिया सिंह और सारा ब्राज़ील को ऐज़ाज़े बज़्म एवार्ड दिया गया। ख्वातीन के मुशायरे में शायरात ने अपने कलाम से महिलाओ को मंत्रमुग्ध कर दिया। मेहर लखनवी, प्रिया सिंह, साजदा सबा, डा शाहिदा, श्वेता श्रीवास्तव अज़्ल, डा, सुधा मिश्रा के अशआर को बहुत पसंद किया गया। महिलाओ के कव्वाली प्रोग्राम में नीरजा श्रीवास्तव और साथियों ने समां बांध दिया। कार्यक्रम का संचालन डा शाहिदा सिद्दीकी ने किया।

# 'राष्ट्र को मजबूत बनाती भाषाएं'

- सीएम योगी बोले- राजनीतिक हितों के लिए भावनाओं को भड़का रहे नेता

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाषा को लेकर हो रही राजनीति की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि जिन राज्यों में नेता भाषा विवाद को बढ़ावा दे रहे हैं, वहां धीरे-धीरे गिरावट आ रही है। भाषा विवाद से निजी राजनीतिक लाभ तो लिया जा सकता है, लेकिन यह युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों पर बाधा बन सकता है।

मुख्यमंत्री योगी ने समाचार एजेंसी पीटीआई को दिए साक्षात्कार में भाषाओं पर खुलकर अपनी बात रखी। जब उनसे पूछा गया कि क्या उनका इशारा तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के स्टालिन की ओर है? इस पर उन्होंने कहा कि वे जो भी हैं, वे ऐसा कर रहे हैं। उनके पास कोई अन्य मुद्दा नहीं है। वे अपने राजनीतिक हितों को पूरा करने के लिए भावनाओं को भड़का रहे हैं। यही कारण है कि उन राज्यों में धीरे-धीरे गिरावट आ रही है। संकीर्ण राजनीति युवाओं के करियर को प्रभावित कर सकती है।

**भारत ने त्रिभाषा फॉर्मूला अपनाया :** मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़, बंगाली या मराठी जैसी भाषाएं राष्ट्रीय एकता की आधारशिला बन सकती हैं। उत्तर प्रदेश सरकार अपने छात्रों को तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़, बंगाली और मराठी जैसी भाषाएं सिखा रही है। क्या इससे उत्तर प्रदेश किसी भी तरह से छोटा लगता है? सभी का मानना है कि हिंदी का सम्मान किया जाना चाहिए, लेकिन भारत ने त्रिभाषा फॉर्मूला अपनाया है। यह त्रिभाषा फॉर्मूला सुनिश्चित करता है कि क्षेत्रीय भाषाओं को भी बराबर सम्मान मिले।

### काशी तमिल संगमम पहल सबसे अच्छा उदाहरण

बातचीत में मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि हर भाषा की अपनी विशेषता होती है, जो राष्ट्रीय एकता की आधारशिला बनती है। हर क्षेत्रीय भाषा की अपनी लोक परंपराएं और कहानियां होती हैं, जो राष्ट्र की विविधता को सामने लाती हैं। इसे मजबूत बनाती हैं। काशी तमिल संगमम पहल इसका सबसे अच्छा उदाहरण है। क्योंकि, यह भारत की सबसे पुरानी भाषाओं तमिल और संस्कृत को एक साथ लाती है।

## कल से शुरू होंगे जेईई मेन सेशन-2 के एग्जाम

**लखनऊ।** जेईई मेन सेशन-2 के एग्जाम्स कल से यानी 2 अप्रैल से शुरू हो रही हैं। अगर आप भी एग्जाम दे रहे हैं तो ये खबर आपके लिए है। शेड्यूल के अनुसार, जेईई मेन सेशन 2 की पेपर-1 परीक्षाएं (बीई/बीटेक) 2, 3, 4, 7 और 8 अप्रैल को आयोजित की जाएंगी। पेपर 2-ए (बी.आर्क) और 2-बी (बी प्लानिंग) की परीक्षा 9 अप्रैल को होंगी। आइए जानते हैं एग्जाम से जुड़ी जरूरी जानकारियों के बारे में।

पेपर 2 के ड्राइंग सेक्शन में शामिल होने वाले उम्मीदवारों को अपना खुद का सामान लाना होगा। जैसे की ज्योमेट्री बॉक्स सेट, पेंसिल, इरेजर और कलर पेंसिल या क्रेयॉन। ड्राइंग शीट पर वाटर कलर का इस्तेमाल नहीं करना है। मधुमेह के स्टूडेंट्स को शुगर टैबलेट्स, फल (जैसे- केले, सेब, संतरे) जैसे खाद्य पदार्थ रख सकते हैं और उन्हें ट्रांसपेरेंट पानी की बोतल ले जाने की अनुमति है।



पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डॉ. अम्मार रिजवी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर लॉर्ड खालिद हमीद एवं डॉ. सुलेमान भी उपस्थित रहे।

## भाकपा ने प्रतापगढ़ घटना की जांच रिपोर्ट जारी की

**लखनऊ।** भाकपा (माले) की राज्य इकाई ने प्रतापगढ़ जिले में रानीगंज थाना क्षेत्र के दुर्गागंज बाजार स्थित एक निजी अस्पताल में काम करने वाली दलित युवती (22 वर्ष) की ड्यूटी के दौरान गैंगरेप व हत्या की घटना की जांच के लिए गठित नौ सदस्यीय टीम की रिपोर्ट आज यहां जारी कर दी। राज्य सचिव सुधाकर यादव ने जांच रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि योगी सरकार में अपराध की घटनाएं चरम पर हैं। अपराधियों को मिल रहे संरक्षण के चलते महिलाओं व कमजोर वर्गों पर हिंसा की घटनाएं बढ़ रही हैं। गरीबों की आवाज दबा देने, पुलिस द्वारा मामले को उलट देने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई न होने से जनाक्रोश बढ़ रहा है। न्याय की मांग के लिए प्रतिवाद करने पर जनता का दमन हो रहा है। यूपी पुलिस निरंकुश हो गई है। प्रदेश में अपराधी-दबंग-पुलिस गठजोड़ राज है। आम जनता बेहाल है। दलितों, अल्पसंख्यकों और महिलाओं को खास निशाना बनाया जा रहा है। न्याय, मानवाधिकार, संविधान व लोकतंत्र की कोई पूछ नहीं बची है। भाकपा (माले) की राज्य समिति के सदस्य व एक्टू राज्य सचिव अनिल वर्मा के नेतृत्व में जांच टीम ने प्रतापगढ़ में रानीगंज थाना के बांसी अधारगंज गांव स्थित मृतका के घर जाकर शोक संतप्त परिवार से भेंट की। मृतका की दिव्यांग मां, छोटी बेटी व परिजनों ने बताया कि उनकी 22 वर्षीय बेटी मां मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल में चार साल से काम कर रही थी। उसके पिता की मौत लगभग 15 वर्ष पहले हो चुकी थी। बेटी गुरुवार (27 मार्च) की शाम साढ़े छह बजे साइकिल से ड्यूटी करने अस्पताल गई थी।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सीएमएस छात्र को गोल्ड मेडल

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अशर्फाबाद कैम्पस के प्रतिभाशाली छात्र लक्ष्य गुप्ता ने भारतीय सँस्कृति ज्ञान परीक्षा में गोल्ड मेडल अर्जित कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। यह प्रतिष्ठित परीक्षा गायत्री तीर्थ, शान्तिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित हुई। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. के इस प्रतिभाशाली छात्र ने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दिखा दिया है कि सी.एम.एस. छात्र सिर्फ किताबी ज्ञान में ही नहीं अपितु नैतिकता, आध्यात्मिकता व चारित्रिक उत्कृष्टता की अपनी सांस्कृतिक विरासत में भी महारत रखते हैं। इस परीक्षा में कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच लक्ष्य ने अपने ज्ञान-विज्ञान का शानदार प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल अर्जित किया। प्रतियोगिता के आयोजकों ने सी.एम.एस. छात्र के मानवीय व आध्यात्मिक सोच से परिपूर्ण विश्वव्यापी दृष्टिकोण की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र एवं गोल्ड मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इस प्रतिभाशाली छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की है। श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. सदैव ही विभिन्न रचनात्मक एवं सृजनात्मक प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपने छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा को निखारने के साथ ही जीवन में आगे ही आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित करता रहता है। सी.एम.एस. का लक्ष्य बच्चों को वर्ल्ड लीडर के रूप में तैयार करने वाली शिक्षा उपलब्ध कराना है। ताकि वे कल के विश्वव्यापी समाज का नेतृत्व अपने विकसित मानवीय दृष्टिकोण से कर सके।

## समर्पण इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज ने किया 'द ग्लोबल समिट 2025' का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** समर्पण इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज ने सफलतापूर्वक 'द ग्लोबल समिट 2025: नर्सिंग में नवाचार, अनुसंधान और डिजिटल हेल्थ को आगे बढ़ाने पर 5वां अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन' का आयोजन किया। यह तीन दिवसीय आयोजन 27 मार्च से 29 मार्च तक चला, जिसमें 24 वक्ताओं ने भाग लिया, जिनमें चार अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ भी शामिल थे। साथ ही, सम्मेलन में एक व्यापक पैनल चर्चा भी आयोजित की गई।

इस सम्मेलन की संपूर्ण योजना और संचालन आयोजन अध्यक्ष डॉ. दीप्ति शुक्ला के नेतृत्व में किया गया, जिनके समर्पण की सराहना समर्पण इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज के चेयरमैन डॉ. आर. एस. दुबे ने की। इस आयोजन में 25 से अधिक कॉलेजों के मालिक, प्राचार्य, संकाय सदस्य और छात्र उपस्थित रहे।

ट्रेंड नर्सेस एसोसिएशन ऑफ इंडिया की महासचिव एवलिन पी. कन्नन इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। समापन समारोह के दौरान, डॉ. आलोक के. श्रीवास्तव और TNAI के राज्य अध्यक्ष भी शामिल हुए। इस सम्मेलन में दुनियाभर से नर्सिंग विशेषज्ञ शामिल हुए, जिनमें ह्वास्-च, स्कूल ऑफ नर्सिंग यूनिवर्सिटी ऑफ पिट्सबर्ग, ERU यूडॉक्सिया यूनिवर्सिटी (यूएसए), और प्रमुख चिकित्सा संस्थान जैसे मेदांता, SGPGIMS, AIIMS, मैक्स ग्रुप, IGIMS पटना, DMIHER-वार्धा शामिल थे। इसके अलावा, यूपी स्टेट मेडिकल फैकल्टी जैसे सरकारी संगठन, भारतीय शैक्षणिक संस्थान जैसे RML कॉलेज ऑफ नर्सिंग और एरा यूनिवर्सिटी, और जॉन्स हॉपकिंस इंटरनेशनल एजुकेशन प्रोग्राम फॉर गायनेकोलॉजी एंड ओब्स्टेट्रिक्स जैसी NGOs भी इस सम्मेलन का हिस्सा बनीं। सम्मेलन में प्रस्तुत शोध कार्यों, उभरते रुझानों और कौशल-आधारित नवाचारों ने प्रतिभागियों को नर्सिंग क्षेत्र में नवीनतम प्रगति से अवगत कराया।

## लेक्सर ने भारतीय बाजार में दो प्रोफेशनल सिल्वर कार्ड लाइनअप पेश किए

अवधनामा संवाददाता




**लखनऊ।** लेक्सर के सिल्वर कार्ड लाइनअप में नए कार्ड 205MB/s की अधिकतम रीड स्पीड और 150MB/s की अधिकतम राइट स्पीड के साथ आते हैं, साथ ही 4K 60fps तक वीडियो रिकॉर्डिंग के लिए V30 रेटिंग भी दी गई है। राष्ट्रीय, 28th मार्च मेमोरी सॉल्यूशन में अग्रणी वैश्विक ब्रांड लेक्सर अपने प्रोफेशनल सिल्वर कार्ड लाइनअप में तीन नए कार्ड की घोषणा करते हुए उत्साहित है सिल्वर प्लस माइक्रो एसडीएक्ससीः यूएचएस-आई कार्ड और प्रोफेशनल सिल्वर एसडीएक्ससी यूएचएस-आई कार्ड। हाई-स्पीड परफॉरमेंस, टिकाऊपन और विश्वसनीयता के लिए इंजीनियर किए गए ये नवीनतम कार्ड फोटोग्राफरों, वीडियोग्राफरों और गेमिंग के शौकीनों के लिए आदर्श हैं, जो सहज डेटा ट्रांसफर और हाई-रिज़ॉल्यूशन कंटेंट कैप्चर की तलाश में हैं। असाधारण गति प्रदान करने के लिए डिज़ाइन की गई, नई लेक्सर सिल्वर सीरीज़ उपयोगकर्ताओं को 205MB/s तक की अधिकतम पढ़ने की गति और 150MB/s (प्रोफेशनल सिल्वर एसडीएक्ससी यूएचएस-आई कार्ड के लिए 140MB/s) की लिखने की गति प्राप्त करने में सक्षम बनाती है। V30 रेटिंग के साथ, ये कार्ड 60fps तक की सुचारू 4K वीडियो रिकॉर्डिंग सुनिश्चित करते हैं, जो उन्हें उच्च-गुणवत्ता वाले प्रदर्शन की मांग करने वाले पेशेवरों और सामग्री निर्माताओं के लिए एक उत्कृष्ट विकल्प बनाता है।

इन कार्डों को लेक्सर डुअल-स्लॉट SB-A/C रीडर के साथ जोड़ने से एक स्ड कार्ड और एक माइक्रो स्ड कार्ड दोनों को एक साथ पढ़ने की अनुमति मिलती है, जिससे वर्कफ़्लो दक्षता का अनुकूलन होता है।

लेक्सर सिल्वर सीरीज़ चरम वातावरण को सहने के लिए बनाई गई है। इसके अतिरिक्त, लेक्सर रिकवरी टूल उपयोगकर्ताओं को एक सुरक्षा जाल प्रदान करता है, जिससे वे गलती से हटाई गई फ़ाइलों को पुनर्प्राप्त कर सकते हैं, और यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि मूल्यवान फ़ोटो, वीडियो और अन्य डेटा सुरक्षित रहें। व्यापक संगतता के साथ, सिल्वर प्लस माइक्रो एसडीएक्ससीः यूएचएस-आई कार्ड अधिकतम बहुमुखी प्रतिभा के लिए अनुकूलित है।

## अवैध ई-रिक्शा और ऑटो वालों पर कसी जाएगी नकेल

**लखनऊ।** यात्रियों की सुरक्षा व सुगम यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत प्रदेश में अवैध ई-रिक्शा व ऑटो के विरुद्ध एक अप्रैल से अभियान संचालित किया जाएगा। 30 अप्रैल तक चलने वाले इस अभियान के तहत सभी ई-रिक्शा व ऑटो रिक्शा चालकों का सत्यापन भी किया जाएगा। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए नाबालिग वाहन चालकों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते दिनों हुई उच्च स्तरीय बैठक में आपराधिक घटनाओं में कुछ ऑटो रिक्शा व ई-रिक्शा चालकों की संलिप्तता पाए जाने पर पूरे प्रदेश में अभियान चलाने के निर्देश दिए थे।





